# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 । वर्ष -69 । अंक -100 पृष्ठ -12 । मूल्य - 3.00 रु.

■ दिल्ली में कांग्रेस से बड़ी...
■ चुनाव आयोग के साथ... 04
■ हिन्दुओं पर हमलों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश...
■ ज्यादा दूर नहीं तीसरा विश्व युद्ध, लेकिन... 09
■ बीमा भुगतान में बड़ा बदलाव, यूपीआई से होगा...
■ पीएनबी ने लोन पर ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत... 11
■ चोट के बाद भरोसा नहीं...
■ दिल्ली कैपिटल ने... 10

सार संक्षेप

## पुणे में जीबीएस से दहशत, अब 11 ने तोड़ा दम

**पुणे, ( एजेंसियां )।** महाराष्ट्र के पुणे में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। अब तक 183 मरीजों में जीबीएस का उपचार किया गया है, जबकि 28 मामले संदिग्ध जीबीएस के हैं। इस बीमारी के कारण कुल 11 मौतें हो चुकी हैं, जिनमें से 4 मौतों की वजह जीबीएस को बताया जा रहा है, जबकि 7 मौतें संदिग्ध हैं। इन मरीजों में से 42 मरीज पुणे नगर निगम, 94 मरीज पुणे नगर निगम क्षेत्र के, 32 मरीज पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम, 33 मरीज पुणे ग्रामीण क्षेत्र और 10 अन्य जिलों से हैं। अब तक 144 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है, जबकि 36 मरीज आईसीयू में भर्ती हैं और 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं।

## मुर्मु, धनखड़ से मिले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश

**नई दिल्ली।** नवनियुक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति द्रौपती मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। श्री कुमार ने बुधवार को भारत के 26वें मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभाला था। निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार श्री ज्ञानेश कुमार ने दोनों नेताओं से शिष्टाचार के तौर पर भेंट की है। ज्ञानेश कुमार ने श्री राजीव कुमार का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल मंगलवार को समाप्त हो गया था।




बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-राहुल कह रहे हैं कि- बसपा प्रमुख मायावती भाजपा की बी टीम की तरह काम कर रही हैं।

**चुहिया- हां प्रिये**- अलग-अलग राज्यों का अलग-अलग हाल है। अभी हाल ही में दिल्ली में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को भाजपा की बी टीम बता रही थी।

### हाईकोर्ट न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला

# लोकपाल के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

### शीर्ष अदालत ने लोकपाल के इस आदेश को बहुत ही परेशान करने वाला बताया

**नई दिल्ली,(एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल के उस आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी जिसमें कहा गया है कि हाईकोर्ट के मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत के मामले की जांच उसके (लोकपाल) अधिकार क्षेत्र में आता है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, सूर्य कांत और अभय एस ओका की पीठ ने रोक लगाते लोकपाल के इस आदेश को 'बहुत ही परेशान करने वाला' बताया और कहा कि वह इस संबंध में कानून बनाएगी, क्योंकि सभी न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के तहत ही होती है। पीठ ने शिकायतकर्ता को शिकायत की विषय-वस्तु या न्यायाधीश का नाम उजागर न करने का भी आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और कहा कि वह होली की छुट्टी के बाद इस पर विचार करेगी।

एक हाईकोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश और एक अतिरिक्त न्यायाधीश के खिलाफ दायर भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच के लिए लोकपाल की ओर से भारत के मुख्य न्यायाधीश से मार्गदर्शन मांगने पर शीर्ष अदालत ने स्वत: संज्ञान मामला दर्ज कर सुनवाई की। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली




### इस मामले में केंद्र को नोटिस जारी किया

लोकपाल पीठ ने 27 जनवरी 2025 के आपने आदेश में कहा था कि हाईकोर्ट के न्यायाधीश पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र के अधीन होंगे।

**यह था लोकपाल का आदेश-** लोकपाल ने 27 जनवरी को अपने आदेश में कहा, हम यह स्पष्ट करते हैं कि इस आदेश के द्वारा हमने एक विलक्षण मुद्दे पर अंतिम रूप से निर्णय लिया है कि क्या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 2013 के अधिनियम की धारा 14 के दायरे में आते हैं। न अधिक और न ही कम। इसमें हमने आरोपों की योग्यता पर बिल्कुल भी गौर नहीं किया है। इसके बाद लोकपाल ने एक उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश और एक अतिरिक्त न्यायाधीश के खिलाफ दायर शिकायतों पर विचार करने के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश से मार्गदर्शन भी मांगा था।

### इस पर कानून बनाना चाहिए: सिब्बल

सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इस संबंध में कानून बनाया जाने के पक्ष में दलील दी और कहा कि आदेश (लोकपाल के) पर रोक लगाना आवश्यक है। वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय लोकपाल अधिनियम, 2013 के दायरे में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे निर्णय हैं जिनमें कहा गया है कि उच्च न्यायालयों का गठन पहले के अधिनियम द्वारा किए जाने से न्यायाधीशों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आएगा। इस मामले में एक ही शिकायतकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के एक वर्तमान अतिरिक्त न्यायाधीश (नाम संशोधित) के खिलाफ दो शिकायतें दायर की गई थीं जिनमें आरोप लगाया गया था कि नामित न्यायाधीश ने राज्य में संबंधित अतिरिक्त जिला न्यायाधीश और उसी उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश को (जिन्हें एक निजी कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता के खिलाफ दायर मुकदमे से निपटना था) उस कंपनी के पक्ष में प्रभावित किया था। यह आरोप लगाया गया था कि निजी कंपनी पहले नामित उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की मुवक्किल थी, जबकि वह अधिवक्ता के रूप में वकालत कर रहे थे।

# मुख्यमंत्री प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अंतरित करेंगे लैपटॉप की राशि

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 21 फरवरी को प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप की राशि अंतरित करेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रात: 10.30 बजे भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती सभागार में होगा। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले 89 हजार 710 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सिंगल क्लिक से उनके बैंक खातों में 224 करोड़ रूपये की राशि भी अंतरित करेंगे।



◆ 89 हजार 700 से अधिक विद्यार्थियों के खाते में सीधे पहुँचेगी 224 करोड़ रूपये की राशि
◆ भोपाल के प्रशासन अकादमी में 21 फरवरी को होगा कार्यक्रम

ये विद्यार्थी वर्तमान में उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययन कर रहे हैं। प्रत्येक प्रतिभाशाली विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिये दी जा रही है। कार्यक्रम में भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर और सांसद आलोक शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।

### मुख्यमंत्री आज करेंगे जैविक खेती पर कार्यशाला का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 फरवरी को प्रात: 10.30 बजे राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण केन्द्र बरखेड़ी कलां, भोपाल में जैविक खेती पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना भी उपस्थित रहेंगे। कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग को हतोत्साहित करने के लिये जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। इस उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

## मोदी का भोपाल में पहली बार रात्रि विश्राम



### 23 फरवरी को मंत्रियों-विधायकों से करेंगे सीधी चर्चा

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में पहली बार ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस) का 24 फरवरी से आयोजन होने जा रहा है। इसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। मोदी एक दिन पहले भोपाल आएंगे और पहली बार रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को भोपाल में भारतीय जनता पार्टी के विधायकों, सांसदों और मंत्रियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे।

यह बैठक कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में शाम को आयोजित होगी और करीब दो घंटे चलेगी। खास बात यह है कि यह पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री मोदी राज्य के मंत्रियों और विधायकों के साथ इस तरह की सीधी चर्चा करेंगे। साथ ही उनके साथ डिनर करेंगे। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल का शिलान्यास करेंगे।

### रायबरेली से राहुल का बड़ा बयान-

## अगर मायावती ने साथ दिया होता तो भाजपा नहीं जीतती

**रायबरेली, ( एजेंसियां )।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो दिन के दौरे पर गुरुवार को रायबरेली पहुंचे हैं। यहां दलित छात्रों से संवाद के दौरान उन्होंने मायावती को लेकर बड़ा बयान दिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मूल भारती छात्रावास में कहा, मेरा सवाल है, बहनजी (मायावती) आज तक कोई चुनाव ठीक से क्यों नहीं लड़ीं? हम चाहते थे बहनजी बीजेपी के विरोध में मेरे साथ चुनाव लड़े। अगर तीनो पार्टियां एक साथ हो जाती तो बीजेपी कभी चुनाव न जीतती।



◆ कहा- मायावती भाजपा की बी टीम बनकर काम कर रहीं

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मायावती बीजेपी की बी टीम बनकर काम कर रही हैं। देश के संविधान में दलितों के योगदान का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि डॉ. बीआर अंबेडकर के पास सुविधाओं का अभाव था, फिर भी उन्होंने पूरी राजनीतिक व्यवस्था को हिलाकर रख दिया था। देश की बड़ी 500 फर्मों में शामिल कुछ शीर्ष निजी कंपनियों का नाम लेते हुए राहुल गांधी ने युवाओं से पूछा कि उनमें से कितनी कंपनियों के प्रमुख दलित हैं। कांग्रेस सांसद ने दावा किया कि पूरी व्यवस्था दलितों के खिलाफ है और नहीं चाहती कि वे आगे बढ़ें।

# रेखा गुप्ता ने संभाली दिल्ली की बागडोर

### आशीष, मनजिंदर, रविंद्र, कपिल और पंकज बनाए गए मंत्री



### प्रधानमंत्री मोदी समेत कई राजग नेता रहे मौजूद

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पुरानी कार्यकर्ता भाजपा नेता रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार की बागडोर संभाली।

रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने श्रीमती गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्रीमती गुप्ता शालीमार बाग से भाजपा की विधायक चुनी गई हैं।

### बोलीं-जनता के एक-एक रुपए का हिसाब देना होगा

श्रीमती गुप्ता के बाद क्रमश: नई दिल्ली विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराकर विधायक बने प्रवेश साहिब सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद सर्वश्री आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। पद संभालते ही मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि- जनता के एक-एक पैसे का हिसाब देना होगा।

### कई राज्यों के मुख्यमंत्री रहे मौजूद

मंच पर असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे और अजीत पवार, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा ब्रजेश पाठक, बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्वोत्तर के नेतागण दिल्ली के सभी सांसद, महापौर तथा केन्द्रीय मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड के नेता राजीव रंजन सिंह ऊर्फ लल्लन सिंह उपस्थित थे।

### भारत सरकार की बड़ी कार्रवाई

# 100 से ज़्यादा विदेशी ऐप्स किए ब्लॉक

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत सरकार ने गूगल प्ले स्टोर को 119 विदेशी एपीपीएस को ब्लॉक करने का आदेश दिया है। इनमें से अधिकतर वीडियो और वॉइस चैट ऐप्स हैं और चीन और हांगकांग से जुड़ी हुई हैं। मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी ने आईटी एक्ट के सेक्शन 69 के तहत इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। यह सेक्शन सरकार को ऐसे कंटेट या प्लेटफॉर्म को ब्लॉक करने का अधिकार देता है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था के लिए खतरा हो सकता है।

### भारत सरकार ने 119 विदेशी ऐप्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया

सरकार ने गूगल प्ले स्टोर को जिन ऐप्स को ब्लॉक करने का आदेश दिया है, उनमें से कुछ सिंगापुर, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया आदि से भी जुड़ी हुई हैं। मनीकंट्रोल के मुताबिक, आदेश के बावजूद अभी तक 119 में से केवल 15 ऐप्स को हटाया गया है और बाकी अभी भी डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। इनमें से कुछ ऐप्स के डेवलपर्स ने कहा है कि उन्हें गूगल ने इस बारे में सूचित कर दिया है और वो इस मुद्दे को सुलझाने के लिए भारत सरकार के साथ काम करने को तैयार हैं। ब्लॉक होने वाली ऐप्स में चेंज, हनी केम और चिल चैट जैसे ऐप्स शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कई डेवलपर्स ने गूगल से इस बारे में जानकारी मिलने की बात कही है, लेकिन वो इस बारे में और स्पष्टीकरण की उम्मीद कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस आदेश से उनके बिजनेस के साथ-साथ यूजर्स भी बड़ा असर पड़ेगा। इनमें से कुछ ने कहा है कि वो भारत सरकार के साथ काम करने को तैयार हैं।

2020 में चीन के साथ तनाव बढ़ने के बाद भारत सरकार ने चाइनीज ऐप्स पर कड़ी कार्रवाई की थी। सरकार ने अलग-अलग मौकों पर आदेश जारी कर 100 से अधिक चाइनीज ऐप्स को ब्लॉक कर दिया था। इनमें टिकटॉक, यूसी ब्राउजर और पबजी आदि ऐप्स शामिल थीं। हालांकि, इनमें से कुछ अब वापस आ गई हैं।






शर्मनाक

### सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर फिर लगा काला टीका

# शव वाहन का चालक गायब रहा, तीन किमी कंधे पर ढोना पड़ी लाश

**सीधी।** कभी साधनों की कमी तो कभी स्टाफ का टोटा या फिर जिम्मेदारों की लापरवाही आए दिन ऐसे शर्मनाक मामले सामने लाती है जो सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के मुंह पर एक और काला टीका लगा देती है।

सीधी जिले से एक बार फिर इंसानियत को झकझोर देने वाली तस्वीरें सामने आईं। यहां एक मृत युवक का शव परिजनों को मजबूरी में बांस-बल्ली के सहारे कंधे पर तीन किलोमीटर पैदल ले जाना पड़ा। यह हृदयविदारक दृश्य सरकारी व्यवस्थाओं की असलियत को उजागर करता है। 'ऊंची हवेली' निवासी 22 वर्षीय छोटेलाल कोल लंबे समय से टीबी से पीड़ित था। बुधवार रात जिला अस्पताल में उसका निधन हो गया। रात करीब 11 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। उसके बाद परिजनों ने




शव वाहन की मांग की। अस्पताल प्रबंधन ने वाहन चालक का नंबर तो दे दिया, लेकिन जब रात एक बजे तक वाहन नहीं पहुंचा। मजबूर परिजनों ने खुद ही शव को कंधे पर रखकर घर तक पहुंचाने का फैसला किया।

**अस्पताल में वाहन होते हुए भी नहीं मिली सुविधा**-जिला अस्पताल में तीन शव वाहन उपलब्ध हैं, जिनमें से एक खराब है। दो चालू हालत में हैं। प्रशासन के अनुसार एक वाहन दिन में और दूसरा रात में शव ले जाने के लिए लगाया गया है। उस रात शव वाहन का चालक उपलब्ध नहीं था, जिससे यह दु:खद स्थिति उत्पन्न हुई।

इस घटना पर सिविल सर्जन डॉ. दीपारानी इसरानी ने कहा कि मुझे इस मामले की कोई जानकारी नहीं दी गई थी। संभवत: चालक किसी और शव को लेकर गया होगा। इसलिए वाहन उपलब्ध नहीं हुआ। सवाल यह उठता है कि जब अस्पताल में शव वाहन मौजूद था तो फिर परिजनों को क्यों नहीं दिया गया? प्रशासन की इस लापरवाही ने न सिर्फ सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि एक गरीब परिवार को अपने बेटे का शव कंधे पर उठाने को मजबूर कर दिया। यह कोई पहली घटना नहीं है, जब किसी गरीब को शव वाहन न मिलने पर इस तरह शव ले जाना पड़ा हो। ऐसे मामले बार बार संज्ञान में आने के बाद भी जिम्मेदार दोहराव रोकने पर ध्यान नहीं देते, जो और ज्यादा शर्मनाक है।


डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022

# देश-विदेश



## श्रीलंका की नौसेना ने तमिलनाडु के 10 मछुआरों को पकड़ा

**रामनाथपुरम।** श्रीलंका की नौसेना ने अपने जलक्षेत्र में अवैध शिकार के आरोप में तमिलनाडु के 10 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है और तीन ट्रॉलर भी जब्त कर लिए हैं। मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को यहां बताया कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने बुधवार रात तब गिरफ्तार किया, जब वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास समुद्र में मछली पकड़ने की गतिविधियों में लगे हुए थे। मछुआरे कल सुबह रामेश्वरम से मछली पकड़ने वाली जेटी से रोजाना की तरह मछली पकड़ने के लिए समुद्र में गए थे।

### उप्र सरकार का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश

## योगी सरकार ने पेश किया 8.08 लाख करोड़ का बजट

- इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, और एआई योगी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में
- 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी' की जाएगी स्थापना
- 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य तय

**लखनऊ, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के बहुमुखी विकास के लिए विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपए का ऐतिहासिक बजट विधानसभा में पेश किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने भरे सदन में प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। प्रस्तुत बजट वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। बजट में जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। उम्मीद की जा रही है कि इससे राज्य के विकास को गति मिलेगी। विधानसभा सदन में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को



ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के अब तक के सर्वाधिक बड़े बजट में अवस्थापना विकास के लिए 22 प्रतिशत, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में 6 प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए 4 प्रतिशत एवं संसाधन आवंटित किए गए हैं। बजट में पूँजीगत परिव्यय कुल बजट का लगभग 20.5 प्रतिशत है। प्रदेश में बुनियादी ढांचे और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने बजट का 22 प्रतिशत हिस्सा निर्धारित किया है। इसमें सड़क निर्माण, औद्योगिक विस्तार, परिवहन व्यवस्था और निवेश को आकर्षित करने जैसी योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है।

**शिक्षा के लिए 13 फीसदी बजट तय**-योगी सरकार ने शिक्षा को और मजबूत बनाने के लिए 13 प्रतिशत बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए निर्धारित किया है। इसमें प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासेस स्थापित करने का प्रस्ताव है। साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेजों में डिजिटल लाइब्रेरी और स्मार्ट क्लासेस शुरू करने की योजना भी शामिल है। इसके अलावा प्रदेश में शोध और विकास को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं बजट में प्रस्तावित हैं।

**58 नगर निकायों को बनाया जाएगा आदर्श स्मार्ट** - वित्त मंत्री खन्ना ने बताया कि प्रदेश के 58 नगर निकायों को 'आदर्श स्मार्ट नगर निकाय' के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें प्रत्येक नगर निकाय को 2.50 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी, जिससे कुल 145 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन शहरों में आधुनिक सुविधाएँ, तकनीकी नवाचार और स्वच्छता प्रबंधन को प्राथमिकता दी जाएगी।

### जगतगुरू सतीशाचार्य के मार्गदर्शन में

## संस्कृति विश्वविद्यालय में सनातन धर्म और शिक्षा पर होगा शोध

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कृति विश्वविद्यालय की शिक्षा समिति ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विश्वविद्यालय में सनातन पर शिक्षा और शोध कराने का निर्णय लिया है। इस विशेष शिक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जगदगुरू रामानंदाचार्य प्रेमेश्वर पीठाधीश्वर के स्वामी जगतगुरू सतीशाचार्य महाराज को प्रो. चांसलर नियुक्त किया है। जिसे जगतगुरू जी ने आज आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया। जगतगुरू के इस निर्णय से उनके अनुयायियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

समूचा हिन्दू समाज गुरूदेव के इस निर्णय पर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जगतगुरू स्वामी सतीश आचार्य की विद्वता, ज्योतिष शास्त्र में निपुणता, वेद-पुराण पर वर्षो से किए गए शोध को देखते हुए संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सचिन गुप्ता का निर्णय समूचे सनातनियों, वैष्णवों एवं धर्म में अभिरूचि लेने वाले तमाम लोगों के लिए अनूठा व सराहनीय कदम है। संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि



जगतगुरू सतीशाचार्य के निर्देशन और देखरेख में यह महत्वपूर्ण और सामाजिक कार्य किया जाएगा। बताते चले कि जगतगुरू सतीशाचार्य महाराज को सनातन के ऊपर विशेष ज्ञान प्राप्त है और बड़े-बड़े आयोजनों में वे अपने व्याख्यान देते रहते हैं अभी हाल ही में उन्होंने एक बड़ी सभा में कुंभ क्या है, इसका क्या महत्व है, सनातन धर्म में गंगा, यमुना, सरस्वती और त्रिवेणी की क्या महिमा है, और कुटुंब प्रबंधन पर इसका क्या प्रभाव और लाभ है इसका व्याख्यान कर अपने ज्ञान से सबको लाभांवित किया था।

सतीशचार्य महाराज वैदिक शास्त्र प्राचीन ज्योतिष अंक शास्त्र के ज्ञाता है वर्षो की गहन-तपस्या के इन्होंने अनेक सिद्धियां प्राप्त की जिसके आधार पर ये सनातन धर्म को और भी बेहतर तरीके से जानते हैं उम्मीद ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि इनके मार्गदर्शन से सनातन धर्म की गूढ़ बातों की जानकारी लोगों होगी और जिन चीजों से अभी हिन्दू समाज अनभिज्ञ है उनको शोध के द्वारा वैज्ञानिक तरीके से समझाई जाएगी जिससे वे सनातन धर्म को भली भांति समझ सके। संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.एमबी चेट्टी, सीईओ डॉ. श्रीमती मीनाक्षा शर्मा आदि ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सनातन की शिक्षा और शोध कराने की सोच को साधुवाद दिया है।


### कार्यालय आबकारी आयुक्त, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

चतुर्थ तल, संयुक्त राजस्व भवन, नीडम रोड, चन्द्रवदनी नाका, ग्वालियर
E-mail: ec.ecogwl@mp.gov.in Ph.: 0751-2452810

ग्वालियर, दिनांक 20.02.2025

**- विज्ञप्ति -**

मध्यप्रदेश शासन की आबकारी नीति वर्ष 2025-26, जो कि मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 47 दिनांक 14 फरवरी 2025 में प्रकाशित की गई है, के अनुक्रम में सर्वसाधारण की जानकारी एवं आबकारी के फुटकर ठेकेदारों की विशेष जानकारी के लिये यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि-

वर्ष 2025-26 हेतु मदिरा दुकानों/समूहों के निष्पादन की प्रक्रिया (नवीनीकरण/लॉटरी/ई-टेण्डर/ई-टेण्डर कम ऑक्शन) में भाग लेने हेतु समस्त प्रकार के आवेदकों (व्यक्ति/कंपनी/फर्म/लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) आदि) को ई-आबकारी पोर्टल (https://eaabkari.mp.gov.in/) पर कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल के अंतर्गत पंजीयन एवं अनुमोदन कराना अनिवार्य होगा। उक्त अनुमोदित पंजीयन के अभाव में आवेदक द्वारा मदिरा दुकानों / समूहों के निष्पादन की प्रक्रिया में भाग नहीं लिया जा सकेगा।

पंजीयन हेतु पोर्टल पर 1000/- रूपये के आवेदन शुल्क का भुगतान किया जाना होगा। उक्त पंजीयन प्रक्रिया अत्यंत सरल है, जिस हेतु आवेदक को अपनी फोटो, व्यक्तिगत पहचान हेतु निर्धारित अभिलेख, निवास स्थान के पते के प्रमाणीकरण हेतु निर्धारित अभिलेख, पैनकार्ड, बैंक विवरण एवं पोर्टल से प्राप्त निर्धारित प्रारूप में शपथ-पत्र पोर्टल पर अपलोड किया जाना होगा। उक्त पंजीयन में पैन कार्ड (PAN) के आधार पर आवेदक के नाम का पोर्टल के माध्यम से स्वतः सत्यापन किया जाएगा।

पंजीयन संबंधी विस्तृत जानकारी आबकारी विभाग के किसी भी जिला कार्यालय तथा विभागीय वेबसाईट (https://excise.mp.gov.in/) से प्राप्त की जा सकती है।

स्वच्छता ही सेवा

G-23288/24

(अभिजीत अग्रवाल)
आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश



## निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**भवन हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक -533 श्री वीरन साहू पिता श्री सीताराम साहू के नाम आवंटित है. जिसका विक्रय विलेख दिनांक 02.02.2013 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री वीरन साहू पिता श्री सीताराम साहू ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29.01.2025 के माध्यम से श्रीमती रजनी सेन पति श्री संदीप सेन को विक्रय किया है। श्रीमती रजनी सेन पति श्री संदीप सेन द्वारा उक्त भूखण्ड अपने नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर


## भारत-बांग्लादेश के सीमा बल गश्त बढ़ाएंगे

### 55वें महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन में बनी सहमति

**नई दिल्ली,(एजेंसियां)।** भारत और बांग्लादेश के सीमा प्रहरियों ने भारतीयों बलों पर बंगलादेशी आपराधिक तत्वों के हमलों को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में देर रात से सुबह तक समन्वित गश्त बढाने, सतर्कता बढाने और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को दोहराया है।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और बांग्लादेश के बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के 55वें महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन में गुरुवार को यह सहमति बनी। अगला सम्मेलन आगामी जुलाई में ढाका में होगा। बैठक में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के मुद्दों पर चर्चा की और सभी स्तरों पर निरंतर, रचनात्मक और सकारात्मक बातचीत के माध्यम से मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दोनों ही पक्ष, सम्मेलन के निर्णयों को सच्ची भावना से जमीनी स्तर पर लागू करने पर सहमत हुए।

दोनों देशों के रिश्तों को और प्रगाढ़ करने तथा सौहार्द के उच्चतम स्तर को बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों बल के महानिदेशकों ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि बांग्लादेशी अपराधियों और उपद्रवियों द्वारा सीमा सुरक्षा बल सदस्यों पर हमले की घटनाओं पर, दोनों पक्ष विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में समन्वित गश्त बढ़ाने (देर रात से सुबह के समय) को राजी हुए। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा के उल्लंघन के संबंध में सीमावर्ती आबादी को जागरूक करने का भी निर्णय लिया।

### भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग वाले ट्रंप के बयान पर सियासत

## कांग्रेस की मांग- श्वेत पत्र लाए सरकार

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर सवाल उठाए हैं। अब इसे लेकर भारत की राजनीति गरमा गई है। अब कांग्रेस ने मांग की है कि भारत सरकार को अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी की ओर से सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को दिए गए समर्थन पर श्वेत पत्र लाना चाहिए। साथ ही कांग्रेस ने ट्रंप के दावों को बेतुका करार दिया है। ट्रंप के बयान के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि यूएसएआईडी इन दिनों काफी चर्चा में है। इसकी स्थापना 3 नवंबर 1961 को हुई थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए जा रहे दावे कम से कम कहने के लिए तो बेतुके हैं। फिर भी भारत सरकार को जल्द से जल्द एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए जिसमें दशकों से भारत में सरकारी और गैर-सरकारी दोनों संस्थानों को यूएसएआईडी द्वारा दिए गए समर्थन का विवरण हो।

**ट्रंप ने यह कहा था** -राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए। हमें इस बारे में भारत सरकार को बताना चाहिए...यह चौंकाने वाला है। भारत के पास पहले से ही काफी पैसा है। वे सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देश हैं। हम मुश्किल से उनके बाजार में अपना सामान भेज पा रहे हैं क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं। मैं भारत और उनके प्रधानमंत्री का सम्मान करता हूं, लेकिन भारत के चुनाव में 2.1 करोड़ की फंडिंग देने का क्या मतलब है? यहां के मतदान प्रतिशत का क्या?

**सरकारी दक्षता विभाग ने किया था खुलासा**-हाल ही में एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग ने खुलासा किया है कि अमेरिका द्वारा दुनियाभर के देशों को फंडिंग देने वाली एजेंसी ᵕᵕᵕᵕ के जरिए भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर का योगदान दिया गया। सरकारी दक्षता विभाग ने फिलहाल यूएसएआईडी द्वारा की जाने वाली अधिकतर फंडिंग पर रोक लगा दी है।

**बांग्लादेश को भी फंडिंग कर रही थी अमेरिका सरकार**-दक्षता विभाग ने ये भी बताया है कि अमेरिकी सरकार बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता को मजबूत करने के नाम पर 2.9 करोड़ डॉलर की भी वित्तीय मदद दे रही थी। ट्रंप ने मियामी के कार्यक्रम में ये भी बताया कि अमेरिका सरकार जैव विविधता संरक्षण के नाम पर नेपाल को भी 1.9 करोड़ डॉलर की फंडिंग कर रही है। इसके अलावा एशिया में शिक्षण परिणामों में सुधार के लिए 4.7 करोड़ डॉलर भी दिए जा रहे थे।


### IDBI BANK

आईडीबीआई बैंक लि., डब्ल्यूटीसी कॉम्पलेक्स, कफ परेड, मुम्बई, Website: www.idbibank.in
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, त्रिलोक, तल मंजिल, सूर्या होटल के सामने, राईट टाउन, जबलपुर (म.प्र.) 482002

**अचल संपत्ति के लिए कब्जे की सूचना नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीबीआई बैंक लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 की 54) की धारा 13(12) सपठित नियम 3 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये मांग नोटिस दिनांक **28 नवम्बर 2024 को उधारकर्ता श्रीमती संध्या बैरागी (उधारकर्ता और बंधककर्ता) और श्रीमती अंकिता शर्मा (जमानतदार)** को नोटिस में उल्लिखित रु. **24,74,470/- (चौबीस लाख चौहत्तर हजार चार सौ सत्तर रुपये मात्र)** 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था चूंकि उक्त उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार उल्लेखित राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं । अतः खासतौर पर उक्त उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार को और सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूती हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 13 की उपधारा (4) में निहित अधिकारो के प्रत्यायोजन स्वरूप नीचे उल्लेखित सम्पत्ति पर दिनांक **15 फरवरी 2025** को कब्जा ले लिया है। एतद् द्वारा उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार को विशेष एवं जन साधारण को सामान्य रूप से सचेत किया जाता है उक्त संपत्ति विष्यक में कोई संव्यवहार न करें एवं इस सम्पत्ति पर किया गया कोई भी व्यवहार राशि **रु. 24,74,470/- (चौबीस लाख चौहत्तर हजार चार सौ सत्तर रुपये मात्र)** एवं उस पर देय ब्याज हेतु आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के अधीन रहेगी । उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मोचन में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

**संपत्ति का विवरण**

अचल सम्पत्ति के समस्त भू-भाग जो निम्न विवरण में शामिल है, मौजा - बदनपुर, प्लाट नंबर - 09, प्लाट एरिया 1075 वर्गफुट, निर्माण क्षेत्र भूतल 664 वर्गफुट, कृष्णा हिल्स, खसरा नंबर - 98/3/1, 121/2/K, क्र.सं. - 48, पी. एच. नं. 28/33 (पुराना), 7 (नया), बाबा मंदिर के पास, शहीद गुलाब सिंह वार्ड, जिला - जबलपुर, मध्य प्रदेश (श्रीमती संध्या बैरागी के नाम पर)
और जिसकी सीमा इस प्रकार है - पूर्व - सड़क, पश्चिम- खुली भूमि (श्री शिव चरण), उत्तर- प्लाट नंबर 10, दक्षिण- प्लट नंबर 08
उस पर मौजूद वर्तमान और भविष्य की सभी एवं पृथक-पृथक संरचनायें और निर्माण दोनो साथ साथ इस में शामिल है।

स्थान : जबलपुर, दिनांक - 21/02/2025

अधिकृत अधिकारी
आईडीबीआई बैंक लि.



### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार ए. यू. स्माल फायनेन्स बैंक शाखा जबलपुर के प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, मेरे पक्षकार बैंक, हितग्राही मेसर्स श्री दादाजी बोरवेल एण्ड पेट्रोलियम द्वारा श्रीमती गायत्री दाहिया पत्नि श्री शंकरलाल दाहिया निवासी टंकी मोहल्ला, भगत सिंह वार्ड नं. 12 लखनादौन सिवनी की संपत्ति मौजा लखनादौन प.ह.नं. 77/39 नं.बं. 671 खसरा नं. 293/6 रकवा 1500 वर्गफीट तहसील लखनादौन जिला सिवनी को बंधक कर मेरे पक्षकार से के नाम से ऋण प्राप्त कर रही हैं उक्त संपत्ति का रजि. लिंक विक्रय पत्र दिनांक 16.11.2012 ग्रन्थ नं. 1996 दस्तावेज नं. 1653 पूर्व में गुम हो गया है उक्त संपत्ति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी/गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को ऋण सुरक्षा में बंधक / रहन/गिरवी में किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी का कोई हक्क, हिस्सा, दावा उक्त जायदाद पर हो, तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 03 दिनों के अन्दर मेरे समक्ष / मेरे पक्षकार के समक्ष मय दस्तावेजों सहित, लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति को ऋण सुरक्षा में बंधक कर ऋण स्वीकृत किये जाने की कार्यवाही की जावेगी, तत्पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जबलपुर, दिनांक 19.02.2025

बृजेन्द्र बड़गैयां (अधिवक्ता)
कार्या.- 823 शाहीनाका, गढ़ा जबलपुर
मो.नं. 7999056327



### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स गुडलक केपीटल सर्विसेस 21, पोददार हाउस, आई.डी.बी.आई. बैंक के पास, राइट टाउन, जबलपुर पार्टनरशिप फर्म है, जो कि फर्म एंड सोसायटी के अन्तर्गत 31.03.2004 में पजींकृत है जिसमें निम्न पार्टर थे । 1. श्री अनीश शाह 2.श्री राजीव वेगड, दिनांक 31.3.2014 को पार्टनर क्रमांक 1 श्री अनीश शाह अपनी स्वेच्छा से फर्म से सेवा निवृत हो गये है एवं दिनांक 1 अप्रैल 2014 से मेसर्स गुडलक केपीटल सर्विसेस में पार्टनरों में निम्न परिवर्तन हुये है। 1. श्री राजीव वेगड 2. श्री सपन वेगड एवं फर्म तथा मेसर्स गुडलक केपीटल सर्विसेस का आफिस अब आर. के. टॉवर, द्वितीय तल, दुकान क्रमांक 201 राइट टाउन, जबलपुर हो गया है। दिनांक 20 फरवरी 23 को नेशनल स्टाक एक्स्चेंज द्वारा एक सरकुलर जारी किया गया था जिसमें कुछ चुने हुए शब्द में आपित्त लगा दी गयी है इसलिए अब इस पार्टनरशिप फर्म मेसर्स गुडलक केपीटल सर्विसेस का नाम दिनांक 16 मार्च 2023 से मेसर्स गुडलक एसोसियेट हो गया है आमजन एवं सर्वजन को सूचित हो ।

र.नं. 3098

वीरेंद्र अग्रहरि (अधिवक्ता)
एम.कॉम., एल.एल.बी.,एमबीए.
एडवोकेट और कर सलाहकार
282, सफारा वार्ड.दरहाई
जबलपुर (मु.प्र.) 482002
मोबाइल- 9827326992,7999397711



### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर

रा.प्र.क्रं/2014/अ-6/2024-25

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुकेश कुमार गुप्ता स्व. एस.सी. गुप्ता एवं अन्य निवासी एम.पी.ई. बी. क्लास 1 ऑफीसर को-आपरेटिव सोसायटी शिलाकुंज कालोनी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक .... के माध्यम से मौजा नयागांव नं.ब. 726 प.ह.नं. 08 ख. नं. 6/3/1 प्लाट नं. 8 रकवा 19900 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र, वसीयतनामा/ हस्तान्तरण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 05/3/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19/02/2025 को जारी।

जारी दिनांक- 19/02/2025
पेशी दिनांक- 05/03/2025

र.नं.- 3086

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर



### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/1583/अ-6/2024-2025

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वंदना व्यौहार/ स्व. प्रवीण कुमार व्यौहार नि. -1918/1 ए सुविधा मार्केट के पीछे ने नजूल ब्लाक नं. 04 प्लाट नं. 27/2 निर्मित रकवा 145 /व.फु./अवि. हिस्सा .... ग्राम सि. स्टेशन प.ह.नं..... खसरा नं.... रकवा 145 वर्गफुट/हे. विक्रय पत्र/हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक 30/03/2001 मृत्यु दिनांक .... को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 04 प्लाट नं. 27/2 निर्मित रकवा 145 /व.फु./अवि. हिस्सा .... ग्राम सि. स्टेशन प.ह.नं..... खसरा नं.... रकवा 145 व.फु./हे. एस्बेस्टम सीमेन्ट कम्पनी बगैरा. के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी दिनांक 24/02/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 16/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/03/2025
पेशी दिनांक 24/02/2025

र.नं. 3090

तहसीलदार,
रांझी, जबलपुर



### कार्यालय कलेक्टर जिला सिवनी एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग

क्रमांक / 1160/ जि.भू.अ./2025

सिवनी दिनांक 17/02/2025
मौजा ठरका प.ह.नं.-13 तहसील सिवनी

कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (भ/स) सं. क. 1 सिवनी द्वारा बंडोल मार्ग से कोहका मार्ग निर्माण हेतु ग्राम ठरका पटवारी हल्का नं. 13 रा.नि.मं. बंडोल तहसील सिवनी जिला सिवनी की प्रस्तावित निजी भूमियों में से 0.44 हैं. भूमि एवं उस पर स्थित स्थावर परिसंपत्तियों का अर्जन किये जाने बावत् प्रस्ताव प्रस्तुत करने पर प्रकरण में भू-अर्जन अधिनियम 2013 की धारा 4 के तहत सामाजिक समाघात निर्धारण दल का गठन किया जाकर धारा 6 के अंतर्गत सामाजिक समाघात निर्धारिण अध्ययन स्कीम सार का प्रकाशन म.प्र. राजपत्र में दिनांक 17/01/2025 को किया जा चुका है।

समुचित सरकार द्वारा भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 के तहत गठित सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन दल द्वारा सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन उपरांत भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2015 के नियम 5 के तहत प्ररूप-ख में सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट प्ररूप-ग में सामाजिक समाघात प्रबंध योजना सहित प्रस्तुत की गई है। समुचित सरकार अधिनियम की धारा 7 के तहत समाघात निर्धारण रिपोर्ट का मूल्यांकन कराए जाने हेतु निम्नानुसार स्वतंत्र बहु शाखीय समूह का गठन करती है:-

| स.क्र. | विशेष समूह के सदस्यों का विवरण | अन्य |
|---|---|---|
| 1 | अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी | अध्यक्ष |
| 2 | अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग संभाग क्रमांक 1 सिवनी | सदस्य |
| 3 | अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (भ./स.) उपसंभाग क्रमांक 1 सिवनी | सदस्य |
| 4 | डॉ. यू. सी. मालू अध्यक्ष वेलफेयर सोसायटी सिवनी | सदस्य |
| 5 | श्री अभिषेक श्रीवास्तव अध्यक्ष वर्ल्ड केयर आर्गेनाइजेशन सिवनी | सदस्य |
| 6 | उपसरपंच ग्राम पंचायत पिपरिया तहसील सिवनी | सदस्य |
| 7 | सदस्य संबधित वार्ड क्षेत्र ग्राम पंचायत पिपरिया तहसील सिवनी | सदस्य |

उक्त वर्णित स्वतंत्र बहुशाखीय विशेषज्ञ समूह, गठन की तारीख से दो मास के भीतर अपनी रिपोर्ट समुचित सरकार को प्रस्तुत करेगा।

विशेषज्ञ समूह को सामाजिक समाघात रिपोर्ट के अंकन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं एवं सहयोग कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. (भ/स) सं. क्रं. 1 सिवनी के द्वारा किया जावेगा।

स्वच्छता ही सेवा

G-23258/24

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(संस्कृति जैन) कलेक्टर सिवनी एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला सिवनी (म.प्र.)



### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पंजीयक लोक न्यास गाडरवारा, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)

अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन नं.-07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0003 ब-113(4)
वर्ष 2024-25 के तहत जारी

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देव लक्ष्मी नारायण मंदिर गांगई, सरवराहकार श्रीमती शरदकुमारी पिता गजेन्द्रप्रताप सिंह जूदेव, निवासी-ग्राम-गांगई, तहसील-गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर के द्वारा अपने द्वारा अधिकृत अधिवक्ता श्री राजकुमार जैन के माध्यम से मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 14 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि श्रीदेवलक्ष्मीनारायण व रामचंद्र जी मंदिर गांगई, तहसील-गाडरवारा में ग्राम-चिरहकला, उमरिया (वीरान), घाट पिपरिया में रकबा लगभग क्रमशः 20 है., 16.665 हे., 2.282 हे. कुल रकबा लगभग 40 हे. याने 100 एकड़ भूमि मंदिर की व्यवस्था आदि हेतु लगी हुई है, जिसके वर्तमान खसरा में माननीय कलेक्टर महोदय प्रबंधक के रूप में दर्ज है। दयोदय पशु सेवा समिति गाडरवारा द्वारा वर्तमान में संचालित गौशाला में पशुधन की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके कारण उक्त गौशाला को 10 एकड़ भूमि बिना किसी प्रतिफल के दान देना चाहते हैं, जिससे उक्त गौशाला द्वारा किये जा रहे सराहनीय कार्यों में वृद्धि हो और पशुधन की अच्छे से देखरेख हो सके। दान हेतु प्रस्तावित भूमि का विवरण निम्नानुसार है- मौजा-चिरहकला, नं.बं.-148, प.ह.नं.-100, तहसील-गाडरवारा स्थित भूमि खसरा नंबर 563/7,568, 571, 572, 573, रकबा क्रमशः 2.738हे., 0.371हे., 0.320 है., 1.125हे., 1.971 हे. कुल रकबा 6.525 हे. में से 4.000 हे. अर्थात 10 एकड़ । आवेदन पत्र के साथ 100 रूपये की आवेदन शुल्क का चालान, न्यास पंजी की, अधिकार अभिलेख की प्रमाणित प्रतियां, लोक सेवा केंद्र से प्राप्त खसरा प्रतियां एवं वकालतनामा प्रस्तुत किया गया है। तत्सम्बंध में प्रकरण संस्थित किया जाकर विचारण में लिया गया है, अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 06.03.2025 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा/आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 17.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी।

जारी दिनांक :- 17.02.2025
सुनवाई दिनांक :-06.03.2025

नजूल अधिकारी एवं अनुविभागीय
अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा



### In The Court Of VI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur

Presiding Officer:
विपिन सिंह भदौरिया
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
**(MJC GW /0000015/2025)**

पूलि पर्णिमा...वादी
Vs
आम जनता...प्रतिवादी

Process Id-/ 2025
पेशी दिनांक.:-03/03/2025

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी पूलि पर्णिमा ने अपके विरूद्ध एसमजेसी जी डब्ल्यू आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हिन्दू संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1956 वास्ते अवयस्क पुत्र करन सिंह केतन सिंह एवं पुत्री पलाक्षी सिंह के हक हिस्से की संपत्ति को विक्रय करने एवं बैनामा निषदित करने की अनुमति प्रदान करने बावत। के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 18 फरवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी - प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 8 हेतु हिन्दू संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1956 वास्ते अवयस्क पुत्र करन सिंह केतन सिंह एवं पुत्री पलाक्षी सिंह के हक हिस्से की संपत्ति को विक्रय करने एवं वैनामा निष्पादित करने की अनुमति प्रदान करने बावत की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

र.नं. 3089

(विपिन सिंह भदौरिया)
जिला न्यायाधीश (षष्टम) जबलपुर (म.प्र.)



### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार राहुल तिवारी पिता श्री अनिल कुमार तिवारी उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी- म.न. 1098, गली नंबर 2, बाई का बगीचा, घमापुर, जबलपुर म.प्र. ने दिनांक 18.02.2025 को ग्राम जमतरा प.ह.नं. 50/75 ग्राम पंचायत जमतरा राजस्व निरीक्षक मण्डल रांझी तहसील जबलपुर जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 375/3 जिसका कुल रकवा 0.53 हे. भूमि को क्रय करने का सौदा भूमि मालिक विजय कुमार गुप्ता पिता श्री सत्यनारायण गुप्ता उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी- 3361/6, मण्डला रोड, एकता मार्केट गौरैया घाट, गौरैया जबलपुर म.प्र. वाले से राशि 25,25,000/- रूपये (पच्चीस लाख पच्चीस हजार रूपये) में दिनांक 18.02.2025 को विक्रय अनुबंध का निष्पादन किया है और मेरे पक्षकार द्वारा राशि 2,00,000/- अंकन दो लाख रूपये ऑन लाईन ट्रांसफर के माध्यम से भूमि मालिक विजय कुमार गुप्ता को दी गयी एवं शेष राशि 23,25,000/- रूपये (तेईस लाख पच्चीस हजार रूपये) रजिस्ट्री/ बैनामा दिनांक के समय भुगतान दिया जाना तय हुआ है।

अतः उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में कोई व्यक्ति, संस्था, वित्तीय संस्था, बैंक या सोसायटी या अन्य किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो उक्त सम्बन्ध में मय दस्तावेज के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझे सूचित करें।

जबलपुर
दिनांक 20/02/2025

स्नेहल (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर
कार्या./निवास- 1453 आनंद कालोनी
स्टीम फील्ड स्कूल के पास, जबलपुर
र.नं.- 3087 मो.नं. 9993476424



### कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक HIG- 184 श्री हकीम खान पिता श्री फज़ल भाई वजीर के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26.05.2006 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री हकीम खान पिता श्री फज़ल भाई वजीर ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 09.07.2014 के माध्यम से श्री देवेन्द्र सिंह पटेल पिता श्री गिरवर सिंह को विक्रय किया है। अतः श्री देवेन्द्र सिंह पटेल पिता श्री गिरवर सिंह द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना
विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

# देश-प्रदेश

## राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को खतरे में डाल रही सरकार : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता को खतरे में डाल रही है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा के उस तरफ चीन की ओर से नये गांव बसाए जाने के दावे वाली खबर को लेकर सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''नरेन्द्र मोदी जी, आप चीन के लिए 'लाल आंख' के बजाय 'लाल सलाम' की नीति अपना रहे हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, भौगोलिक संप्रभुता और अखंडता सर्वोपरि है, मोदी सरकार इसे खतरे में डाल रही है।''



# प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप है प्रदेश की बॉयो फ्यूल योजना-2025 : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बॉयो फ्यूल बॉयो फ्यूल योजना-2025 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट (एलआईएफई) अभियान के मूल सिद्धांतों के अनुरूप है, जिसमें सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन पर जोर दिया गया है। यह योजना प्रदेश की कृषि शक्ति का पूर्ण लाभ उठाते हुए नवाचार को बढ़ावा देगी। प्रदेशवासियों के लिए हरित और समृद्ध भविष्य के साथ, योजना से प्रदेश में बॉयो फ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, बॉयो ऊर्जा संयंत्र, फीड स्टॉक उत्पादन और आपूर्ति श्रृंखला के विभिन्न स्तरों पर व्यापक रूप से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। योजना से प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी, साथ ही पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखते हुए औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी।

**हरित ऊर्जा उत्पादन और रोजगार सृजन की क्रांतिकारी पहल**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बॉयो फ्यूल योजना-2025 राज्य की आर्थिक समृद्धि, हरित ऊर्जा उत्पादन और रोजगार सृजन के लिए क्रांतिकारी पहल है। प्रधानमंत्री श्री



मोदी के नेतृत्व में भारत सतत विकास और नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयां छू रहा है। उनकी प्रेरणा से मध्यप्रदेश सरकार भी ऐसी योजनाएं बना रही है, जो दीर्घकालिक रूप से पर्यावरण के अनुकूल हों और रोजगार सृजन को बढ़ावा दें। इस योजना से प्रदेश में कृषि एवं जैव अपशिष्ट का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित होगा, जिससे पर्यावरण अनुकूल ईंधन का उत्पादन किया जा सकेगा और राज्य हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकेगा। नवकरणीय ऊर्जा और सतत विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बॉयो फ्यूल योजना-2025 को मंत्रि-परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया है।

**बॉयो फ्यूल उत्पादन संयंत्र के लिये भूमि आवंटन सहित अनेक रियायतें**-प्रदेश सरकार ने इस योजना के तहत बॉयो फ्यूल उत्पादन संयंत्र स्थापना के लिये भूमि आवंटन, निवेश प्रोत्साहन, आधारभूत संरचना विकास में सहायता और कर रियायतें प्रदान करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश में स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, किसानों को अतिरिक्त आय के साधन मिलेंगे और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा मिलेगा। बॉयो फ्यूल यूनिट्स के लिए बुनियादी निवेश प्रोत्साहन, इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं पर अनुदान और विद्युत शुल्क में छूट जैसी अनेक सहूलियतें दी जा रही हैं, जिससे प्रदेश को जैव ईंधन उत्पादन का प्रमुख केंद्र बनाया जा सके। इस योजना के माध्यम से प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पर्यावरण अनुकूल उद्योगों के विकास को गति मिलेगी।

**बॉयो फ्यूल और ग्रीन एनर्जी में आकर्षित होंगे निवेशक**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कि भोपाल में 24-25 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में बॉयो फ्यूल योजना को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। समिट में देश-विदेश के निवेशक, उद्योग जगत के दिग्गज और नीति-निर्माता भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से बॉयो फ्यूल और ग्रीन एनर्जी में निवेश को आकर्षित किया जाएगा। इससे प्रदेश में सतत विकास, निवेश और रोजगार सृजन की नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे।

**बुनियादी निवेश प्रोत्साहन**-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योजना के तहत बॉयो फ्यूल यूनिट को 200 करोड़ रूपये तक का बुनियादी निवेश प्रोत्साहन (बीआईपीए) उपलब्ध कराया जाएगा, साथ ही बिजली, पानी, गैस पाइप लाइन, सड़क, जल निकासी, अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली (ईटीपी, एसटीपी, प्रदूषण नियंत्रण उपकरण) के विकास हेतु 50त्न प्रोत्साहन (अधिकतम 5 करोड़ रूपये तक की सहायता) प्रदान की जाएगी। विद्युत शुल्क एवं ऊर्जा विकास उपकर में 10 साल तक की छूट दी जाएगी और औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा 500 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश पर अनुकूलित पैकेज भी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, आईपीआर एवं क्वालिटी कंट्रोल सहायता का प्रोत्साहन भी योजना में शामिल है।

### सप्लाई चैन विकसित करने का प्रावधान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बॉयो फ्यूल योजना में मुख्यत: बॉयो सीएनजी, बॉयो मास ब्रिकेट एवं पेलेट और बॉयोडीजल जैसे ईंधन शामिल हैं। यह बॉयो फ्यूल उत्पादन के सभी पहलुओं को कवर करती है, जिसमें फीडस्टॉक खेती, उत्पादन तकनीक, वितरण और उपयोग जैसे महत्वपूर्ण पहलू शामिल हैं। योजना में बॉयो फ्यूल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट एवं बॉयो ऊर्जा संयंत्रों को कई लाभ प्रदान किए जाएंगे, साथ ही किसान संस्थाओं को कृषि उपकरण हेतु सब्सिडी, बॉयो मास एवं खाद की बिक्री सुनिश्चित करने और सप्लाई चैन विकसित करने के प्रावधान भी शामिल हैं। बॉयो फ्यूल उत्पादन संयंत्रों की स्थापना हेतु भूमि को प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी, जबकि बॉयो मास उत्पादन के लिए सरकारी भूमि का उपयोग कलेक्टर दर के 10 प्रतिशत वार्षिक शुल्क पर प्रदान किया जाएगा।

# असम में कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन पर हमला

**गुवाहाटी, ( एजेंसियां )।** असम की धुबरी लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन और उनके निजी सुरक्षा अधिकारी पर गुरुवार को अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया। सांसद के सुरक्षाकर्मियों ने बदमाशों को रोकने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। घायल सांसद को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि असम के नगांव जिले के रुपालीहाट क्षेत्र में सांसद रकीबुल हुसैन पर हमला हुआ। जब वे पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेने जा रहे थे, इस दौरान हाथों में क्रिकेट बैट लिए कुछ लोग आए और सांसद पर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि सभी के चेहरे काले कपड़े से ढके हुए थे। सांसद के निजी सुरक्षाकर्मी ने उनको बचाने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने उन पर भी हमला कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और सांसद को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि सांसद की चोटों के बारे में अभी पता नहीं चला है। हमलावर मौके से फरार हो गए हैं। घटना की जांच शुरू कर दी है।

### बचाव करने पर निजी सुरक्षाकर्मी को भी बदमाशों ने किया घायल

### सांसद को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**असम में खतरे में है लोकतंत्र: गोगोई**-सांसद रकीबुल हुसैन पर हमले के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने असम के सीएम पर हमला बोला। गोगोई ने कहा कि असम में लोकतंत्र खतरे में है और राज्य के लोग गुंडा राज से आजादी चाहते हैं।

### भोपाल पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी का हुआ भव्य स्वागत

# जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने आव्हान

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी में गुरुवार को नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के राजधानी भोपाल आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं और नेताओं ने फूल-मालाओं और जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे सहित अन्य वरिष्ठ नेतागण मौजूद थे।

बैठक में प्रदेश संगठन को मजबूत करने, आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों, संगठनात्मक बदलाव और पार्टी की रणनीति को लेकर व्यापक चर्चा की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पार्टी को मजबूती देने और जनहित के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाने के संकल्प को दोहराया। प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सभी को संगठित होकर काम करना होगा। उन्होंने पार्टी की एकता और मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि हम सबको मिलकर प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत बनाना है और जनहित के मुद्दों को प्रदेश भर में प्रभावी ढंग से उठाना है, जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक पूरी ताकत के साथ विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करना है। आगामी कार्ययोजना बनाकर जल्द ही प्रदेश भर में भ्रमण कर पार्टी की मजबूती के लिए उपाय किए जाएंगे।



# महाकुंभ में खत्म हुआ रेलवे का इमरजेंसी प्लान

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ पर उमड़ रही भारी भीड़ को देखते हुए पिछले चार दिनों से रेलवे ने इमरजेंसी प्लान लागू कर दिया था, जिसके कारण शहर में कई प्रमुख मार्ग बंद कर दिए गए थे। अब रेलवे का इमरजेंसी प्लान खत्म कर दिया गया है, जिसके बाद पुलिस ने इन मार्गों को फिर से खोल दिया है।

जानसेनगंज से लीडर रोड और जोगीवीर चौराहे से स्टेशन जाने वाले रास्ते पूरी तरह से अवरुद्ध थे। जिसके चलते रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। भीड़ बढ़ने पर पुलिस और रेलवे ने इमरजेंसी प्लान लागू कर दिया था। जिसके तहत जानसेनगंज चौराहे से श्रद्धालुओं को लीडर रोड की तरफ जाने से रोका गया और उन्हें चौक की ओर डायवर्ट कर दिया गया था। इससे श्रद्धालुओं को कई किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ रहा था। **इन रास्तों पर हुआ था डायवर्जन**-वहीं लीडर रोड और जंक्शन के पास रहने वाले लोग भी अपने घरों में कैद हो गए थे, दूसरी ओर से भी निकलने का रास्ता बंद कर दिया गया था। बुधवार सुबह शहर के कई इलाकों में ब्लॉक हटा दिया गया। रेलवे ने आपातकालीन प्लान को बंद कर खुसरोबाग की जगह सीधे स्टेशन परिसर में एंट्री देना शुरू कर दिया है। अब जैसे ही भीड हल्की हई है तो

### अब सभी रास्तों से मिलेगा प्रवेश

रेलवे ने अपना इमरजेंसी प्लान खत्म कर दिया है और पुलिस ने उन रास्तों को आने-जाने के लिए खोल दिया है। रेलवे के इमरजेंसी प्लान के तहत खुल्दाबाद,लूकरगंज,शाहगंज,स्टेशन रोड के अलावा शहर के कई रास्ते बंद कर दिये गए थे।

**26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ कुंभ मेला खत्म हो जाएगा**-हालांकि, यह कुंभ मेले का आखिरी सप्ताह है और 26 मार्च को होने वाले शिवरात्रि के स्नान पर्व पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। आंकड़ों के अनुसार, 13 जनवरी से अब तक 57.08 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। संगम तट पर भीड़ न हो इसलिए पुलिस श्रद्धालुओं से स्नान कर वहां से हटने की अपील कर रही है। आज भारत सहित अन्य देशों के 40 से ज्यादा वीवीआईपी संगम स्नान करेंगे। पूरे स्नान पर्व के दौरान यह पहली बार है कि इतने ज्यादा वीवीआईपी मेले में आ रहे हैं। शहर के बाहर की पार्किंग में ही वाहनों को रोका जा रहा है। वहां से शटल बस और ई-रिक्शा से श्रद्धालु महाकुंभ पहुंच रहे हैं। भीड़ के चलते प्रयागराज आने-जाने वाली 8 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी गई हैं। 4 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। प्रशासन का अनुमान है कि कल मेले में भीड़ और ज्यादा बढ़ेगी क्योंकि यह महाकुंभ का आखिरी वीकेंड है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ मेला खत्म हो जाएगा।


फौती

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र./1790 /अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रश्मि गांधी / स्व. रोशन लाल रतरा नि.- 201/1- अम्बा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाईन ने नजूल ब्लाक नं. 21 प्लाट नं.19/26 निर्मित रकवा 1230 ..व.फु./अवि. हिस्सा... .फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक....मृत्यु दिनांक 22/10/2024, 28.8.2010 को हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संघारण खसरा / पटवारी /डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल नं. 21 प्लाट नं. 19/26 निर्मित रकवा 1230 व.फु. अवि./हिस्सा... व.फु. हे. सिविल स्टेशन प.ह.नं.... खसरा नं... रकवा 1230 व.फु. हे. श्रीमती सुदेश कुमारी रतरा पति रोशन लाल रतरा बगैरा. के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 27/02/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 11/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 11/02/2025
पेशी दिनांक 27/02/2025

तहसीलदार
र.नं. 3092 रांझी, जबलपुर


# संभल हिंसा में विदेशी हथियार मुहैया कराने वाला साठा गैंग का गुर्गा गिरफ्तार

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में 24 नवंबर को हुई हिंसा में बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने दुबई में बैठे गैंगस्टर शारिक साठा गैंग से जुड़े मोहम्मद गुलाम को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि गुलाम हिंसा के दौरान उपद्रवियों को हथियार सप्लाई कर रहा था। साथ ही, वह दिल्ली से आए वकील विष्णु शंकर जैन की हत्या की साजिश में भी शामिल था। आरोपी से तीन विदेशी पिस्टल और 15 कारतूस बरामद किए गए हैं।

### तीन विदेशी पिस्टल और 15 कारतूस बरामद किए गए

पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार बिश्नोई ने खुलासा किया कि शारिक साठा को संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क का संरक्षण प्राप्त है। 24 नवंबर को संभल की जामा मस्जिद के पास हिंसा भड़काई गई थी, जिसमें 29 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। अब तक 79 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस को जांच में पता चला कि हिंसा को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया था, ताकि जामा मस्जिद में प्रस्तावित सर्वे को रोका जा सके। गिरफ्तार गुलाम से पूछताछ में यह भी सामने आया कि शारिक साठा दिल्ली-एनसीआर में गाड़ियां चोरी करने का मास्टरमाइंड था। चोरी की गाड़ियां मणिपुर, बर्मा और नॉर्थ ईस्ट बॉर्डर तक भेजी जाती थीं, जिसके बदले में हथियार हासिल किए जाते थे। इन हथियारों को देशभर में सप्लाई किया जाता था। गुलाम के मोबाइल से दुबई में बैठे शारिक साठा के नंबर और उसकी पत्नी का फोन भी बरामद हुआ है।

# जीआईएस : भोपाल में होगा वैश्विक निवेशकों का महासंगम

**भोपाल, देशबन्धु।** ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 को लेकर तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं और विशिष्ट मेहमानों की सूची भी लगभग फाइनल हो चुकी है। राज्य सरकार ने प्रदेश में मौजूद अपार संभावनाओं से परिचित कराने के लिए करीब 60 देशों से उद्यमियों को आमंत्रित किया है। इसमें 13 राजदूतों, 6 उच्चायुक्तों और प्रमुख रणनीतिक देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई महावाणिज्यदूतों की भागीदारी भी सुनिश्चित हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव की अनूठी पहल देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ मीटिंग और यूके, जर्मनी और जापान में निवेशकों को आकर्षित करने रोड-शो के आयोजन ने न सिर्फ क्षेत्रीय उद्योगों को एक सुदृढ़ प्लेटफार्म दिया है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों ने प्रदेश में निवेश की रुचि दिखाई है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राजनयिक कोर की भागीदारी का नेतृत्व जर्मनी, जापान, स्विट्जरलैंड और मलेशिया के महावाणिज्यदूतों सहित मिशनों के प्रमुखों द्वारा किया जा रहा है। इसमें यूनाइटेड किंगडम, पोलैंड, नीदरलैंड और कनाडा के वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधि भी शामिल हैं। राजनयिक उपस्थिति को और प्रभावी करते हुए, नेपाल, मोरक्को, जिम्बाब्वे, अंगोला और बुर्किनाफांसो के राजदूतों के साथ रवांडा, सेशेल्स, जमैका, लेसोथो और युगांडा के उच्चायुक्तों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है।

### 'उपमुख्यमंत्री की गाड़ी को बम से उड़ा दूंगा'

# शिंदे को मिली जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जान से मारने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस ने गुरुवार को कहा कि उन्हें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को उड़ाने की धमकी भरा एक मेल मिली है। ये कॉल गोरेगांव और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशनों व राज्य सरकार के कंट्रोल रूम को मिला है। एक अधिकारी ने समाचार न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि फोन करने वाले ने शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी दी। इस धमकी से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है और सभी जांच एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। यह ईमेल किसने भेजा? इसके पीछे कौन है? इस मामले की गहन जांच फिलहाल मुंबई क्राइम ब्रांच द्वारा की जा रही है।

# उप्र और मप्र में ईडी ने करोड़ों की संपत्तियां अटैच कीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में प्रवर्तन निदेशालय बड़ी तैयारी करने जा रही है। ईडी ने लोनी अर्बन मल्टी-स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी घोटाले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 अचल संपत्तियों को अटैच किया है। ये सभी संपत्तियां उत्तर प्रदेश के झांसी और मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में हैं जिनको लेकर ईडी ने तैयारी की है।

इन संपत्तियों में भूमि और इमारतें शामिल हैं। ये कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत की गई है। ईडी की जांच में पाया गया है कि भास्कर इन्फ्राकॉन और कैसल हाइट्स पर गाज गिरी है। इन कंपनियों ने घोटाले से जुड़े पैसे का इस्तेमाल संपत्तियां खरीदने के लिए किया गया था। इस वजह से ईडी ने इस संपत्तियों को जब्त कर लिया गया है।


**CHANGE OF NAME & DOB**

I, BIKEE BAHAN is legally MOTHER of Army No-15671882A Rank- Hav Name- Nai VasantKumar Lilabhai Unit address 11 Rapid (H) Sig Rigt C/O 56 APO Home Address At & Po - Vaghpur Teh- Prantij Dist- Sabarkantha State- Gujarat Pin- 383205., I have change my name from BIKEE BAHAN to Nayi Bhikhiben and my DOB 01/07/1947 to 01/01/1956 vide affidavit before Notary Jabalpur (MP)

INCORRECT NAME & DOB
BIKEE BAHAN
01/07/1947
CORRECT NAME & DOB
Nayi Bhikhiben
01/01/1956

**CHANGE OF NAME**

I, Daksha Ben is real/ legally Wife of Army No- 15671882A Rank- Hav Name- Nai VasantKumar Lilabhai Unit address 11 Rapid (H) Sig Rigt C/O 56 APO Home Address At & Po - Vaghpur Teh- Prantij Dist- Sabarkantha State- Gujarat Pin- 383205. I have change my name from Daksha Ben to NAI DAKSHA BEN vide affidavit before Notary Jabalpur (MP)

INCORRECT NAME
Daksha Ben
CORRECT NAME
NAI DAKSHA BEN

**नाम सुधार सूचना**

मैं अरविंद कुमार पिता स्व. श्री आशाराम मौर्य निवासी - बरगी बस्ती, न्यू जैन टेम्पल, बरगी जिला जबलपुर म.प्र. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि अरविंद कुमार, अरविंद कुमार मौर्य एवं अरविंद मौर्य यह तीनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ता के ही नाम है यह कि प्रमाणित किया जाता है कि मुझ शपथकर्ता का नाम अरविंद कुमार पिता स्व. श्री आशाराम मौर्य मेरी शैक्षणिक दस्तावेज, आधारकार्ड, बैंक पासबुक, पेनकार्ड आदि में दर्ज जो कि सही है। कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम अरविंद कुमार मौर्य दर्ज हो गया है जो कि गलत है अब से मुझे अरविंद कुमार के नाम से ही जाना, समझा जावे एवं समस्त दस्तावेजों में अरविंद कुमार दर्ज किया जावें। जिस वास्ते शपथपत्र प्रस्तुत है।

गलत नाम- अरविंद कुमार मौर्य
सही नाम- अरविंद कुमार

**नाम सुधार सूचना**

मैं SUNIL DHADANI आज दिनांक को यह घोषणा करता हूं कि मै पहले अपना नाम SUNIL KUMAR DHADHANI लिखता था और इसी नाम से मेरा पासपोर्ट भी पूर्व में बना हुआ था परंतु अब मैनें अपना नाम सुधार कर SUNIL THADANI कर लिया है जो की सही है । और मेरे सभी दस्तावेजों में भी यही नाम लिखा है । अतः आज दिनांक से मुझे मेरे सही नाम SUNIL THADANI से जाना पहचाना लिखा एवं पढ़ा जाए ।

पुराना नाम
SUNIL KUMAR DHADHANI
सही नाम
SUNIL THADANI
पता-10 मथुरा विहार विजयनगर, जबलपुर

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**Change of Name & DOB**

I, Army No - 15680678H, RANK- HAV Name-Rupesh kumar Mandal Unit - 2mp GIRLS BN NCC, Jabalpur is presenently residing at village - Indrasena, Post-Rajpur, Teh- Banka, state-Bihar, Pin- 813101. I have changed my father Name- KAPIL DEO MANDAL To KAPIL DEV MANDAL and DOB- 01/07/1963 To 01/12/1959. vide Affidavit No- CN 475430 dated 20/01/2025 before Notary, Jabalpur (mp)

INCORRECT NAME & DOB
KAPIL DEO MANDAL
01/07/1963
CORRECT NAME & DOB
KAPIL DEV MANDAL
01/12/1959

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 113/2024-25 दिनांक 20/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बृजलता चंदे, पति- श्री पराग चंदे के द्वारा वार्ड क्रं. 74 ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1002147029 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती जमुना बाजपेई, पति श्री आनंद कुमार बाजपेई के नाम से दर्ज खसरा नं. 119/9 जाग्रति नगर का प्लाट रकबा 480 व.फु., उस पर निर्मित तल मंजिल 480 व.फु., प्रथम मंजिल , विक्रय/क्रय की गई किये सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेजों- ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी (राजस्व)
संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2024-25/115 दिनांक 20/02/2025

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमती अनीता जैन पति स्व. अजीत कु. जैन 2. श्री अनिकेत जैन/ स्व. अजीत कु. जैन ने भवन क्रं. 97/टीएफ 3 वार्ड जवाहरगंज वार्ड, तृतीय तल 467 आ. व.फु. शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा भवन क्रं. 97/टीएफ 3 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी अजीत कुमार जैन पिता स्व. देवेन्द्र कु. जैन भवन क्रं. 97/टीएफ 3 पिन नं. 42202125, 1000389242 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3096 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-5,नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 19/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मुस्कान मंगलानी पत्नी श्री अमर मंगलानी श्री अमर मंगलानी पिता स्व. श्री लालचंद मंगलानी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक डुप्लैक्स नं.-15 ए राजुल विहार पापुलर फैक्ट्री के सामने सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46701555, 1000377011, डोर टू डोर क्रमांक 1000175774 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 818 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 750 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 750 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, त्यागपत्र, रिलीज डीड/बंटवारानामा, शपथपत्र के आधार पर निगम में दर्ज मेघराज लालवानी पिता स्व. श्री छुंदराज लालवानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3095 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.20/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रामकली कोल पत्नी स्व. अगनू राम कोल 2. श्रीमती प्रीति कोल पत्नी स्व. रामअवतार कोल ने वार्ड क्रमांक 43 वार्ड का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 831 छुई खदान के पास सम्पत्ति के पिन क्रमांक 40500334, 100044702 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा .... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 480 व.फु. कच्चा पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज स्व. अगनू कोल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

र.नं. 3095 संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**CHANGE OF NAME/DOB**

I, Army No.15688139f, RANK- HAV, NAME- RAMANAND GUPTA presently residing at Village- GAURA Post-PATOI, Teh- BELTHARA ROAD, Distt.-BALLIA, State-UTTAR PRADESH, PIN- 221716 do hereby solemnly affirm and declare that my Father name and DOB is CHANDRA DIP GUPTA & 01-07-1948 has been mistakenly recorded in my Army Service Record which is incorrect. The correct name and DOB Father is CHANDRADEEP & 01-01-1949_as per her Aadhar Card and other documents and same shall be considered in future in all Records. Vide Affidavit No. 35AA 105990 Dated 20/02/25 before Notary, Jabalpur

INCORRECT NAME & DOB - CHANDRA DIP GUPTA & 01-07-1948
CORRECT NAME/DOB - CHANDRADEEP & 01-01-1949

र.नं. 3097

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 1849 /अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शांति प्रकाश मुक्खी पिता हरीचंद मुक्खी निवासी गोरखपुर जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक... के माध्यम से मौजा हाथीताल नं.बं. ...प.ह.नं.... ख.नं. 149/1, 150/1, 150/2 रकवा 690 वर्गफुट विक्रेता मेहता इन्वेस्ट रस प्रोपा, धीरज लाल मेहता राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/हक त्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 06.3.25. तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 20.2.25 को जारी ।

जारी दिनांक- 20.02.25
पेशी दिनांक- 06.03.25

नायब तहसीलदार
एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी गोरखपुर,
र.नं. 3093 जबलपुर

फौती

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्र. 1819 /अ-6/2024-25

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रथेन्द्र कुमार वर्धन / सचिन्द्र वर्धन नि.-1808 न्यू शोभापुर जबलपुर ने नजूल ब्लॉक नं. 02 प्लाट नं.110,111/1 निर्मित रकवा 1500 व.फु./अवि. हिस्सा... व.फु./हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/वारसान हक/दिनांक 08/05/1974 मृत्यु दिनांक 29/11/1985 को हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संघारण खसरा / पटवारी / डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 02 प्लाट नं. 110,111/1 निर्मित रकवा 1500 व.फु./अवि. हिस्सा...व.फु. हे./ग्राम भड़पुरा प.ह.नं.... खसरा नं. 349 रकवा 1500 व.फु./हे... के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 05/03/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 17 /02/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 17/02/2025
पेशी दिनांक 05/03/2025

तहसीलदार
र.नं. 3094 रांझी, जबलपुर

जबलपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## दिल्ली में कांग्रेस से बड़ी रेखा खींचनी होगी भाजपा को

दिल्ली विधानसभा चुनाव के 8 फरवरी को घोषित नतीजों में जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने लगभग दो सप्ताह लगाये कि मुख्यमंत्री पद पर कौन विराजेगा। आखिरकार 19 फरवरी को मुख्यमंत्री पद के लिए रेखा गुप्ता का नाम तय हुआ और 20 फरवरी को रामलीला मैदान में एक भव्य समारोह में रेखा गुप्ता ने 6 मंत्रियों के साथ शपथ ली। मुख्यमंत्री चुनने के लिये इतना अधिक समय सम्भवत: पहली बार उस भाजपा ने लिया जो अपने फैसले लागू करने के लिये इस मायने में मशहूर है कि उसका कोई विरोध नहीं कर सकता। फिर भी, इतना वक्त लेना बतलाता है कि रेखा गुप्ता का चयन आसानी से नहीं हुआ है।

कहा जाता था कि इस पद के लिये प्रवेश वर्मा का नाम सबसे ऊपर था जो कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और अपने वक्त के कद्दावर नेता साहिब सिंह वर्मा के पुत्र हैं। जिस दिन नतीजे निकले थे, वे नयी दिल्ली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल (आम आदमी पार्टी) को हराते ही केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने चले गये थे। उनकी शाह से नज़दीकी सर्वज्ञात है लेकिन जब मुख्यमंत्री चुनने की बारी आई तो उन्हें इस दौड़ से बाहर किया गया और उनके साथ ही दिल्ली के दूसरे कद्दावर भाजपा विधायक भी किनारे ही रहे। दूसरी ओर रेखा गुप्ता पहली बार ही शालीमार बाग विधानसभा सीट से जीत कर आई हैं। समझा जाता है कि उन्हें मुख्यमंत्री बनाने के पीछे संघ की सलाह रही। हालांकि रेखा गुप्ता के नाम पर भाजपा ने कुछ निशाने साधे हैं। केजरीवाल की तरह रेखा हरियाणा (जीन्द) से हैं और वैश्य समुदाय की हैं जो भाजपा का पक्का समर्थक वर्ग है। फिलहाल भाजपा में ब्राह्मण (राजस्थान में भजनलाल शर्मा व असम में हिमंता बिस्वा सरमा) से लेकर आदिवासी (छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय) और अन्य पिछड़ा वर्ग (मध्यप्रदेश में मोहन यादव व हरियाणा में नायब सिंह सैनी) हैं, लेकिन वैश्य समुदाय का कोई नहीं था। यह कमी भी दूर हो गयी।

भाजपा शासित जितने भी प्रदेश हैं उनमें महिला मुख्यमंत्री किसी में नहीं हैं। अब वसुंधरा राजे के बाद रेखा गुप्ता तीसरी महिला मुख्यमंत्री भाजपा से बनी हैं। राजस्थान चुनाव में जीत हासिल करने के बाद वहां इस पद की सबसे मजबूत दावेदार वसुंधरा राजे सिंधिया की बजाये जब भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया था। संदेश गया था कि भाजपा एक ओर तो महिला आरक्षण व उनके सम्मान की बात करती है तो दूसरी ओर महिला को महत्वपूर्ण पद से हटाकर उनका अपमान करती है। रेखा गुप्ता को लाना उस दाग को मिटाने का प्रयास कहा जा सकता है। वहीं केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली में तीसरी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर आतिशी ने काम संभाला था। रेखा गुप्ता दिल्ली में सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं।

तीन बार पार्षद व दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर रह चुकीं रेखा गुप्ता छात्र राजनीति से आई हैं। वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रहीं और दिल्ली विश्वविद्यालय की पहले महासचिव और बाद में अध्यक्ष बनी थीं। इस नाते वे युवा व छात्र वर्गों के बीच भी रास्ता बनाती हैं जो पार्टी को लाभ पहुंचाएगा। वे इस समय पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और दिल्ली के नगरीय निकाय में भी विभिन्न पदों पर रह चुकी हैं।

एक और कारण यह भी माना जाता है कि क्यों वे इस पद के सर्वथा योग्य हैं, तो वह है उनके आक्रामक तेवर और भाषावली। सोशल मीडिया पर उनके वे पुराने ट्वीट तैर रहे हैं जो उन्होंने केजरीवाल के खिलाफ पोस्ट किये थे। अमर्यादित व कई नफ़रती पुरुषों को भी लजा देने वाले शब्दों से उन्होंने केजरीवाल को नवाज़ा था। ऐसी महिला को यह पद प्रदान करना बतलाता है कि भाजपा में ऊंचा पद पाने के लिये यह भी एक योग्यता है। हालांकि मंत्री बने कपिल मिश्रा और प्रवेश वर्मा भी अपने कटु बयानों के लिये जाने जाते हैं लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने रेखा की भाषा को अधिक प्रभावशाली समझा होगा।

दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की सरकार आने पर अब आप के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन आदि पराजित हो चुके हैं और आप की पूर्ववर्ती सरकार के कामों का बचाव करने वाले प्रभावी लोग सदन में रहेंगे नहीं। शराब घोटाले की तलवार पहले से चल रही है। सत्येन्द्र जैन के खिलाफ मनी लॉड्रिंग का मामला चलाने की राष्ट्रपति से मंजूरी दो दिन पहले ही मिल गयी है और वे चुनाव भी हार चुके हैं। नयी मुख्यमंत्री और दिल्ली के उप राज्यपाल वीके सक्सेना मिलकर दिल्ली का कितना विकास करते हैं, यह तो वक्त ही बतायेगा परन्तु दोनों मिलकर आप को नेस्तनाबूद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे- यह तय माना जा रहा है, क्योंकि उसने भाजपा को तीन बार परास्त किया है। कांग्रेस की स्थिति सदन में तो शून्य है, यहां और सदन के बाहर उसे आप का ही सफाया करने की ज़रूरत है जिसके बाद वह खुद को लम्बे समय तक एकछत्र राज करने के काबिल मान रही होगी।

फिर भी, रेखा गुप्ता के सामने कई चुनौतियां हैं। पहली तो है जनहित के मुद्दों को आप ने प्रमुख विमर्श बना दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क आदि को लेकर उन्हें ठोस कार्य करने होंगे जिसकी भाजपा आदी नहीं है। कुछ अन्य राज्यों में तो यह चल सकता है लेकिन दिल्ली में उन्हें ठोस नतीजे देने होंगे। आप ने कई सेवाएं या तो मुफ्त कर दी थीं अथवा रियायती दर पर। इन्हें जारी रखना भाजपा की नयी सरकार के लिये चुनौती होगी। यमुना नदी की सफाई भी बड़ा मुद्दा है जहां नयी सरकार को कुछ कर दिखाना होगा। कांग्रेस नहीं है पर उसकी सरकार के दौरान शीला दीक्षित के किये काम आज भी बेंचमार्क हैं। उनसे बड़ी रेखा खींचनी होगी रेखा गुप्ता को।

## चुनाव आयोग के साथ विपक्ष के समीकरणों में तनाव बोया गया

■ के रवींद्रन

नये मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति के इर्द-गिर्द विवादास्पद परिस्थितियों ने कांग्रेस पार्टी और चुनाव आयोग के बीच अविश्वास की भावना को जन्म दिया है। इससे मुश्किल और तनावपूर्ण संबंधों वाली परिस्थिति बन गयी है। तनाव पहले से भी था जो तब और बढ़ गया जब राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से अपनी असहमति व्यक्त की, जिससे इस अविश्वास को संस्थागत रूप मिला। हालांकि उन्होंने नियुक्त व्यक्ति पर सीधे व्यक्तिगत हमले करने से परहेज किया, लेकिन चयन प्रक्रिया के बारे में उनकी चिंताओं ने एक अपरिहार्य दरार पैदा कर दी है। एक प्रमुख राजनीतिक दल और स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार एक संस्था के बीच ऐसा सम्बंध लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और जनता के विश्वास को कमजोर करने का खतरा पेश करता है।

राजनीतिक दलों और चुनाव आयोग के बीच अविश्वास कोई नयी बात नहीं है, लेकिन मौजूदा परिदृश्य विशेष रूप से अनिश्चित स्थिति प्रस्तुत करता है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में हेरफेर की संभावना के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को देखते हुए, सीईसी की नियुक्ति में पक्षपात की कोई भी धारणा केवल संदेह को और बढ़ाती है। विपक्ष का यह तर्क कि ईवीएम का दुरुपयोग किया जा सकता है, पहले से ही एक गहरी ध्रुवीकृत बहस को जन्म दे चुका है, जिसमें चुनावी प्रक्रिया पर आरोप-प्रत्यारोप का असर हो रहा है। नये सीईसी, जिनकी नियुक्ति पर ही सवाल उठाये गये हैं, अब खुद को ऐसी स्थिति में पाते हैं, जहां उन्हें न केवल निष्पक्षता सुनिश्चित करनी है, बल्कि अपनी निष्पक्षता के बारे में संदेह करने वालों को भी आश्वस्त करना है। यह एक ऐसा बोझ है, जिसे टाला जा सकता था, अगर चयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होती या इस तरह से संचालित की जाती कि राजनीतिक पैंतरेबाजी के आरोपों की कोई गुंजाइश न होती।

विवाद से उत्पन्न होने वाली प्राथमिक चिंताओं में से एक यह है कि चयन समिति के विचार-विमर्श को सार्वजनिक करने का तरीका क्या है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के विपरीत, जो अपनी आंतरिक चर्चाओं के बारे में सख्त गोपनीयता बनाये रखता है, सीईसी की नियुक्ति की प्रक्रिया इस तरह से की गयी कि असहमति को सार्वजनिक होने दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से निर्णय दिया है कि निर्णय लेने की प्रक्रिया की अखंडता को बनाये रखने के लिए कॉलेजियम के विचार-विमर्श को गोपनीय रखा जाना चाहिए। यह सिद्धांत सुनिश्चित करता है कि मतभेद सार्वजनिक विवादों में न बदल जाएं जो अंतिम निर्णय की वैधता को कमज़ोर कर सकते हैं। यदि इस मामले में भी यही विवेक लागू किया गया होता, तो खंडित निर्णय लेने की प्रक्रिया की सार्वजनिक धारणा से बचा जा सकता था, और चुनाव आयोग को नियुक्ति के बाद होने वाली विश्वसनीयता के तत्काल नुकसान से बचाया जा सकता था।

ऐसी नियुक्तियों में गोपनीयता का तर्क संस्थाओं की पवित्रता बनाये रखने की आवश्यकता में निहित है। एक बार जब चयन प्रक्रिया सार्वजनिक विवाद से दूषित हो जाती है, तो नियुक्त व्यक्ति को अपनी वास्तविक योग्यता या ईमानदारी की परवाह किए बिना संदेह के बादल के नीचे रहकर ही काम करना पड़ता है। एक संस्था के रूप में चुनाव आयोग जनता के विश्वास पर बहुत अधिक निर्भर करता है। यदि चुनाव प्रक्रिया में प्रमुख हितधारकों में से एक - विपक्ष- चुनावों की देखरेख के लिए नियुक्त व्यक्ति में स्पष्ट अविश्वास व्यक्त करता है, तो यह नियुक्त व्यक्ति के लिए अपनी तटस्थता साबित करने के लिए लगभग दुर्गम चुनौती पैदा करता है। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सार्वजनिक जांच जरूरी है, लेकिन पारदर्शिता और प्रक्रिया को राजनीतिक विवाद में फंसने देने में अंतर है। विवाद तो केवल संस्थागत अधिकार को कम करता है और आगे के संघर्ष को बढ़ावा देता है। मौजूदा संकट देश में लोकतांत्रिक संस्थाओं को प्रभावित करने वाली एक गहरी अस्वस्थता का भी संकेत है। अगर विपक्षी दलों को लगता है कि किसी प्रमुख अधिकारी को चुनने की प्रक्रिया से समझौता किया गया है, तो वे चुनाव आयोग के प्रति और अधिक प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाने की संभावना रखते हैं, न केवल इस मामले में बल्कि उसके बाद आने वाले हर फैसले में। इससे संस्थागत अधिकार का क्षरण होता है, जहां चुनाव आयोग के हर फैसले, निर्देश या स्पष्टीकरण को पक्षपात के चश्मे से देखा जाता है। लोकतंत्र सबसे अच्छा तब काम करता है जब संस्थाएं निर्विवाद वैधता का एक उच्च स्तर बनाये रखती हैं। अगर चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को बार-बार चुनौती दी जाती है, तो चुनावी लोकतंत्र की नींव ही खतरे में पड़ जाती है।

> **ऐसी नियुक्तियों में गोपनीयता का तर्क संस्थाओं की पवित्रता बनाये रखने की आवश्यकता में निहित है। एक बार जब चयन प्रक्रिया सार्वजनिक विवाद से दूषित हो जाती है, तो नियुक्त व्यक्ति को अपनी वास्तविक योग्यता या ईमानदारी की परवाह किए बिना संदेह के बादल के नीचे रहकर ही काम करना पड़ता है।**

यह भी एक अतिरिक्त जटिलता है कि यह घटनाक्रम भविष्य के चुनावों को कैसे प्रभावित करेगा। विपक्ष को पहले से ही चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का संदेह है, इसलिए वह चुनाव आयोग के खिलाफ अपनी बयानबाजी को और तेज कर देगा, जिससे ऐसी स्थिति पैदा हो सकती है कि चुनाव के नतीजों पर ही सवाल उठ सकते हैं। यह एक खतरनाक मिसाल है, क्योंकि यह न केवल चुनाव आयोग की भूमिका को अमान्य करता है, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे को भी कमजोर करता है। अगर राजनीतिक दल चुनाव अधिकारियों के चयन में कथित पूर्वाग्रहों के आधार पर चुनाव के नतीजों को स्वीकार करने से इनकार करते हैं, तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया ही अस्थिर हो जाती है।

यह महत्वपूर्ण है कि लोकतंत्र में, प्रक्रियाएं न केवल निष्पक्ष होनी चाहिए बल्कि निष्पक्ष भी दिखनी चाहिए। सीईसी की नियुक्ति पर विवाद को कम किया जा सकता था यदि व्यापक परामर्श होता, अधिक समावेशी चयन प्रक्रिया होती, या कम से कम, चयन समिति के भीतर असहमति को अधिक चतुराई से संभाला जाता। यह धारणा कि प्रक्रिया राजनीति से प्रेरित थी, ने वर्तमान अविश्वास को जन्म दिया है, और एक बार जनता का विश्वास डगमगा गया, तो इसे बहाल करना बहुत मुश्किल हो जाता है। भविष्य में ऐसे विवादों का एक संभावित समाधान प्रमुख संवैधानिक पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए अधिक मजबूत और व्यापक रूप से स्वीकृत तंत्र की स्थापना है।

जबकि चयन प्रक्रिया में विपक्ष को शामिल करने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय अधिक निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए था, लेकिन विडंबना यह है कि इससे अधिक सार्वजनिक कलह पैदा हुई है। यदि ऐसी नियुक्तियां सार्वजनिक असहमति से प्रभावित होती रहती हैं, तो विवादों को केंद्र में आने देने के बजाय प्रक्रिया को ही परिष्कृत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। शायद अधिक आम सहमति से संचालित दृष्टिकोण, जहां तटस्थ संवैधानिक विशेषज्ञों सहित कई हितधारक चयन में भूमिका निभाते हैं, अधिक व्यापक रूप से स्वीकृत परिणाम सुनिश्चित कर सकता है।


इसके अतिरिक्त, चुनाव आयोग को जनता का विश्वास बहाल करने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए। इसमें चुनावी ईमानदारी के बारे में चिंता जताये जाने पर स्पष्ट और निर्णायक हस्तक्षेप करना शामिल है। विवाद की मौजूदगी मात्र से आयोग को ठोस कार्रवाई के माध्यम से अपनी स्वतंत्रता का दावा करने से नहीं रोकना चाहिए। शब्दों के बजाय कार्रवाई के माध्यम से निष्पक्षता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करना संदेहियों को आश्वस्त करने में महत्वपूर्ण होगा। इसमें चुनावों के लिए मजबूत निगरानी तंत्र, इसके आंतरिक कामकाज में अधिक पारदर्शिता और चुनावी कदाचार के आरोपों पर अधिक सख्त प्रतिक्रिया शामिल हो सकती है।

राजनीतिक दलों, विशेष रूप से विपक्ष, के लिए यह भी अनिवार्य है कि वे अपनी प्रतिक्रिया को इस तरह से मापें कि संस्थाओं को जनता के विश्वास को पूरी तरह खत्म किये बिना जवाबदेह बनाया जा सके। जबकि चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक विमर्श की सीमा के भीतर है, किसी संस्था को पूरी तरह से बदनाम करने के दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं। यदि चुनाव आयोग को लगातार सत्तारूढ़ दल के विस्तार के रूप में चित्रित किया जाता है, तो उसके लिए प्रभावी ढंग से काम करना मुश्किल हो जाता है। विपक्ष को संस्था को पूरी तरह से अवैध ठहराये बिना वैध चिंताओं को उजागर करने का तरीका खोजना चाहिए।

## अस्मिता और विरासत का उत्सव: अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

अपनी भावनाओं और संवेदनाओं को व्यक्त करने में हमारी मातृभाषा सबसे प्रभावी माध्यम है, क्योंकि यह भावनात्मक रूप से हमें एक सूत्र में जोड़ती है और 'सगेपन' का अहसास कराती है। विभिन्न शोधों के निष्कर्ष यह दर्शाते हैं कि जो लोग अपनी मातृभाषा में दक्ष हैं, वे आमतौर पर शैक्षणिक रूप से बेहतर प्रदर्शन करते हैं। यह उनकी कुशलता के लाभों को दर्शाता है। यही मूल कारण है कि शिक्षाविद प्राथमिक शिक्षा में मातृभाषा को शिक्षण का माध्यम बनाने को प्राथमिकता देते हैं ताकि छात्र अपने अकादमिक जीवन में बेहतर कुशलता और सफलता अर्जित कर सकें।

इसमें अब कोई दो राय नहीं कि हमारी और आपकी मातृ भाषाएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और समाज को सशक्त बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। वैश्विक भाषा परिदृश्य की यदि बात करें तो पूरे विश्व में लगभग 8,324 भाषाएं बोली जाती हैं। गौरतलब है कि इनमें से कई वैश्वीकरण और सामाजिक परिवर्तनों के कारण विलुप्त होने के कगार पर हैं। यह बेहद चिंता की बात है कि हर दो सप्ताह में एक भाषा लुप्त हो जाती है, जिससे हमारी अनूठी संस्कृतियां और परंपराएं खतरे में पड़ जाती हैं। अमेरिकी भाषाविद केनेथ एल. हेल ने एक बार कहा था, 'जब आप एक भाषा खो देते हैं, तो दरअसल आप एक संस्कृति, बौद्धिक संपदा और अपनी एक कला को खो देते हैं।'



डॉ. शुभंकर मिश्र

> **आज के वैश्विक युग में एक से अधिक भाषाओं में दक्षता हासिल करना एक कौशल है, जिसकी कि हम सबको विशेष ज़रूरत है। यह एक तरह की विशेष योग्यता है जिनका इस युग में बहुत अधिक महत्व है। हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभाषा में संवाद करने और बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने का पूरा अधिकार है।**

यह अच्छी बात है कि भाषाई विविधता में तेजी से आ रही गिरावट को अब खुलकर स्वीकार किया जाने लगा है और प्रमुख और अल्पसंख्यक भाषाओं के बीच की चिंताओं पर अब चर्चा की जाने लगी हैं। परिणामस्वरूप, हाल के वर्षों में संकटग्रस्त भाषाएं, शैक्षणिक अनुसंधान और सामुदायिक पहलों का केंद्र बन गई हैं, जिनका उद्देश्य उनको संरक्षित और पुनर्जीवित करना है।

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस बहुभाषावाद की सुरक्षा के महत्व को पुन: स्थापित करता है। यह भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए हर साल 21 फरवरी को मनाया जाता है। यूनेस्को ने इस दिन की घोषणा 17 नवंबर 1999 को की थी, और इसे पहली बार 21 फरवरी 2000 को मनाया गया। सन् 2002 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर आधिकारिक रूप से इस दिन को मान्यता प्रदान किया। यह अवसर विश्व स्तर पर बोली जाने वाली विविध भाषाओं का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करता है।

बीते वर्षों में, अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के माध्यम से मातृभाषा और बहुभाषी शिक्षा के विभिन्न सरोकारों पर किया गया, जिनमें 'समाज और शिक्षा में समावेशन के लिए बहुभाषावाद को बढ़ावा देना' (2021), 'बहुभाषी शिक्षा के लिए तकनीक का उपयोग: चुनौतियां और अवसर' (2022), 'शिक्षा परिवर्तन के लिए बहुभाषी शिक्षा: एक आवश्यकता' (2023), 'बहुभाषी शिक्षा: सीखने और पीढ़ीगत आदान-प्रदान का एक स्तंभ' (2024) उल्लेखनीय हैं।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है, जो भाषा संरक्षण के महत्व के प्रति हमारे सरोकारों को उजागर करती हैं, ताकि सांस्कृतिक विरासत व भाषिक विविधताओं को सुरक्षित रखा जा सके और एक समावेशी समाज का निर्माण संभव हो सके। यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य का समर्थन करता है, जिसका उद्देश्य समावेशी और समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना और सभी के लिए आजीवन सीखने के अवसरों को बढ़ावा देना है। यह लक्ष्य विशेष रूप से शिक्षा तक पहुंच और गुणवत्ता में असमानताओं को कम करने की आवश्यकता पर विशेष बल देता है। इसके अलावा, इस क्रम में एसडीजी 4.6 का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी युवा और वयस्क, पुरुष और महिलाएं—साक्षरता और अंक ज्ञान का बुनियादी कौशल आसानी से हासिल कर सकें।

'बहुभाषावाद' हमारे जीवन के कई पहलुओं को प्रभावित करता है। यह केवल संचार और शिक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि संयुक्त राष्ट्र के द्वारा निर्धारित अन्य सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से भी जुड़ा हुआ है। एसडीजी 5, सभी महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है। एसडीजी 10 असमानताओं को दूर करने पर केंद्रित है। एसडीजी 16 शांति, न्याय और मजबूत संस्थानों को बढ़ावा देता है। विकास के ये लक्ष्य परोक्ष-अपरोक्ष रूप से मातृभाषा और बहुभाषा के छोटे-बड़े प्रश्नों से जुड़े हुए हैं। 'बहुभाषावाद' के व्यापक प्रभावों को समझने में गाहे-बगाहे हमें इनकी मदद लेनी ही पड़ती है। इस महत्वपूर्ण दिन का उत्सव हमें बहुभाषावाद और विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों के बीच परस्पर के संबंधों की खोज और आपसी समझ विकसित करने का एक बेहतर अवसर प्रदान करता है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मातृभाषा का उपयोग बेहद महत्वपूर्ण है। दुर्भाग्य से, कई देश अभी भी एकभाषी शिक्षा-प्रणाली को अपना रहे हैं, जिनसे छात्रों का साक्षरता कौशल अनपेक्षित रूप से प्रभावित होता है। यूनेस्को द्वारा प्रकाशित 'वैश्विक शिक्षा निगरानी' रिपोर्ट के तहत प्रकाशित नीति-पत्र, जिसका शीर्षक है- 'अगर आप समझ नहीं पाएँगे, तो सीखेंगे कैसे?' में इस बात पर इस बात की गंभीर चर्चा है कि दुनिया भर में 40 प्रतिशत लोग अपनी मातृभाषा में शिक्षा से वंचित हैं, जिससे एक असमान शैक्षिक वातावरण का निर्माण हो रहा है।

विदित ही है कि भारत एक बहुभाषी राष्ट्र है। इसकी विशाल भौगोलिक सीमा में यही कोई 120 से अधिक भाषाएं और बोलियां प्रचलित हैं। सन् 2011 की भारतीय जनगणना के अनुसार, हिंदी भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जिसके लगभग 52.83 करोड़ वक्ता हैं, जो देश की कुल जनसंख्या का 43.63 प्रतिशत हैं। हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, जो इसकी व्यापक लोकप्रियता को दर्शाती है। संस्कृत से गहरे रूप से जुड़ी और उर्दू के काफ़ी करीब हमारी हिंदी वर्षों से 'जन-भाषा' के रूप में भारत और अन्य देशों की विभिन्न संस्कृतियों को एकजुट करने का कार्य कर रही है।

आज के वैश्विक युग में एक से अधिक भाषाओं में दक्षता हासिल करना एक कौशल है, जिसकी कि हम सबको विशेष ज़रूरत है। यह एक तरह की विशेष योग्यता है जिनका इस युग में बहुत अधिक महत्व है। हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभाषा में संवाद करने और बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने का पूरा अधिकार है। दक्षिण अफ्रीका के प्रथम राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला ने एक बार कहा था, 'यदि आप किसी व्यक्ति से ऐसी भाषा में बात करते हैं, जिसे वह समझता है, तो वह उसके केवल दिमाग तक जाती है, लेकिन यदि आप उससे उसकी मातृभाषा में बात करते हैं, तो वह उसके दिल की गहराइयों तक पहुंचती है।' उनकी यह उक्ति इस बात पर बल देता है कि किसी व्यक्ति से उसकी मातृभाषा में संवाद करने से वह उससे अधिक प्रभावी रूप से जुड़ सकेगा। हमारी सांस्कृतिक और भाषाई विविधता एक बहुमूल्य धरोहर है, जिसे हमें संरक्षित करना चाहिए। बोलने, सुनने, पढ़ने और लिखने के माध्यम से अपनी भाषाओं को अपनाना हमें अपनी विरासत और अस्मिता को जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। यह समाज में दूसरों के साथ एक गहरे स्तर पर संबंध स्थापित करने में हमारी मदद करता है।

(लेखक विश्व हिंदी सचिवालय, मॉरीशस में उपमहासचिव के रूप में भारत सरकार के प्रतिनिधि हैं। इस लेख में व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं।)



## ललित सुरजन की कलम से

### भारत : बुजुर्गों का ख्याल

*यूरोप-अमेरिका के देशों में नागरिक वृध्दावस्था में एकाकीपन झेलने के लिए अभिशप्त होते हैं, यह मैंने देखा है। वृध्दाश्रम में रहते हुए वे अपनी जमीन से पूरी तरह उखड़ जाते हैं। वे तरसते हैं कि बेटे-बेटी, नाती-पोते उनसे मिलने के लिए आएं। वहां स्काउट और रोटरी क्लब आदि संस्थाएं स्कूल के बच्चों को वृध्दाश्रम ले जाने का कार्यक्रम भी बनाती हैं ताकि उन रहवासियों को कुछ देर के लिए उत्फुल होने का अवसर मिल सके। घंटे दो घंटे के लिए सही उनका सूनापन तो कम हो। अभी चालीस साल पहले तक भारत में ऐसी स्थिति नहीं थी। हम सचमुच अपनी संयुक्त परिवार प्रथा पर अभिमान करते थे, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था में आए बदलावों से हम भी नहीं बच पाए और वह स्थिति आ ही गई जब मां-बाप एक शहर में और बच्चे नौकरी करने के लिए दूसरे शहर में। उन्हें आपस में मिलने के अवसर भी कम होते गए हैं तथा जरूरत पड़े तो बूढ़े लोगों की देखभाल पड़ोसी ही करते हैं। बच्चों को तो काम से छुट्टी ही नहीं मिलती।*

**(देशबन्धु में 28 अगस्त 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/08/blog-post_9983.html

## पावन प्रसंग

### समस्त विकास का साधन है शिक्षा

भारत में नालंदा और तक्षशिला जैसी विश्वस्तरीय शैक्षिक संस्थाओं, गुरुकुलों, विद्यालयों और गांव-गांव में फैले स्कूलों की श्रृंखलाओं वाली समाज पोषित शिक्षा व्यवस्था को अंग्रेज शासन द्वारा विधिपूर्वक तहस-नहस किया गया। विकसित ज्ञान क्षेत्रों और उनके उपयोग की सारी व्यवस्था को अंग्रेजों ने अपने हित में परे धकेल कर अपने ही घर में विस्थापित कर दिया था साथ ही उसमें से अपनी पसंद के रुचिकर ज्ञान को जीवन से काटकर जड़ बने इतिहास को समर्पित कर संग्रहालय की वस्तु बना दिया था। यह भारत में शिक्षा के एक शून्य के निर्माण के लिए हुआ, ताकि सिरे से शिक्षा का एक नया प्रासाद निर्मित हो। इस शून्य को अपने एजेंडे के अनुसार अध्ययन- अध्यापन व्यवस्था से भरा गया, ताकि शिक्षा का नवनिर्माण हो कि अंग्रेजी विचार-पद्धति और ज्ञान भारतीय चिंतन और ज्ञान का स्थान प्राप्त कर ले। भारतीय मानस के कायाकल्प की उनकी योजना सफल भी हुई। अंग्रेजी उपनिवेश के दौरान शिक्षा का जो ढांचा लादा गया, वह उपनिवेश के उपरांत स्वतंत्र भारत में प्रश्नांकित होने की जगह ठीक ठहराया गया और आंख मूंदकर आत्मसात कर लिया गया। ऐसा भी नहीं था कि विसंगतियों पर ध्यान नहीं दिया गया। इनकी समीक्षा के लिए विचार- विमर्श हुआ, राधाकृष्णन और कोठारी आयोगों और राममूर्ति समिति आदि के प्रतिवेदनों के माध्यम से बहुत संस्तुति भी हुई। ऐसे विचार अभी भी जारी हैं, पर अधिकांश ठंडे बस्ते में है। ज्ञान में पश्चिमी वर्चस्व बरकरार है। विभिन्न विषयों में सिद्धांत, अवधारणाएं और विचार पहले यूरोप और बाद में अमेरिका से प्रचुर मात्रा में आयातित हुए और उन्हीं के खांचे में फिट कर हमने स्वयं को देखना शुरु किया। इस प्रक्रिया में हमारे द्वारा जिस सामाजिक यथार्थ का निर्माण हुआ वह केवल भ्रम का कारण बना और हम यथार्थ के साथ न्याय नहीं कर सके। देश और काल की सीमाओं को भुलाकर वैज्ञानिकता के घने आवरण में हमारी आधी-अधूरी समझ में पश्चिमी ज्ञान को ही सार्वभौमिक ज्ञान का दर्जा दिया गया। दर्शन, विज्ञान और साहित्य की सारी की सारी भारतीय उपलब्धियां अंधकार में लुप्त होने को अभिशप्त होती चली गई।

हालांकि सरकारी और औपचारिक ज्ञान की श्रेणी से बहिष्कृत होने पर भी लोकजीवन में टूटे बिखरे और बदले रूपों में उसके अवशेष देखे सुने जा सकते हैं। योग, संगीत, चित्रकला, आयुर्वेद और आध्यात्मिक ज्ञान के क्षेत्र में उनका बाजार, कुछ चमक जरूर रहा है, पर ज्ञान की स्वीकृत परिपाटी में उनकी कोई जगह नहीं है। उनकी स्वीकृति अभी भी दोयम या तीसरे दर्जे की ही है। कटु वास्तविकता यह है कि ज्ञान विज्ञान की अपनी परंपरा को अनानश्यक ठहराकर व्यर्थ बना दिया गया है।

**-अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### दिल्ली की मुख्यमंत्री को अनेक रेखाओं को पार करना होगा, उनके लिए बड़ी चुनौती

केजरीवाल का दस साल के शासन के बाद अब दिल्ली की कमान नवनिर्वाचित रेखा गुप्ता को सौंपी गई है। उनके शपथ ग्रहण के बाद अब मुख्यमंत्री पर राजधानी दिल्ली सहित देश की नजर है। अब विकास के सोपान तय करने होंगे। मुख्यमंत्री को उन घोषणाओं और वादों को पूर्ण करना होगा, जो चुनाव के दौरान भाजपा ने संकल्प पत्र में किये गए थे। अब विकास की वैतरणी शुरू हो जाएगी। महिला मुख्यमंत्री के नाते महिलाओं को बड़ी उम्मीद है। छात्र नेता से पार्षद और पार्षद के बाद विधायक और अब दिल्ली की मुख्यमंत्री बन जाने के बाद उनके सिर पर अनेक चुनौतियां हैं। उन चुनौती को पूर्ण करना है जो स्वयं भाजपा ने पाल रखी है। कांग्रेस के बाद केजरीवाल के शासन के बाद दिल्ली की रौनक खत्म हो चुकी है। अब भाजपा विकास के लक्ष्य को पार करने में अपना विश्वास बनाये रखने में तटस्थ है। भाजपा ने जिन चुनावी मुद्दों पर जीत हासिल की है और दिल्ली की जनता को भरोसा दिलाया है उसके लिए निर्धारित समय मे कार्य शुरू करना होगा। जिसका भरोसा मत्तदाताओं को दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह और जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। दिल्ली के लिए डबल इंजन सरकार विकास को नया आयाम देगी। जिस तरह से दिल्ली को केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली को बीमारू बना दिया था। लेकिन अब विकास की बुलंदियों से दिल्ली को खूबसूरत शहर बनाने के संकल्प को भाजपा पूरा करेगी। इसमें दो राय नहीं है कि दिल्ली विकास की ओर आगे बढ़ेगी। यमुना की सफाई शुरू हो गई है। साफ पानी और प्रदूषण रहित दिल्ली की हवा के वादे भाजपा को शुरुआती दौर में ही शुरू करने होंगे। प्रति वर्ष पचास हजार की नौकरियां और महिलाओं के खातों में 2500 रुपये हर महीने दिए जाने की घोषणा भाजपा ने चुनाव के दौरान की थी। यह मोदी की गारंटी पर मत्तदाताओं को पूरा भरोसा है। सड़कों की सफाई और ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने की घोषणा की गई थी। नालों, गलियों सीवर की सफाई का वादा पूर्ण होगा साथ ही मुफ्त बस सेवा का फायदा महिलाओं के लिए सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी। दिल्ली केंद्र के सीधे नियंत्रण में है। आम आदमी पार्टी विपक्ष के आक्रामक विरोध की चुनौती और महिला मुख्यमंत्री की तुलना में बेहतर विकास की नींव रखनी होगी। विकास के कार्य को आगे बढ़ाना होगा।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## परीक्षाएं सिर पर एमयू के कुलगुरु गए कुंभ नहाने

### ⊙ प्रवेश पत्र के लिए भटक रहे एमबीबीएस के छात्र



**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (एमपीएमएसयू) की एमबीबीएस की परीक्षा गुरुवार से प्रारंभ हो गई हैं लेकिन विद्यार्थियों को अब तक परीक्षा के प्रवेश पत्र नहीं मिलने से परीक्षा के दौरान शहर के साथ प्रदेश भर के विद्यार्थियों को बेहद विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के ही नहीं समूचे प्रदेश विद्यार्थी प्रवेश पत्र के लिए परेशान हैं लेकिन उनकी समस्याओं के समाधान के लिए न तो कुलगुरु डॉ. अशोक खंडेलवाल विश्वविद्यालय में हैं न ही कुलसचिव डॉ. पुष्पराज बघेल मिल पा रहे हैं। एमपीएमएसयू सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डा. बघेल जहां लंबे समय से विवि से नदारद हैं वहीं विद्यार्थियों की परेशानियों का समाधान करने के बजाए कुलगुरु डॉ. अशोक खंडेलवाल विश्वविद्यालय के सारे कामकाज छोड़ कर अपना झोला उठाकर प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के लिए निकल गए हैं।

इस बात की पुष्टि मौजूदा स्टाफ भी कर रहा है कि विवि के दोनों शीर्ष अधिकारी महाकुंभ स्नान के लिए गए हैं। विद्यार्थियों ने उक्त आरोप लगाकर कहा कि ऐसे समय पर जब वे प्रबंधन से संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं तो विश्वविद्यालय में न तो कुलगुरु हैं न ही कुलसचिव उपस्थित हैं। बगैर प्रवेश पत्र के वे समझ नहीं पा रहे हैं कि परीक्षा कैसे दें। बुधवार को नर्सिंग छात्र संगठन (एन एस ओ) छात्रहित में विभिन्न मांगों का निराकरण कराने हेतु एमपीएमएसयू के कुलगुरु को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपने पहुंचा लेकिन न तो वहां कुलगुरु मिले न ही कुलसचिव। संगठन के अध्यक्ष गोपाल पाराशर ने यह जानकारी देते हुए बताया दोनों की अनुपस्थिति में एक उपकुलसचिव को ज्ञापन सौंपा।

## ट्रांसपोर्ट नगर में जीएसटी की चोरी पकड़ने विभाग के दल ने मारा छापा

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर के आयुक्त लोकेश कुमार लिल्हारे के मार्गदर्शन और नेतृत्व में जीएसटी जबलपुर के चोरी विरोधी शाखा ने ट्रांसपोर्ट नगर जबलपुर स्थित चौकसे ट्रांसवेज सेवा के गोदाम में विगत दिवस छापेमार कार्रवाई की।

विभाग को खबर मिली थी कि बहुत दिनों से उक्त ट्रांसपोर्टर खुफिया तरीके से गुटखा व पान मसाला दिल्ली से जबलपुर मंगवा रहा था। सूचना के पुष्टि के उपरांत, विभाग के निवारक शाखा के अधिकारियों ने उक्त ट्रांसपोर्टर के गोदाम में रेड की । रेड में बड़ी मात्रा में पान मसाला पाया गया, जो कि बिना किसी बिल व बिल्टी के उक्त गोदाम में स्टोर था। जीएसटी के धारा 67 के तहत उक्त पान मसाला को अधिकारियों ने जब्त किया ।

सूत्रों के मुताबिक ये पान मसाले, दिलबाग ब्रांड के है, जो तलब नाम से बिकते है, जिन्हें दिल्ली से मंगवाया गया था । अभी तक किसी ने इस माल का दावा नहीं किया है। ट्रांसपोटर्स से पूछताछ जारी है।



## थ्रीडी मॉडल में सर्जरी का कराया अभ्यास

**जबलपुर, देशबन्धु।** कार्यशाला के दूसरे दिन हितकारिणी डेन्टल कॉलेज में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मेक्सिलोफेशियल सर्जरी संगोष्ठी कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. राजेश धीरावाणी ने बताया कि कोर्स मॉडरेटर डॉ. जी.ई. घाली, डॉ. माईकल टर्नर, डॉ. ब्रिगेडियर एस.के रॉय चौधरी एवं डॉ. नितिन भोला ने पाठयक्रम के माध्यम से संगोष्ठी में पधारे युवा सर्जनों का मार्ग दर्शन किया एवं कोर्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की ताकी भविष्य युवा सर्जन आधुनिक कौशल का उपयोग कर नई टेकनीक द्वारा मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से कर सकें इसी कड़ी में ऑरिर्थोजैनेथिक सर्जरी में हेन्डस ऑन वर्कशॉप (व्यवहारिक कार्यशाला) का आयोजन किया। इस कार्यशाला में मानव चेहरे एवं जबड़े की थ्री.डी. मॉडल पर युवा सर्जन ने सर्जरी की विधा को व्यवहारिक रूप से थ्री डी मॉडल पर स्वयं सर्जरी का अभ्यास वरिष्ठ एवं अनुभवी ओरल एण्ड मेक्सिलोफेशियल सर्जन की उपस्थिति में सीखा। अमेरिका से डॉ. जी.ई घाली, डॉ. माईकल टर्नर, डॉ. स्तवन पटेल, डॉ. जीना वेंक्टेश्वरा, एवं देश से डॉ. जीवनलता, डॉ. विमल कालिया, डॉ. सोनल अंचलिया, डॉ. एस.पी.एस सोफी, डॉ. गुरसिमरत बरार, डॉ. नीलेश मिश्रा, डॉ. रामाराज, डॉ. प्रीती जैन, डॉ. मनोज गोयल ने अलग-अलग विषयों पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये डीन डॉ. रोहित मिश्रा, ओरल सर्जरी विभाग अध्यक्ष डॉ. संयोग पाठक, रजिस्ट्रार जय केशवानी उपस्थित थे।

## अधिवक्ताओं के खिलाफ बनाये गये काले कानून का होगा विरोध: सैनी

### बीसीआई ने भी पत्र भेजकर मांगे सुझाव

जबलपुर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के वाईस चेयरमेन एवं जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के पूर्व अध्यक्ष आरके सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा लाये गये एडवोकेटस एक्ट अमेंडमेंट बिल 2025 का केवल मध्यप्रदेश में ही नहीं संपूर्ण भारत में घोर विरोध किया जा रहा है।

श्री सैनी ने कहा कि एडवोकेटस अमेंडमेंट बिल 2025 के तहत अधिवक्तागणों पर वज्रपात किया गया है जो कि बिल्कुल भी बर्दाशत नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई बार रा'य शासन एवं केंद्र शासन को एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट के संबंध में कई बार लिखा पढ़ी की जा चुकी है, लेकिन एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट तो दूर रहा केंद्र सरकार द्वारा एडवोकेटस अमेंडमेंट बिल 2025 को अधिवक्ताओं को परेशान करने के उद्देश्य से लाया गया है, जिसमें ऐसे-ऐसे नियम लाये गये ह, जिससे अधिवक्तगण स्वतंत्र रूप से वकालत नही कर पायेंगे।

श्री सैनी ने बताया कि उक्त बिल के विरोध में दिल्ली उ'च न्यायालय के अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत् है। श्री सैनी ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद को बार कौंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें एडवोकेटस अमेंडमेंट बिल 2025 में 28 तारीख तक अपने सुझाव मांगे गये हैं।

उन्होंने यह बताया कि अगर अधिवक्तागणों की मांगे नहीं मानी गई और अधिवक्ताओं के हितार्थ एवं अधिवक्ताओं की मांगों के अनुरूप एडवोकेटस अमेंडमेंट बिल 2025 में संशोधन नहीं किया गया तो न केवल मध्यप्रदेश राज्य में बल्कि संपूर्ण भारत में 27 लाख अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत् रहेंगे।

## मुठभेड़ में नक्सलियों ने 150 राउंड किये फायर

### ⊙ ढेर हुईं तीन महिला नक्सली सहित 4 पर था लाखों का ईनाम

**जबलपुर, देशबन्धु।** बालाघाट जिले में हॉक फोर्स तथा पुलिस बल ने मुठभेड़ में चार महिला नक्सलियों को मार गिराया। चारों महिला नक्सलियों पर 62 लाख रूप का इनाम घोषित था। मुठभेड़ में अन्य नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। जिनकी तलाश में जंगल में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सर्चिंग के दौरान बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद हुए हैं।

आईजी संजय कुमार ने पत्रकारों को बताया कि नक्सल विरोधी अभियान के तहत हॉक फोर्स तथा जिला पुलिस लगातार नक्सलियों के खिलाफ कार्यवाही में जुटी हुई है। सूचना प्राप्त हुई थी कि गढी थानान्तर्गत सुपखार रेंज के रौंदा जंगल क्षेत्र में कान्हा-भोरदेव डिवीजन में नक्सलियों का समूह एकत्र है। जिसके बाद जंगल में सर्चिंग अभियान प्रारंभ किया गया। बुधवार की दोपहर सर्चिंग कार्य में लगे हॉक फोर्स तथा पुलिस बल की टीम पर जंगल में छुपे 20 से 25 नक्सलियों ने फायरिंग प्रारंभ कर दी। जिसके बाद हॉक फोर्स व पुलिस बल ने भी जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ लगभग चार घंटे तक जारी है। इस दौरान हमारी तरफ से 100 राउंड तथा नक्सलियों के तरफ से डेढ़ सौ राउंड फायरिंग की गयी। मुठभेड़ में हमारी टीम ने चार हार्ड कोर महिला नक्सलियों को मार गिराया। इसके अलावा अन्य नक्सली भी घायल हुए है,जो जंगल घना होने के कारण भाग गये। मृतक महिला में आशा निवासी दक्षिण बस्तर जिला सुकमा एरिया कमेटी की कमाण्डर भोरमदेव एरिया कमेटी की गिरफ्तारी पर 20 लाख रुपये का इनाम घोषित था। शीला उर्फ पदम उर्फ सरिता निवासी पेन्टा थाना जगरगुंडा जिला सुकमा छत्तीसगढ़ एसीएम भोरमदेव एरिया कमेटी, रंजीता जिला कोण्डागांव छ.ग. एसीएम भोरमदेव एरिया कमेटी तथा लख्खे मरावी जिला सुकमा छ.ग. एसीएम भोरमदेव एरिया कमेटी पर 14-14 लाख रूपये इनाम घोषित था । मुठभेड़ के दौरान घने जंगल का फायदा उठाकर नक्सली भाग निकले जिनकी सीआरपीएफ हाक फोर्स तथा जिला पुलिस बल द्वारा सघन तलाश की जा रही है। नक्सली आशा के विरूद्ध मध्यप्रदेश में 16 अपराध दर्ज है तथा रंजीता के आपराधिक रिकॉर्ड का पता लगाया जा रहा है। सरिता के विरुद्ध मध्यप्रदेश में 13 अपराध दर्ज है अन्य राज्यों से अपराधों की जानकारी ली जा रही है।

## पत्रकार अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता सम्मान व पुरस्कार समारोह आयोजित



**जबलपुर, देशबन्धु।** पत्रकार अरुण शुक्ला स्मृति पत्रकारिता सम्मान व पुरस्कार, श्रीमती माया शुक्ला स्मृति महिला पत्रकारिता पुरस्कार व श्रीमती सुशीला शुक्ला स्मृति श्रेष्ठ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पुरस्कार समारोह अरुणोदय 2025 का आयोजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पं.अरुण शुक्ला के जन्मदिन एवं निर्वाण तिथि 20 फरवरी को अपरान्ह 3.30 बजे अरुणोदय यशभारत कार्यालय परिसर शताब्दिपुरम उखरी में गरिमामय माहौल में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह अरुणोदय 2024 में नगर के चुनिंदा पत्रकारों व श्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्माननिधि से सम्मानित और पुरस्कृत किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि आशीष दुबे सांसद जबलपुर थे। जबकि अध्यक्षता जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में अनिल कुशवाह पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर ,दीपक सक्सेना कलेक्टर , एसपी लोकायुक्त संजय साहू, पीके मिश्रा कुलगुरू जेएनकेविवि ,रादुविवि कुलगुरु प्रो राजेश वर्मा , लोकेश लिलहारे कमिश्नर जीएसटी सेंट्रल एक्साइज , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा मोजूद रहे।

**ये हुए सम्मानित व पुरस्कृत-** अरुण शुक्ल स्मृति वरिष्ठ पत्रकारिता सम्मान- डॉ विनोद पुरोहित -स्वतंत्र पत्रकार को प्रदान किया गया।

**पत्रकारिता पुरस्कार** - अबीशंकर नगाईच-पत्रिका, अनूप जैन दैनिक भास्कर , अभिषेक तिवारी -नई दुनिया,हर्षित चौरसिया पीपुल्स , अंकित उपाध्याय प्रदेश टुडे और इलेक्ट्रानिक मीडिया से कुमार इंदर न्यूज 24 को दिया गया। जबकि श्रीमती माया देवी श्रेष्ठ महिला पत्रकारिता पुरस्कार शिवांजलि वर्मा हितवाद को प्रदान किया गया।

श्रीमती सुशीला शुक्ला स्मृति में सर्वश्रेष्ठ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, श्रीमती माया कश्यप और रंजना खरे को शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह और सम्मान निधि से सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। अतिथियों का स्वागत आशीष शुक्ला, अखिलेश शुक्ल,पर्व जायसवाल,राजुल करसोलिया अवधेश कटारे,अभिषेक शुक्ला-, अजेय शुक्ला,अर्पित शुक्ला, अंकित शुक्ला, अस्तित्व शुक्ला ने किया।

## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने 08 अधिकारियों को दी उच्च वेतनमान की सौगात

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने विगत दिवस जारी अपने आदेश में 08 अधिकारियों को 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान की सौगात दी। कंपनी द्वारा जारी आदेश में कार्यपालन अभियंता / उप महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों को 35 वर्षीय चतुर्थ विकल्प नियम के तहत समयमान वेतनमान (सातवां वेतनमान लेबल-ओ-04) का लाभ दिया गया। लाभ पाने वाले अधिकारियों में रमेश चंद्र साहू, हरीश कुमार भोला, बृजेश कुमार शुक्ला, पंच राज तिवारी, चंद्रमणि सिंह यादव, दीपक चंदेला, रत्नेश्वर प्रसाद सोनी एवं राजेश कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं ।

## संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों पर रेल विभाग करेगा ठोस कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** विगत 10 फरवरी 2025 को, मधुबनी रेलवे स्टेशन पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ट्रेन संख्या 12561 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर-नई दिल्ली) की एसी कोच की 73 कांच की खिड़कियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे स्टेशन पर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

इस कृत्य के बाद, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), पूर्व मध्य रेलवे ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे अधिनियम की धारा 145(b), 146, 153 और 174(a) के तहत मामला दर्ज किया (अपराध संख्या 168/2025)।

रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले अपराधियों की पहचान के लिए आरपीएफ की एक विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान, तकनीकी साक्ष्यों और विभिन्न स्त्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर एक नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया और खेद व्यक्त किया। मामले की जांच अभी भी जारी है और अन्य दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलवे संपत्ति राष्ट्रीय संपत्ति है और इसे नुकसान पहुंचाना गैरकानूनी कृत्य है। इसको ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार और जीआरपी के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा और रेलवे संरचना की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, आरपीएफ सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे गैरकानूनी कार्यों से दूर रहें। ऐसे कृत्य सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं।

## रेलवे स्टेशन में स्टेंड कर्मचारियों की मनमानी से यात्री सहित लीज ठेकेदार परेशान, स्टेशन डॉयरेक्टर मौन

जबलपुर, देशबन्धु। पमरे के जबलपुर मंडल के उच्च अधिकारियों की अनदेखी के कारण मुख्य स्टेशन में आम यात्रियों को स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1 एवं 6 में बने साइकिल स्टैंड कर्मचारियों की मनमानी से आम यात्री सर्वाधिक परेशनियों का सामना करना पड़ता है। यदि रेलवे के उच्च अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो कभी भी कोई बड़ा झगड़ा होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार प्लेटफार्म नम्बर एक एवं छै में रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों की सुविधाऐं के लिए साइकिल स्टैंड की व्यवस्था की है। प्लेटफार्म नम्बर 1 में विभाग द्वारा ड्राप एंड गो के लिए समय सीमा निर्धारित इसके अनुसार यदि यात्री अपने परिवारिक सदस्यों को छोड़ने के लिए आता है तो 8 मिनट का समय दिया गया है। यदि कोई भी यात्री के परिजन को प्लेटफॉर्म नम्बर 1 में छोड़ता है और 8 मिनट का समय पूरा होने के पूर्व ही ड्राप एन्ड गो में भी साइकल स्टैंड के कर्मचारी शुल्क वसूलने लगते हैं किसी से बीस तो किसी से चालीस यह देखने की फुर्सत किसी को भी नहीं है, पीड़ित व्यक्ति यदि स्टेशन निदेशक से संपर्क करता है तो निदेशक भी स्टैंड संचालक का ही फेवर करते है और स्टैंड संचाकल को बजाय कार्रवाई करने के अनावश्यक रूप से ही पीड़ित से शुल्क दिलाने के लिए ही प्रयत्नशील होते हैं।

पमरे के मुख्य स्टेशन में पार्सल कार्यालय स्थित है। यहां पर भी स्टैंड संचालक द्वारा जो पार्सल ठेकेदारों की पार्सल वैन आना जाना करती है उनसे भी स्टैंड के कर्मचारी पार्किंग के चार्जेस की मांग करते हैं, और यदि वह न दे तो गाली गलौज एवं मारपीट करने पर भी आमदा हो जाते हैं। इस प्रकार की बदसलूकी किसी दिन बड़ा रूप ले सकती है।

**स्टैंड कर्मी ड्रेस नहीं पहनते हैं और नाम पट्टिका भी नहीं लगाते** - जानकारी के अनुसार रेलवे द्वारा स्टैंड संचालित करने का ठेका दिया जाता है तो उसमें सभी प्रकार के नियमों और शर्तो का वितरण रहता है। परंतु इसका कई दिनों से पालन ही नहीं होता है इस प्रकार के नियमों का पालन न करने पर भी स्टेशन प्रबंधक इस ओर ध्यान ही नहीं देते या तो जानबूझ कर इसे अनदेखा कर स्टैंड संचालक को अघोषित रूप से मदद ही कर रहे हैं। नियमानुसार इसका भी स्टेशन निदेशक द्वारा अनावश्यक रूप से लाभ पहुंचा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह ने विभाग की आय बढ़ाने के उद्देश्य से जो निजी लीज ठेकेदारों की बैठक आहुत की थी। इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था। इस बैठक में भी हिस्सा लिया था और बैठक में लीज ठेकेदारों ने साइकल स्टैंड के संचालकों ने पार्सल कार्यालय में अपनी आटो के पार्किंग का शुल्क लेने के संबंध में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक कुशाल सिंह से निजी ठेकेदारों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज करायी है। पीसीसीएम ने इन शिकायतों को दूर करने की बात कही है। एक पीड़ित ठेकेदार ने नाम न जाहिर करते हुए बताया कि हमारे जो भी कर्मचारी हैं, उनको मेरे द्वारा समय पर वेतन भुगतान किया जाता है, इसके बावजूद स्टेशन में पदस्थ एक अधिकारी आए दिन हमारे कर्मचारियों से अपने व्यक्तिगत कार्य तो करवाते हैं, और जो भी कर्मचारी काम न करें तो उसे लीज वैन का कार्य समाप्त करने तक की धमकी देने से बाज नहीं आते हैं इस प्रकार के कार्य से विभाग की छबि खराब होने की पूरी संभावना रहती है।

यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि निजी ठेकेदारों से प्रति वर्ष रेलवे को करोड़ों रूपयों का राजस्व प्राप्त होता है,यदि साइकिल स्टैंड के ठेकेदारों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो ठेकेदार रेलवे से पल्ला झाड़कर भागे तो विभाग के राजस्व को हानि होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## मंडीदीप और सांची रेलवे स्टेशनों को मिला बीईई शून्य लेबल प्रमाणपत्र



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम-मध्य रेलवे, भोपाल मण्डल के मंडीदीप और सांची रेलवे स्टेशनों को बीईई शून्य लेबल प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है।

यह प्रमाणपत्र रेलवे की ऊर्जा दक्षता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बीईई शून्य लेबल प्रमाणपत्र भारतीय रेलवे की ऊर्जा प्रबंधन पहल के तहत प्राप्त किया गया है, जो ऊर्जा की खपत को घटाकर पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के उद्देश्य से दिया जाता है। इस प्रमाणपत्र को प्राप्त करना यह दर्शाता है कि इन स्टेशनों ने ऊर्जा बचत, जलवायु परिवर्तन पर प्रभाव को कम करने, और कार्यक्षमता में सुधार के लिए विभिन्न उपायों को लागू किया है।

**क्या है बीईई शून्य लेबल प्रमाणपत्र**-बीईई शून्य लेबल एक प्रतिष्ठित प्रमाणपत्र है, जो ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है। इस प्रमाणपत्र का उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों और भवनों में ग्रीन और कार्बन-न्यूट्रल वातावरण को बढ़ावा देना है। जिन प्रतिष्ठानों को यह प्रमाणपत्र मिलता है, वे शून्य कार्बन उत्सर्जन और ऊर्जा कुशलता को अपनाने की दिशा में काम करते हैं। यह प्रमाणपत्र पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल के विद्युत सामान्य विभाग द्वारा ऊर्जा सरंक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोत की दिशा में किए जा रहे सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## भार से अधिक की कनेक्शन से वसूली के विरोध में पत्रोपाधि विद्युत अभियंता संघ ने किया धरना-प्रदर्शन, दिया ज्ञापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कनिष्ठ अभियंताओं और लाइन स्टाफ पर अवैध कनेक्शन की जिम्मेदारी डालने और बिलिंग की गई राशि की वसूली कनिष्ठ अभियंताओं से करने जैस आदेश के खिलाफ मध्यप्रदेश पत्रोपाधि अभियंता संघ के इंजीनियर अशोक जैन प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष के नेतृत्व में 11 फरवरी 25 से पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के सभी 25 जिले के वृत्त कार्यालयों में धरना प्रदर्शन, ज्ञापन का सिलसिला चल रहा था 7 प्रदर्शन की इसी कड़ी में आज गुरुवार को विद्युत मुख्यालय शक्तिभवन में कनिष्ठ अभियंताओं द्वारा अशोक जैन के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया और पूर्व क्षेत्र विद्युत कंपनी के प्रबंध संचालक के नाम एक ज्ञापन मुख्य महाप्रबंधक श्रीमति नीता राठौर, मुख्य अभियंता वाणिज्य अशोक ध्रुवे, मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र केएल वर्मा, अधीक्षण अभियंता शहर संजय अरोरा, अधीक्षण अभियंता सं/सं वृत्त नीरज कुचिया को ज्ञापन सौंपा गया। मप्र पत्रोपाधि अभियंता संघ के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष इंजीनियर अशोक जैन ने कहा कि अब अनुचित आदेशों से किसी भी प्रकार के प्रताड़ना को बरदाश्त नहीं किया जाएगा। सतर्कता संकाय द्वारा अस्थाई, अवैधानिक, कृषि पंप, तीन किलो वाट से अधिक भार के कनेक्शन पाए जाने पर संबंधितों से वसूली राशि निर्धारण के निर्देश दिए गए। संघ ने इस आदेश पर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया है क्योंकि बिना जांच किए किसी भी संबंधित से वसूली करना, प्राकृतिक न्याय की दृष्टि से अनुचित है। सतर्कता संकाय द्वारा भौतिक परीक्षण किए बिना आधी अधूरी जानकारी के आधार पर, कही की भी फोटो लेकर औचित्यहीन पंचनामा बनाकर गलत तरीके से, अंतिम निर्धारण आदेश तैयार किए जा रहे है। जबकि उसमें से कई उपभोक्ताओं के स्थाई एवं अस्थाई कनेक्शन विद्यमान हैं, अशोक जैन ने आरोप लगाया कि प्रबंधन द्वारा जूनियर इंजीनियरों को प्रताड़ित किया जा रहा हैं 15 जूनियर इंजीनियरों की वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जारी किए गए हैं। वहीं सुरक्षा संसाधनों के अभाव में लाईन स्टाफ की जान खतरे में हैं। इन्ही सब बातों को लेकर रामपुर स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय और शहर अधीक्षण अभियंता कार्यालय में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे गए।

श्री जैन का कहना है कि आज के धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन के बाद समुचित हल नहीं निकला तो आगे उग्र आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

## बच्चे हैं देश का भविष्य: महापौर

**जबलपुर, देशबन्धु।** बच्चे देश के भविष्य हैं, निगम के सभी छात्र-छात्राओ को अध्ययन एवं अध्यापन हेतु और बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जायेगी। आप सबको बेहतर शिक्षा मिले इसके लिए हमारे द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। इस दिशा में महापौर गुरूकुल के माध्यम से बच्चों को और बेहतर पठन पाठन की सुविधाएँ व उन्हें प्रोत्साहन प्रदान किया जायेगा। छात्र जीवन हमारे जीवन की प्रथम पाठशाला है जिसमें हम जीवन का पाठ सीखते हैं। नगर निगम विद्यालय की छात्र-छात्राएँ किसी भी विद्यालय से कम नहीं है, उनमें अपार प्रतिभा है और आपके शिक्षकगण आपको नित मार्गदर्शन प्रदान करते हैं जो कि आपके जीवन को कामयाबी प्रदान करता है। उक्त उद्गार नगर निगम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घमापुर के कक्षा बारहवीं के छात्राओं की विदाई एवं सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने बच्चों को महापौर गुरूकुल के माध्यम से उनके यशस्वी जीवन की शुभकामनाएँ देते हुए व्यक्त किये।

आयोजन के प्रारंभ में महापौर श्री अन्नू के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। तद्पश्चात उपस्थित महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, पूर्व एम.आई.सी. सदस्य एवं पार्षद श्रीमती एकता गुप्ता, पूर्व पार्षद कल्लन गुप्ता, नगर निगम शिक्षा अधिकारी श्रीमती वीना वर्गीस का स्वागत प्राचार्य श्रीमती दीप्ति शर्मा के द्वारा करते हुए शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का हुआ शुभारंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी जी की पुण्य स्मृति में दादा ईश्वरदास रोहाणी सेवा समिति के द्वारा श्री शिव महापुराण कथा, श्री शिवमहायज्ञ एवं असंख्य रूद्री (शिवलिंग) निर्माण का आयोजन कथा प्रवक्ता आचार्य स्वामी श्री अशोकानंद जी महाराज के मंगल सानिध्य में 20 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण, रांझी में आयोजन होना है।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस भव्य कलश शोभायात्रा का शुभारंभ श्री शिव महापुराण कथा स्थल सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण, रांझी से प्रारंभ होकर बड़ा पत्थर, किशन होटल, राधाकृष्ण मंदिर, मस्ताना चैक, जयराम चैक, एस.ए.एफ. दर्शन सिंह तिराहा, मोनी तिराहा, बापू नगर रोड, बंगाली कॉलोनी, जैन मंदिर रोड से कथा स्थल पहुंची। इस शोभायात्रा में हजारों संख्या में महिलाएं अपने सिर पर कलश धारण किए हुए शोभायात्रा में शामिल हुई जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत हुआ, जगह-जगह कथा प्रवक्ता आचार्य स्वामी श्री अशोकानंद जी महाराज का आरती एवं श्रीफल से स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वामी श्री अशोकानंद जी महाराज ने कहा कि शिव की आराधना से स्वर्ग की प्राप्ति होती है, कल दिनांक 21 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रतिदिन प्रात: 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक रूद्री (शिवलिंग) निर्माण, दोपहर 12 बजे से 1: 45 तक भण्डारा, दोपहर 2 बजे से श्री शिव महापुराण कथा के महत्व का वाचन होगा। इस शोभायात्रा में विशेष रूप से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, केंट विधायक अशोक रोहाणी, जबलपुर नगर निगम महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु, नगर निगम अध्यक्ष रिंकु विज, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंट विधायक अशोक रोहाणी, रिंकु विज, सचिन जैन सहारा, दशरथ रजक, गोविंद यादव, संजय जैन, सुंदर अग्रवाल, प्रसन्न उपाध्याय, दशरथ पिल्ले, पप्पू सोनकर, अभिषेक सिंह, बबलू लालपुरी, राहुल कपूर सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 'इनर्शिया' में दिखेंगे टेक एंड कल्चर के रंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** कॉलेज स्टूडेंट्स को स्टार्टअप आइडियाज पर काम करने का एक मंच मिलेगा। वे जहां टेक्निकल स्टार्टअप की झलक टेक फेस्ट में दिखा पाएंगे, वहीं फंडिंग और प्लेटफॉर्म कर समस्याओं का समाधान भी हासिल कर सकेंगे। गुरुवार को जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में टेक एंड कल्चरल फेस्ट 'इनर्शिया' की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अशोक रोहाणी ने की।

### डिफेंस व प्रोजेक्ट एक्सपो होंगे खास

कार्यक्रम में स्टूडेंट्स यूनीक इनोवेशन को डिफेंस व प्रोजेक्ट एक्सपो में शामिल करेंगे। इसके साथ ही कल्चरल ईव में हुनर के रंग भी दिखाएंगे। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. राजीव चांडक, डॉ. संजय सोनी, डॉ. अनुभा माहेश्वरी, संस्थापक गुरदीप ओबेरॉय, सह-संस्थापक शुभांशु पांडे का सहयोग रहा। फेस्ट में डिफेंस एक्सपो, स्टार्टअप एक्सपो, प्रोजेक्ट एक्सपो, टेक टॉक्स के साथ लाइव बैंड, डांस, ओपन माइक शो, स्टेंडअप कॉमेडी, एजुकेशनल वर्कशॉप और स्पोर्ट्स एक्टिविटीज होंगी।



## पूर्व विधानसभा क्षेत्र के शिविर में 3 हजार लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व विधानसभा क्षेत्र का सात दिवसीय मानव सेवा का संकल्प एवं स्वास्थ्य शिविर का प्रथम दिन गुरूवार शुब्बाशाह मैदान में प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुआ जो शाम 5 बजे तक जारी रहा, जिसमें जन समूह का ताता लगा रहा। प्रथम दिन में लगभग 3000 हितग्राहियों ने अपना परीक्षण कराया जिसमें 800 हितग्राहियो का चश्मे के लिए पंजीयन किया गया। 70 हितग्राहियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए पंजीयन किये गये। 1700 हितग्राहियों को विभिन्न बीमारियों के लिये जिसमें महिला एवं पुरूष सभी सम्मिलित हैं, को दवाईयों का वितरण किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में ब्लाक अध्यक्ष आजम खान, विजय घनघोरिया, पार्षद कलीम खान, मतीन अंसारी, राजू लईक, पार्षद गुलाम हुसैन, पार्षद शफीक हीरा, ताहिर अली, आरिफ हसन सिद्धीकी, यश घनघोरिया, शहबाज मंसूरी, आबिद मंसूरी, आसिफ इकबाल आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संत गजानन महाराज ने पालकी पर सवार होकर भक्तों को दिए दर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** शेगांव महाराष्ट्र के दिव्य संत गजानन महाराज के 136 वें प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष्य में यादव कॉलोनी में स्थित गजानन महाराज के मंदिर में 33 वां प्रकटोत्सव पर महाराज की पालकी पर विराजमान होकर भक्तों के कंधे पर भ्रमण किया।भक्तों ने रंगोली सजाकर आरती उतारी और जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। प्रात: काल में गजानन महाराज का अभिषेक, गणपति अथर्वशीर्ष पाठ,आरती एवं हवन, महाप्रसाद का वितरण किया। गजानन महाराज प्राकट्य महोत्सव शोभायात्रा कमला नेहरू वार्ड , दया नगर, यादव कालोनी, स्नेह नगर, जय नगर, प्रभात कालोनी, राधिका अपार्टमेंट में भ्रमण करते हुए वापस गजानन मंदिर महाआरती के साथ संपन्न हुई । शोभायात्रा में मंत्री राकेश सिंह,विधायक अभिलाष पांडे, रत्नेश सोनकर, पार्षद अंशुल राधवेंद्र यादव, पार्षद सोनिया रंजीत सिंह, पार्षद प्रतिभा विध्येश भापकर, शरद जैन, रंजीत पटेल, माखन शर्मा सहित गजानन महाराज मंदिर यादव कालोनी के सेवकरी चिन्मय जोशी, विनोद दीवे, सच्चिदानंद शेकटकर, राकेश पटेल, अभय पालगे, गिरीश मैराल,हर्षल पुणतांबेकर, हेमंत पोहरकर ,नवनीता पटेल, प्रीति पालगे,शुभ्रा भौमिक, वर्षा, स्मिता दहिया नीतू डोलानी ज्योत्सना पंडित, स्वाति शेकटकर, रीत कुंदनानी, राकेश ताम्हणकर, रोहन वैध, पंकज तिवारी, शोभित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे ।



## धर्मायतन पहुंची श्रीजी की पालकी यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु** श्री दिगंबर जैन वीतराग विज्ञान मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में गुरुवार को श्रीजी की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई जो बड़ा फ़ुहारा पायल वाला मार्केट स्थित श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय से गोल बाजार स्थित श्री महावीर स्वामी दिगंबर जिनालय धर्मायतन पहुंची जहां बड़ी संख्या में श्रावकगणों ने श्रीजी का भव्य अगवानी की। दीपक राज जैन एवं नितिन जैन ने बताया कि शुक्रवार को मूल वेदी पर इन जिनबिम्बों की प्रतिष्ठा होगी जिसमें प्रात: 7 बजे से अभिषेक करने के पश्चात विधि विधान के बाद मूल प्रतिमाओं का वेदी प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विधानकर्ता परिवार आतम जैन एवं समस्त जैन धर्मालंबियों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

## शराबखोरी, चोरी व छेड़छाड़ से परेशान विजयनगर वासियों ने कांग्रेसजनों के साथ किया थाने का घेराव

**जबलपुर, देशबन्धु।** विजयनगर में आए दिन हो रही चोरिया, शराब खोरी एवं महिलाओं के साथ हो रही छेड़छाड़ के खिलाफ स्थानीय नागरिकों ने कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों के साथ विजयनगर थाने का घेराव कर दिया, विजयनगर थाने के घेराव का नेतृत्व करते हुए पूर्व पार्षद जितिन राज एवं वर्तमान में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा व नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा कि विजयनगर स्थित विभिन्न कॉलोनी में रात के समय सड़कों पर खुले आम बेखौफ होकर शराब पीना आम बात हो गई है, शाम 7.00 के बाद विजयनगर के प्रमुख क्षेत्र विकास नगर पीएनटी कॉलोनी स्थित खाली बिल्डिंग विकास नगर पार्क



जगदंबा कॉलोनी जीरो डिग्री विजयनगर शराब दुकान के आसपास हर सड़क गली में खुले आम शराब खोरो का जमावड़ा लगा रहता है, पुलिस की ग्रस्त ना होने के अभाव में शराब पीने के बाद लोग बेवकूफ होकर गाली गलौज एवं मारपीट पर आमादा रहते हैं, इन क्षेत्रों से निकलने वाली महिलाओं एवं लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की बात आम हो गई है, विजयनगर क्षेत्र में प्रतिदिन चेन स्नेचिंग पर्स मोबाइल लूटने की घटना बिल्कुल ही आम बात हो गई है, इसके साथ ही इन क्षेत्रों में रात के साथ-साथ दिन में भी बेवकूफ होकर चोरों की गैंग सक्रिय है, पिछले कुछ दिनों पहले ही जगदंबा कॉलोनी के कई घरों में चोरी की घटनाएं हुई जहां से वह नशे का बेखौफ होकर व्यापार करते हैं, नशीले इंजेक्शन गांजा चरस जैसे संगीन नशे बेचने की बिल्डिंग अड्डा बन चुकी है, कई अपराधी वहां पर फेरारी काटते हैं यदि एक सप्ताह में पुलिस सक्रियता नहीं दिखती है तो कांग्रेस पार्टी आम जनों के साथ एसबीआई चौक पर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेगी, धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व पार्षद जितिन राज , नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पार्षद अयोध्या तिवारी संतोष पंडा मदन लारिया, सोनू कुकरेले, सचिन जैन,सचिन बाजपेई, भानु यादव पुष्पेंद्र अहिरवार, जय ठाकुर, गगन गुप्ता प्रियांशु साहू, सौरभ मिश्रा निखिल जैन, नमन गर्ग सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं स्थानीय जन मौजूद रहे

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 21 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्ठमी, नक्षत्र- अनुराधा।**

**मेष**
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

**वृषभ**
परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

**मिथुन**
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं। `क-399-179

**कर्क**
आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

**सिंह**
परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**कन्या**
अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

**तुला**
आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृश्चिक**
घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

**धनु**
काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

**मकर**
आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

**कुंभ**
आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है।

**मीन**
भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।

म. 589-228

3,5,7,9,30,55,71,94,45,50,77,81

## सोशल वर्क सर्टिफिकेट कोर्स किया पूर्ण



**जबलपुर, देशबन्धु।** सोशल वर्क में सर्टिफिकेट कोर्स कर छात्राओं ने सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी की योग्यता बढ़ाई। जस्टिस तन्खा मेमोरियल इंस्टीट्यूट में माता गुजरी कॉलेज की छात्राओं ने सोशल वर्क के अंतर्गत विजिट की। स्टूडेंट्स ने फील्ड प्रोजेक्ट वर्क में विशेष बच्चों के साथ समय बिताया, वहीं उन्हें साथ गतिविधियों में हिस्सा लिया। आयोजन में डॉ. सुनील कुमार पाहवा, डॉ. संगीता झाम्ब, डॉ. सत्येन्द्र कुररिया, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अंजु मिश्रा, प्रभा पहारिया का सहयोग रहा।

## फील्ड प्रोजेक्ट में जुटाया स्टडी कंटेंट




**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय मानकुंवर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर गाइडेंस योजना के अंतर्गत प्रोजेक्ट फील्ड सर्वे एवं औद्योगिक भ्रमण का आयोजन हुआ। स्टूडेंट्स ने झोंत ग्राम पंचायत का भ्रमण किया गया। इस दौरान छात्राओं ने सरपंच नारायण ठाकुर से पंचायती राज की त्रिस्तरीय प्रक्रिया को समझा। इसके साथ ही ग्रामीण राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को लेकर घर-घर जाकर फील्ड सर्वे किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ला, प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुलेखा मिश्रा, डॉ. नेहा शाक्य, डॉ. कपिल नेमा, डॉ. सविता तिवारी, सुलेखा मलिक, शिवकुमारी दुबे का सहयोग रहा।

## कला, साहित्य और संस्कृति में 'बुंदेली भाषा' का समोवश

**जबलपुर, देशबन्धु।** बुंदेली भाषा हमारी शान है। हओ...,काए..., बड्डा जैसे शब्द जबलपुरियंस की पहचान भी है। कुछ समय पहले तक जहां बुंदेली बोलने में युवा संकोच करते थे, वहीं आज बुंदेली में रील्स और ब्लॉग्स बना रहे हैं। उन्होंने यह मान लिया है कि अपनी संस्कृति को अपनाना इसे आगे बढ़ाने से जुड़ा है। यही कारण है कि कला, साहित्य और संस्कृति में बुंदेली गौरव का समावेश निरंतर बढ़ रहा है। कविता लेखन हो या फिर रंगमंच हर क्षेत्र में बुंदेली के रंग नजर आ रहे हैं।

**इसलिए मनाते हैं दिवस-** यूनेस्को द्वारा हर साल 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन भाषाओं के लिए समर्पित होता है जिन्हें हम बचपन से सुनते और बोलते हैं। वही यह भाषा के सांस्कृतिक व साहित्यिक महत्व से भी जुड़ा हुआ है।

**कविता लेखन व रचनाएं-** शहर में साहित्य विधा में जुड़े लोग बुंदेली लोकनृत्य बन गया शहर की पहचान भी बुंदेली को प्रमुखता दे रहे हैं। डॉ. आशा श्रीवास्तव कहती हैं कि वे स्वयं बुंदेली में कई लघुकथाएं और संस्मरण लिखती हैं। वहीं शहर में कई साहित्यकारों की बुंदेली पुस्तकें कॉलेजों में सिलेबस में शामिल की गई हैं। इसके साथ ही बुंदेली कविता, बुंदेली लघुकथाएं और कहानियां भी युवाओं को भाषा से जोड़ने में मददगार साबित हो रहे हैं।

**महाकोशल की पहचान बन चुका-** अहीर लोकनृत्य विदेशी जमीन तक में संस्कारधानी के नाम का डंका बजा चुका है। हुर्रार्रार्रार्रार्रा ओए ओए... की धुन इस नृत्य की पहचान बन चुकी है।

ग्वालों के इस करतब को नृत्य विधा में ढालने वाले कृष्णकांत दीक्षित ने बताया कि वे खुद बचपन से ग्वालों के बीच रहे हैं। वहीं इसे देखकर नृत्य रूप में तैयार किया। नृत्य के लिए तैयार लोकगीत बुंदेली शब्दावली से तैयार किए गए हैं। हाल ही में नृत्य ने चीन में अंतरराष्ट्रीय युवा उत्सव में जीत दर्ज की है।

**रील्स ने बढ़ाई बेमिसाल लोकप्रियता-** सोशल मीडिया में भी बुंदेली की गजब लोकप्रियता नजर आ रही है। कई फेमस इन्फ्लूएंजर्स जहां बुंदेली में ब्लॉग्स बना रहे हैं, वहीं देश-विदेश में ख्याति भी बटोर रहे हैं। पर्यटन स्थल की डॉक्यूमेंट्री हो या फिर शहर के कोई बड़ा महोत्सव। हर विस्तार के लिए बुंदेली का प्रयोग लोगों की डायरेक्ट कनेक्टिविटी के लिए किया जा रहा है।

## रिदम् ऑफ नेशन थीम पर कार्यक्रम

**जबलपुर, देशबन्धु।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर में एनुअल फंक्शन मनाया गया। कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने रिदम ऑफ नेंशस थीम पर प्रस्तुति दी। आयोजन में जीओसी एमबी एरिया ले. जनरल पीएस शेखावत थे। अध्यक्षता जीआसी कमाण्डेंट ब्रिगेडियर ललित शर्मा ने की। स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर शानदार समां बांधा। प्रस्तुतियों के बाद स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया। स्कूल के राकेश सदन को समग्र चैम्पियनशिप ट्रॉफी सौंपी गई। उन्होंने शासकीय माध्यमिक विद्यालय, भोंगाद्वार के विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया, जो विद्यांजलि कार्यक्रम के अंतर्गत एपीएस नंबर 1 से सम्बद्ध हैं। जीओसी ने मिडिल स्कूल श्रेणी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वालों को भी ट्रॉफी दी।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्‌गति दे भगवान**

**श्रीमती सुशीला मालवीय-** दीक्षितपुरा सिमरिया वाली रानी की कोठी के पास निवासी श्री राम कुमार मालवीय की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला मालवीय (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरण शुक्ला-** रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री दिनेश कुमार शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती किरण शुक्ला (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रमेश कुमार वाल्मीक-** शंकरशाह नगर छापर रामपुर निवासी श्री रमेश कुमार वाल्मीक (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण प्रसाद नामदेव-** चांदमारी ओमकला मंदिर रोड निवासी श्री नारायण प्रसाद नामदेव (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दीपक कुशवाहा-** गौर एकता मार्केट के पास निवासी श्री दीपक कुशवाहा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा रानी रजक-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री राजाराम रजक की धर्मपत्नी श्रीमती आशा रानी रजक (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम जियावन शुक्ला-** रीवा कॉलोनी शिवनगर निवासी श्री राम जियावन शुक्ला (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र कुमार श्रीवास-** कांचघर निवासी श्री राजेंद्र कुमार श्रीवास (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माया बाई दुबे-** वाजपेयी कॉलोनी दीक्षितपुरा निवासी श्री जनार्दन दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती माया बाई दुबे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूर्यबली सिंह-** सीओडी कॉलोनी आनंद नगर निवासी श्री सूर्यबली सिंह (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उषा तिवारी-** मदनमहल निवासी श्री राकेश तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती उषा तिवारी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कन्हैया लाल पासी-** प्रेमसागर साहू मोहल्ला निवासी श्री कन्हैया लाल पासी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दीपक कुमार वासु-** वैशाली परिसर नर्मदा नगर निवासी श्री दीपक कुमार वासु (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुन बाई-** शास्त्री ब्रिज नरसिंह मंदिर के पास निवासी श्री सुंदर लाल की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन बाई (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## स्कूल की मान्यता के लिए बीआरसी की रिश्वत की मांग

जबलपुर, देशबन्धु। स्कूल की मान्यता के लिए बीआरसी रिश्वत के रूप में दस हजार रुपये मांग रहा था। जिसकी शिकायत आर्थिक अपराध शाखा जबलपुर में की गयी थी। ईओडब्ल्यू की टीम ने आरोपी को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### ईओडब्ल्यू के हत्थे चढ़ा

आर्थिक अपराध शाखा जबलपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार राघवेन्द्र सिंह पिता स्व. कुशल सिंह निवासी रोहनिया जिला कटनी कर तरफ से लिखित शिकायत में कहा गया था कि हम लोग बड़वारा में योग्य निर्माण इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित करना चाहते हैं।

स्कूल की नवीन मान्यता के लिए ऑन लाइन आवेदन किया गया था। संपूर्ण फाइल मनोज गुप्ता विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केन्द्र, बड़वारा (बीआरसी) के पास 14 फरवरी को जमा की गई थी। जिस पर मनोज गुप्ता द्वारा कहा गया कि पैसे खर्च करने पड़ेंगे तब तुम्हारा काम होगा। बीआरसी मनोज गुप्ता द्वारा नवीन स्कूल के पंजीयन के लिए रिश्वत के रूप में दस हजार रुपये मांगे गए है। जांच में शिकायत सही पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की गई। परियादी राघवेन्द्र सिंह रिश्वत की रकम लेकर बीआरसी कार्यालय पहुँचा।

आरोपी मनोज गुप्ता ने जैसे ही रिश्वत की रकम लेकर रखी तभी ईओडब्ल्यू की टीम दबिश देकर उसके रंगे हाथ पकडा। ईओडब्ल्यू ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। कार्यवाही में ए.व्ही. सिंह उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में मुकेश खम्परिया, उपुअ., स्वर्णजीत सिंह धामी, उपुअ., श्रीमती प्रेरणा पाण्डेय, निरीक्षक, मोमेन्द्र मर्सकोले, निरीक्षक एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आशा कार्यकर्ता से मांग रहा था प्रतिमाह 33 सौ की घूस

**जबलपुर, देशबन्धु।** मोतीलाल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बाबू के द्वारा आशा कार्यकर्ता से प्रतिमाह 33 सौ रुपये रिश्वत के रूप में मांगे थे। आशा कार्यकर्ता की शिकायत पर लोकायुक्त ने बाबू को 33 सौ रूपये की पहली किस्त लेते हुए रंगे हाथ पकडा। लोकायुक्त ने आरोपी बाबू के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### लोकायुक्त ने कसा शिकंजा

लोकायुक्त डीएसपी सुलेखा परमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुशील गुप्ता आशा कार्यकर्ता के रूप में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजा चौक में पदस्थ है। मोतीलाल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ बाबू रवि बोहत ने उससे प्रतिमाह भुगतान पत्र के लिए 100 और दो बच्चों के बाद टीटी ऑपरेशन की राशि जो शासन की तरफ से 1000 मिलती है उसमें 50 प्रतिशत राशि रिश्वत के रूप में मांगे थे। इसके अलावा नवजात शिशु देखरेख समिति द्वारा दिए जाने वाले राशि से 100 और महिला आरोग्य समिति की प्रदान की जाने वाली राशि 5000 में से 2000 रुपए की मांग आरोपी रवि बोहत द्वारा की गई है वही इस माह 3300 की मांग रिश्वत के रूप की थी। जिसकी शिकायत पीड़ित आंगनवाडी कार्यकर्ता ने लोकायुक्त में की थी।

लोकायुक्त ने जांच में शिकायत को सही पाया था। मोतीलाल मकसूदा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जैसे ही पीड़िता ने आरोपी बाबू को रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 33 सौ रूपये दिये,तभी उप पुलिस अधीक्षक सुरेखा परमार की नेतृत्व ने लोकायुक्त की टीम ने दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

लोकायुक्त ने आरोपी बाबू के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## न्यायिक अधिकारियों को किया गया स्थानांतरित

### चीफ जस्टिस के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल ने जारी किये आदेश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत के निर्देश पर रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह ने कुछ न्यायिक अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इसके तहत कुटुम्ब न्यायालय मंदसौर में पदस्थ प्रधान न्यायाधीश गंगाचरण दुबे को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश इंदौर बनाया गया है। इंदौर में पदस्थ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेश उपाध्याय को ग्वालियर भेजा गया है। ग्वालियर से जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्याम सुंदर झा को सिहोरा-जबलपुर भेजा गया है। मंदसौर में पदस्थ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रीति श्रीवास्तव को आंबेडकर नगर भेजा गया है। इसी तरह जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मंदसौर विशाल शर्मा को आंबेडकर नगर भेजा गया है। जबलपुर में पदस्थ जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमजद अली को रायगढ़ स्थानांतरित किया गया है। ताजा आदेश के जरिये बड़वाह शाजापुर, जबलपुर, मैहर, विदिशा, मुलताई, धार, रतलाम और भोपाल आदि में भी रिक्त पदों पर नवीन पदस्थापना की गई हैं। न्यायिक अधिकारी गंगाचरण दुबे, श्याम सुंदर झा के अलावा कौशलेन्द्र सिंह भदौरिया ने विहित प्रावधान अंतर्गत स्वयं के खर्च पर स्थानांतरण लिया है।

## आज अदालतों में पैरवी नहीं करेंगे वकील

### अधिवक्ता अधिनियम संशोधन का विरोध

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन के विरोध में आज शुक्रवार को जबलपुर के वकील अदालतों में पैरवी के लिये उपस्थित नहीं होंगे। अधिवक्तागण न्यायालयीन कार्य से विरत रहकर अपना विरोध प्रकट करेंगे। इस दौरान कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन भी सौपेंगे। उल्लेखनीय है कि गत दिवस हाईकोर्ट बार के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में हाईकोर्ट बार, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार व जिला बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक में उक्त निर्णय लिया गया था। सभी ने अधिवक्ता अधिनियम संशोधन विधेयक-2025 के प्रविधानों को अधिवक्ता विरोधी निरूपित किया था। बैठक में विस्तृत चर्चा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि यदि संशोधन का विरोध नहीं किया गया तो ऐसा अधिनियम अस्तित्व में आ जाएगा, जिसके कारण अधिवक्ताओं की स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक वकालत घर कुठाराघात होगा। इसीलिए प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके संबंध में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश को पत्र के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। साथ ही अपेक्षा की गई है कि हड़ताल के दौरान पक्षकारों के प्रकरणों में एक पक्षीय कार्रवाई न की जाए।

## डीजे संचालक पर प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर पुलिस ने खिन्नी तिराहा में बिना अनुमति चार साउंड बॉक्स लगाकर तेज आवाज में डीजे बजा रहे 51 वर्षीय महेन्द्र कोष्टा के खिलाफ कार्यवाही की है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक मिक्सर मशीन स्ट्रेंजर कंपनी व एक साउंड बॉक्स पेड स्टूडियो कंपनी का जप्त किया है।

## नशेड़ी युवक ने लगाई फांसी, छत से गिरकर युवक की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल थानातंर्गत सुहागी कृष्णा कालोनी में एक नशेड़ी युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं रांझी क्षेत्र में मकान से गिरकर एक युवक की उपचार दौरान मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर उन्हें जांच में लिया है।

अधारताल पुलिस ने बताया कि कृष्णा कालोनी निवासी रीता सिंह के पति स्व. दिनेश कुमार सिंह सेना से रिटायर्ड थे, जिनका देहावसान हो गया है। उनका बड़ा बेटा विशाल सिंह घर पर ही रहता है, जबकि छोटा बेटा इंदौर में नौकरी करता है। विशाल कई प्रकार का नशा करता है, जिसे पांच साल पहले नशा मुक्ति केन्द्र भी भेजा गया था, लेकिन उसकी आदतों में कोई सुधार नहीं हुआ। बीती रात विशाल खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया और फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार रांझी पुलिस ने बताया कि बापू नगर क्षेत्र निवासी सुरेन्द्र सिसोदिया का भाई महेन्द्र अपने मकान की छत से गिरकर बेहोश हो गया था। उसके सिर्फ पैर में चोट दिख रहीं थी, कोई अंदरूनी चोट होने पर उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से 42 वर्षीय महेन्द्र को मेडिकल रेफर किया गया, जहां उपचार दौरान महेंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर प्रकरणों को जांच में लिया है।

## ट्रक की टक्कर से बाईक सवार घायल

### माढ़ोताल कटंगी रोड नगना मोड़ पर हादसा

**जबलपुर, देशबन्धु।** माढ़ोताल थाना क्षेत्रातंर्गत कटंगी रोड नगना मोड़ पर एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने बाईक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाईक सहित गिर गये और उन्हें चोटे आ गई। जिन्हें उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि पाटन के ग्राम भरतरी निवासी 18 वर्षीय साहिल बर्मन अपनी पहचान के शांतनु बर्मन के साथ मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एनडब्ल्यू-6479 से अपने काम से कटंगी वायपास आया था।

जहां से वापस जाते समय जैसे ही कटंगी रोड नगना मोड़ पर पहुंचे, उसी समय पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक एमएच 40 वाई 1301 के चालक ने उनकी बाईक में टक्कर मार दी। जिससे साहिल व शांतनु बाईक सहित गिर गये और गंभीर रूप से घायल हो गये।

## डीजीपी बताएं टीआई ने किस अधिकार से जब्त की फाइनेंस कराई गाड़ी




### व्यक्तिगत शपथ पत्र पर स्पष्टीकरण पेश करने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को व्यक्तिगत शपथ पत्र पेश कर यह स्पष्ट करने कहा है कि आखिर किस अधिकार के अंतर्गत टीआई ने फाइनेंस कराई गई गाड़ी जब्त की। एकलपीठ ने डीजीपी को यह भी साफ करने कहा है कि यदि टीआई का उक्त कृत्य कानूनी रूप से अनुचित है तो उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई। मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च को निर्धारित की गई है।

दरअसल यह मामला हरदा निवासी आसिफ कय्यूम खान की ओर से दायर किया गया है। जिसकी ओर से अधिवक्ता ओम शंकर विनय पांडे व अंचन पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने नर्मदापुरम स्थित एचबीडी फाइनेंशियल सर्विसेज से गाड़ी फाइनेंस करवाई थी। याचिकाकर्ता दो किश्त चुका नहीं पाया। इस पर नर्मदापुरम अंतर्गत सिवनी मालवा पुलिस थाने के टीआई ने फाइनेंस कंपनी के अधिकारियों से मिलीभगत करके वाहन जब्त कर लिया। सवाल उठता है कि टीआई ने किस कानून के तहत उक्त वाहन जब्त किया है। इस संबंध में पुलिस के आला अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए न्यायहित में हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियमितिकरण मामले में हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

### रिज्वाइंडर पेश करने याचिकाकर्ताओं को मिला एक सप्ताह का समय

**जबलपुर, देशबन्धु।** लंबे समय से कार्यरत अतिथि विद्वानों को असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियमितिकरण किये जाने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत तथा जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने सरकार को जवाब पेष करने दो सप्ताह का समय प्रदान किया है। इसके अलावा रिज्वाइंडर पेष करने याचिकाकर्ताओं को एक सप्ताह का समय प्रदान किया है।

याचिकाकर्ता अतिथि विद्वान आभा तिवारी सहित अन्य की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि उनके पास असिस्टेंट प्रोफेसर पद के अनुरूप आवश्यक योग्यताएं तथा व्यापक अनुभव व शिक्षण कौशल है। इसके अलावा वह पीएचडी डिग्री धारक भी हैं। वह लगभग तीन दशक से से गेस्ट फैकल्टी के तौर निरंतर सेवा प्रदान कर रहे है। अनुभव व शैक्षणिक योग्यता के आधार पर वह मप्र के शासकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियमितिकरण के हकदार हैं।

अधिवक्ता रविन्द्र गुप्ता ने न्यायालय को बताया कि साल 1992 से 2017 तक एमपी-पीएससी द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर सामान्य वर्ग के लिए कोई रिक्ति पद घोषित नहीं किये है। साल 2017 में हाईकोर्ट के हस्तक्षेप बाद उन्हें पीएससी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिली थी। 2017 के बाद 2023 तक एमपीपीएससी द्वारा साल 2017 से 2023 तक कोई रिक्ति घोषित नहीं किये है। गेस्ट फैकल्टी लंबे अध्यापन व अनुभव के आधार पर उन्हें असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियमितिकरण प्रदान किया जाये। याचिका की सुनवाई के बाद युगलपीठ ने उक्त आदेश जारी किये।

## आदेश का पालन नहीं किया तो पुलिस अधीक्षक रहें उपस्थित

### हाईकोर्ट ने दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट जस्टिस ए के सिंह की एकलपीठ ने दायर अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा है कि पूर्व सैनिक जो वर्तमान में पुलिस विभाग में पदस्थ है उनके संबंध में पारित पूर्व आदेश का पालन करें। आदेश का पालन नहीं करने पर अगली सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक जबलपुर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। याचिका पर अगली सुनवाई 3 मार्च को निर्धारित की गयी है।

याचिकाकर्ता अम्बरीष प्रसाद शुक्ला आरक्षक बरेला चौकी, अरुण कुमार द्विवेदी आरक्षक गोरा बाजार, कौशल प्रसाद पटेल आरक्षक पुलिस लाइन, मोहम्मद आशिक यातायात घमापुर, गिन डी सिंह बरकदे की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि वह पूर्व में भारतीय सेना में कार्यरत थे। सेना का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद जिला पुलिस बल जबलपुर में पदस्थ हो गये।

याचिकाकर्ताओं की तरफ से तर्क दिया गया कि में सेवा अवधि तथा वर्तमान सेवा अवधि को जोड़कर उन्हें वेतन वृद्धि प्रदान की जानी चाहिए थी। इसके विपरीत उन्हें वर्तमान सेवा अवधि के आधार पर वेतन वृद्धि दी गयी है। जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक को तीन माह के अंदर याचिका कर्ताओं के आवेदन पर नियमानुसार निर्णय लेने आदेश जारी किये थे।

निर्धारित समय अवधि गुजर जाने के बावजूद भी आवेदन का निराकरण नहीं किये जाने कारण साल 2014 में उक्त याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए पूर्व में हाईकोर्ट दो बार नोटिस जारी कर चुका है परंतु कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसे गंभीरता लेते हुए एकलपीठ ने उक्त आदेष जारी किये है। याचिकाकर्ता का पक्ष अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे ने पैरवी की।

## हत्या कर लाश को रेत में दफन करने वाले तीन को आजीवन कारावास

### अदालत ने तीनों आरोपियों पर सात-सात हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्रांतर्गत स्वर्गद्वारी में एक युवक की पत्थर पटक-कर हत्या कर लाश को रेत में दफन करने वाले तीनों आरोपियों को अदालत ने दोषी करार दिया है। एडीजे संजोग सिंह बाघेला की अदालत ने आरोपी वीरेंद्र उर्फ बाबू, परसोत्तम उर्फ भोला व शिवा उर्फ शिब्बू को हत्या व साक्ष्य छिपाने के मामले में आजीवन कारावास व सात-सात हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

अदालत के समक्ष अतिरिक्त लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। जिन्होंने अदालत को बताया कि मृतक ऋषभ जैन 13 जून 2029 की रात्रि करीब नौ बजे मोटरसाइकिल से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिये घर से निकला था, जो कि देर रात तक वापस नहीं आया। जिसके दूसरे दिन 14 जून 2019 को उसके परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट भेड़ाघाट थाने में दर्ज कराई थी। इसी दौरान स्वर्गद्वारी में रेत में ऋषभ की दफन लाश मिली थी। जांच दौरान पुलिस ने आरोपी वीरेन्द्र उर्फ बाबू पिता हरछट भूमिया (35), पुरषोत्तम उर्फ भोला पिता चतुर्भुज रजक (30) व शिवा उर्फ शिब्बू पिता राम सिंह (29) को अभिरक्षा में लिया था। जिन्होंने विवाद होने पर पत्थर से हमला कर ऋषभ की हत्या की थी। आरोपियों ने साक्ष्य छिपाने मृतक की मोटर साइकिल व मोबाईल झाड़ियों में फेंक दिया था और उसकी लाश को रेत में दफन कर दिया था। सुनवाई दौरान पेश किये गये साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने तीनों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया।

## घाट फेस्टिवल के आरोपी मैनेजर को जमानत नहीं

### अदालत ने कहा लोगों के साथ विश्वासघात कर लॉ एंड ऑर्डर को डाला खतरे में

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिनेक्राफ्ट एंटरटेनमेंट जबलपुर द्वारा 23 जनवरी 2025 को कलाकारों की मौजूदगी में घाट फेस्टिवल आयोजन की टिकट बेचकर आयोजन न करने को अदालत ने काफी गंभीरता से लिया। अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार यादव की अदालत ने आरोपी मैनेजर की राहुल मिश्रा की ओर से पेश की गई जमानत अर्जी निरस्त कर दी। अदालत ने पाया कि आयोजन न कर लोगों के साथ विश्वासघात किया गया, इतना ही नहीं लॉ एंड ऑर्डर को भी खतरे में डाला गया, जिससे वहां बलबे की स्थिति निर्मित हुई।

अदालत के समक्ष शासन की ओर से एजीपी लहर दीक्षित ने पक्ष रखते हुए जमानत अर्जी पर आपत्ति दर्ज करायी। उन्होंने अदालत को बताया कि सिनेक्राफ्ट एंटरटेनमेंट जबलपुर द्वारा विगत 23 जनवरी को घाट फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। जिसमें सुनील ग्रोवर व पीयूष मिश्रा जैसे नामी कलाकारों को अपनी प्रस्तुति देनी थी। इसके लिये आयोजन संस्था ने बुक माय शो के नाम से महंगे दामों पर टिकट विक्रय की थी, लेकिन कार्यक्रम के दौरान कोई कलाकार उपस्थित नहीं हुआ। इतना ही नहीं मंच में उपस्थिति देने वालों का भी भुगतान नहीं किया गया, जिससे उन्होंने भी काम नहीं किया। करीब दो हजार लोग कार्यक्रम देखने के लिए मौजूद थे, कार्यक्रम न होने की उन्हें संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई, जिससे भीड़ आक्रोशित हो गई और लॉ एंड ऑर्डर खतरे में पड़ा। बड़ी मुश्किल से पुलिस व प्रशासन ने भीड़ पर नियंत्रण किया, इस दौरान जमकर तोड?ोड़ हुई थी। जिला कलेक्टर के आवेदन पर भेड़ाघाट पुलिस ने आरोपी मैनेजर राहुल मिश्रा सहित अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले के अन्य आरोपी अभी फरार है और जांच जारी है। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी की ओर पेश किया गया जमानती आवेदन निरस्त कर दिया।

## ऑनलाईन फॉर्म भरने में आ रहीं विसंगतियों को चुनौती

### माध्यमिक शिक्षक 2025 भर्ती मामला, सरकार से जवाब तलब

**जबलपुर, देशबन्धु।** शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में सरकारी कर्मचारियों और अतिथि शिक्षकों के लिए विकल्पों की विसंगतियों को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मामले में सुनवाई करते हुए सरकार को दो दिनों में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

हाईकोर्ट में यह मामला जबलपुर निवासी प्राथमिक शिक्षक सत्येन्द्र कुमार कुर्मी व अन्य की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता धीरज तिवारी ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षक भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई है। पोर्टल में सिर्फ सरकारी कर्मचारी और अतिथि शिक्षक का विकल्प दिया गया है। उम्मीदवारों को दो में से सिर्फ एक ही विकल्प चुनना है। ऐसे में वे उम्मीदवार, जो सरकारी कर्मचारी भी हैं और अतिथि शिक्षक के रूप में भी अनुभव रखते हैं, अपने वास्तविक विवरण दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते हजारों की संख्या में उम्मीदवार चयन प्रक्रिया से वंचित हो रहे हैं, जो अवैधानिक है। सुनवाई पश्चात न्यायालय ने राज्य शासन को जवाब पेश करने के निर्देश दिये हैं।

## संस्कारधानी की बेटी इशिता भार्गव देश की प्रथम ईपीएल धारक पायलट बनी



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी नया गांव हाउसिंग सोसायटी के अध्यक्ष रजत भार्गव की सुपुत्री इशिता भार्गव ने आज एक नया कीर्तिमान अपने नाम स्थापित कर लिया ।

इशिता भार्गव को 20 फरवरी गुरुवार को सुबह 9 बजे डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन भवन में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर उद्यान मंत्री राम मोहन नायडू ने देश का पहला इलेक्टॉनिक पर्सनल लायसेंस सौंपा गया । उल्लेखनीय है कि इशिता भार्गव ने अपने शैक्षणिक समय में ही इस मंजिल को पाने का दृढ़ निश्चिय कर रखा था यह उददेश्य की पूर्ति उनकी लगन के कारण ही प्राप्त हुई है। इशिता संस्कारधानी की पहली सबसे कम उम्र की महिला पायलट हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उद्यान अकेडमी रायबरेली जो कि उद्यान मंत्रालय के अधीनस्थ आता है। इशिता भार्गव ने कड़ी मेहनत लगातार 3 वर्ष तक करने के बाद पायलट बनी हैं। गौरतलब है कि डायरेक्टर जनरल के द्वारा दो पायलटों के नाम उनके प्रदर्शन के आधार पर मंत्रालय भेजे गये थे। इनमें पायलट इशिता भार्गव और पायलट और पायलट निरामय श्रीवास्तव शामिल है।

जानकारी के मुताबिक इशिता भार्गव ने हालहि में एयर इंडिया की परीक्षा दी है। इस परीक्षा का परिणाम अभी नहीं आया है। देश का पहला इलेक्ट्रानिक पर्सनल लाइसेंस ईपीएल प्राप्त कर इशिता भार्गव ने पूरे देश और दुनिया में शहर का नाम भी ऊंचा किया है।

केन्द्रीय विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने गुरुवार को नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए)के ईपीएल का शुभारंभ किया है। अब भारत ने भी अपने देश के फ्लाइट क्रू के लिए ईपीएल लागू कर दिया है।

पायलट लाइसेंसों के डिजिटलीकरण से नियामक के पास बार बार आवेदन करके उन्हें नवीनीकृत कराने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। पायलट अपने लाइसेंस को अपने फोन पर भी आसानी से ले जा सकते हैं। इशिता इस सफलता का श्रेय अपनी माता जी एवं पिताजी को देती है।

## मिट्टी तेल का अवैध कारोबार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### गोहलपुर पुलिस की कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर पुलिस ने अंसार नगर चौपड़ा में दबिश देकर मिट्टी तेल का अवैध कारोबार करने वाले आरोपी को दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के घर से तीन ड्रमों में रखा 350 लीटर मिट्टी तेल व एक चेतक स्कूटी भी जप्त की है।

गोहलपुर टीआई प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अंसार नगर चौपड़ा में दबिश दी गई। जहां एक युवक ग्रे कलर की चेतक गाड़ी क्रमांक एमपी 20 जेक्यू 7107 में बैठे दिखा, जो पुलिस को देखकर गाड़ी से भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर दबोचा गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम उबैश अंसारी उम्र 23 वर्ष निवासी अंसार नगर चौपड़ा गोहलपुर बताया। जिसके घर की सीढी के नीचे प्लास्टिक के नीले रंग के तीन ड्रम में 350 लीटर मिट्टी का तेल बरामद किया गया। पुलिस ने उक्त मिट्टी तेल व प्लास्टिक का पाईप एक चाड़ा और स्कूटी जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की।

# जादू-टोने के शक में महिला की लाठियों से पीट-पीट कर हत्या

**सीधी, देशबन्धु।** जिले के कुसमी थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरहा में जादू-टोने के शक में एक महिला की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतका चिराऊंजिया सिंह पर आरोपियों ने टोना-टोटका करने का आरोप लगाकर हमला किया।

## पति, पुत्र और पोते को किया घायल



इस हमले में महिला के पति श्री मान सिंह, बेटे उदयभान सिंह और पोते पृथ्वीराज सिंह को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना बुधवार रात करीब 8 बजे की है, जिससे गांव में दहशत का माहौल है।

**गांव मेडरा से आए थे हमलावर**-मृतका की बहू आराधना सिंह ने बताया कि पांच लोगों ने मिलकर उनके परिवार पर हमला किया। मुख्य आरोपियों में पुष्पराज, दिलीप, संतोष, अजय सिंह और इंद्रभान सिंह शामिल हैं, जो पड़ोसी गांव मेडरा से आए थे। हमलावरों ने सबसे पहले लकवाग्रस्त श्री मान सिंह को उनके घर पर पीटा और फिर उन्हें पास के पिपरहा मोहल्ले में ले जाकर फिर से मारा। चिराऊंजिया सिंह को भी बेरहमी से पीटकर उनकी हत्या कर दी गई।

**पुलिस ने जांच शुरू की**-कुसमी थाना प्रभारी भूपेश बैस ने बताया कि इस घटना में महिला की हत्या के अलावा परिवार के अन्य सदस्यों को भी गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही है।

**गांव में फैली दहशत**-इस घटना के बाद से गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने का आश्वासन दिया गया है। समाज में अंधविश्वास और जादू-टोने के शक में इस प्रकार की हिंसा की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तेजी से कार्रवाई करने का वादा किया है।

# अस्पताल में शव वाहन खड़ा, चालक नदारद, परिजन तीन किमी कंधे पर ले गए शव

## सरकारी व्यवस्था फिर बेनकाब




**सीधी, देशबन्धु।** सीधी जिले से एक बार फिर इंसानियत को झकझोर देने वाली तस्वीरें सामने आईं। यहां एक मृत युवक का शव परिजनों को मजबूरी में बांस-बल्ली के सहारे कंधे पर तीन किलोमीटर पैदल ले जाना पड़ा। यह हृदयविदारक दृश्य सरकारी व्यवस्थाओं की असलियत को उजागर करता है।


ऊंची हवेली निवासी 22 वर्षीय छोटेलाल कोल लंबे समय से टीबी से पीड़ित था। बुधवार रात जिला अस्पताल में उसका निधन हो गया। रात करीब 11 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया। उसके बाद परिजनों ने शव वाहन की मांग की। अस्पताल प्रबंधन ने वाहन चालक का नंबर तो दे दिया, लेकिन जब रात एक बजे तक वाहन नहीं पहुंचा। मजबूर परिजनों ने खुद ही शव को कंधे पर रखकर घर तक पहुंचाने का फैसला किया।

**अस्पताल में वाहन होते हुए भी नहीं मिली सुविधा**- जिला अस्पताल में तीन शव वाहन उपलब्ध हैं, जिनमें से एक खराब है। दो चालू हालत में हैं। प्रशासन के अनुसार एक वाहन दिन में और दूसरा रात में शव ले जाने के लिए लगाया गया है। उस रात शव वाहन का चालक उपलब्ध नहीं था, जिससे यह दुखद स्थिति उत्पन्न हुई।

**अधिकारियों ने साधी चुप्पी**- इस घटना पर सिविल सर्जन डॉ. दीपारानी इसरानी ने कहा कि मुझे इस मामले की कोई जानकारी नहीं दी गई थी। संभवत: चालक किसी और शव को लेकर गया होगा। इसलिए वाहन उपलब्ध नहीं हुआ। सवाल यह उठता है कि जब अस्पताल में शव वाहन मौजूद था तो फिर परिजनों को क्यों नहीं दिया गया? प्रशासन की इस लापरवाही ने न सिर्फ सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि एक गरीब परिवार को अपने बेटे का शव कंधे पर उठाने को मजबूर कर दिया। यह कोई पहली घटना नहीं है, जब किसी गरीब को शव वाहन न मिलने पर इस तरह शव ले जाना पड़ा हो। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि वह इस संवेदनशील व्यवस्था में सुधार करे, ताकि किसी और परिवार को ऐसी पीड़ा से न गुजरना पड़े।

## सार-समाचार

### कोयले से भरी मालगाड़ी का पहिया पटरी से उतरा, घंटों बाधित रहा रेल यातायात



**अनूपपुर, देशबन्धु।** बिजुरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर गुरुवार की सुबह लगभग 9 बजे कोयले से भरी मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। डोमन हिल चिरमिरी से बिरसिंहपुर पाली पावर प्लांट जा रही इस मालगाड़ी का गार्ड डिब्बा अचानक ट्रैक से उतर गया, जिससे बड़ी मात्रा में कोयला रेलवे ट्रैक पर फैल गया। इस घटना के कारण तीन यात्री गाड़ियां प्रभावित हुईं। अंबिकापुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को 20 मिनट तक विलंबित किया गया और दूसरे प्लेटफार्म पर लाया गया, जबकि चिरमिरी-चंदिया और अंबिकापुर-निजामुद्दीन सुपरफास्ट ट्रेन एक घंटे से अधिक देर से चलीं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही रेल अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कई घंटे की मशक्कत के बाद बेपटरी हुए गार्ड डिब्बे को फिर से पटरी पर लाया गया। रेलवे ट्रैक पर फैले कई टन कोयले को भी हटाया गया, जिससे प्रभावित मार्ग पर रेल यातायात सुचारु हो सका।

लापरवाही बनी दुर्घटना का कारण×प्रारंभिक जांच में यह दुर्घटना लापरवाही के कारण हुई मानी जा रही है। कोयला लोडिंग यार्ड से मालगाड़ियों के रखरखाव और डिस्पैच की जिम्मेदारी ठेका मजदूरों की होती है, जिनमें से अधिकांश अप्रशिक्षित होते हैं। जानकारी के अनुसार, मालगाड़ी के डिब्बों के नीचे लगे एयर प्रेशर से संचालित गेट और ढक्कन ठीक से बंद नहीं किए गए थे, जिससे हल्के धक्के से दरवाजे खुल गए और कोयला ट्रैक पर गिर गया। कोयले की अधिक मात्रा ट्रैक पर गिरने के कारण गार्ड का डिब्बा अनियंत्रित होकर पटरी से नीचे उतर गया।

रेलवे प्रशासन की जांच जारी×रेलवे प्रबंधन ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि गार्ड का डिब्बा कैसे अनियंत्रित होकर पटरी से उतर गया। साथ ही ठेका मजदूरों की लापरवाही और उनकी प्रशिक्षण की कमी पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

### अतिक्रमण हटाने नगर परिषद मैदान में



**शहपुरा/भिटोनी, देशबन्धु।** शहपुरा नगर के मुख्यमार्ग पर स्थित अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। अतिक्रमण के कारण बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड एवं फुटपाथ पर अवैध दुकानों सब्जी सामान, हाथ ठेला वालों की समस्या का निराकरण किया जाए तो जन सामान्य को राहत मिलेगी। नगर पालिकापरिषद की निष्पक्ष तो अनिवार्य है।

### परीक्षा केन्द्रों के परिसर में दो सौ मीटर तक लागू रहेगी धारा 163

**पन्ना, देशबन्धु।** माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा एवं हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट, व्यावसायिक पाठ्यक्रम की बोर्ड परीक्षायें जिले में 48 परीक्षा केन्द्रों पर 25 फरवरी से प्रारंभ होकर 25 मार्च तक संचालित होंगी। इन परीक्षाओं में पन्ना जिले के 24 हजार 810 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने परीक्षा केन्द्रों एवं केन्द्रों के परिसर और आसपास ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग होने और असामाजिक व्यक्तियों द्वारा न्यूसेंस पैदा करने की आशंका के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों एवं परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

### राजेंद्र जैन का निधन



**बरेला, देशबन्धु।** वार्ड नंबर 10 निवासी राजेंद्र जैन का निधन 83 वर्ष की आयु में हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बीटी आई मुक्तिधाम में संपन्न हुई। आप रजनीश, चंद्रेश, श्रेयांश जैन के पिता थे।

# विदाई कोई भी हो उसमें द्रवित होना स्वभाविक है : एसडीओपी लोकेश डाबर

## कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई



**पाटन, देशबन्धु।** नगर के तान्या कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में आज विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने अपने बड़े भाई बहनों को भावभीनी विदाई देने के लिए भव्य समारोह का आयोजन किया जिसमें आमंत्रित अतिथि एवं प्रबुद्ध जनों के रूप में पाटन पुलिस एसडीओपी लोकेश डाबर,शासकीय शोभा सिंह महाविद्यालय पाटन की प्राचार्य सुनीता शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थिति रही।

श्री डाबर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई के समय हृदय का द्रवित हो जाना स्वाभाविक ही है किंतु इसे दुख के रूप में ना लेकर हमें आगामी जीवन पथ पर बढ़ाने के लिए तैयार होना चाहिए। प्राचार्या सुनीता शर्मा ने कहा कि आज आपकी विदाई की बेला है किंतु आज के बाद से आपके जीवन का एक नया अध्याय भी शुरू होने वाला है आप विद्यालय को छोड़कर महाविद्यालय की शिक्षा से परिचित होंगे उस परिवेश से परिचित होंगे जहां पर आपको नित्य नवीन उपक्रम देखने के लिए मिलेंगे। संस्था के प्राचार्य चरण सिंह ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए अनुशासन चरित्र आचरण आदि पर विशेष बात करते हुए कैरियर गाइडेंस से संबंधित विषय भी छात्रों के सामने रखा एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के उप्राचार्य सुजीत सिंह ठाकुर ने छात्रों से बात करते हुए उन्हें बताया कि हमें अपना चरित्र पारदर्शी रखना चाहिए अपने जीवन में ऐसे ही कामों पर जोर देना चाहिए जिनका जिक्र हम किसी से भी कर सकते हैं। इस अवसर पर पुलिस विभाग के मेजर मुकेश पटेल और विद्यालय के प्रताप नामदेव,ब्रजेश विश्वकर्मा,जसपाल सिंह,अनिल पटेल, नीरज पटेल, नारायण केसरवानी, हेमंत शर्मा, मनीषा ठाकुर, महेंद्र चौबे, अर्चना बर्मन, रजनी ठाकुर, स्नेहा शर्मा, विवेक अहीवासी, शालिनी ठाकुर, प्रिया गुप्ता, प्रिया तिवारी, अंजना मिश्रा, अंजुश्री मिश्रा, देवीदीन पटेल, नन्ही मेडम, दुर्गा मेडम, ज्योति रैकवार,मानसी पस्तरिया, मानसी पटेल, प्रियंका द्विवेदी, आकांक्षा सिंघई आदि शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं और स्कूल परिवार उपस्थित रहा।

# महाविद्यालय सिहोरा में स्नेह सम्मेलन का आयोजन

## व्यंजन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई



**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन 2024-25 के उपलक्ष्य में मटर एवं गाजर से बने व्यंजनों पर व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा मटर एवं गाजर का प्रयोग करके बनाए गए विभिन्न व्यंजनों का सुंदर तरीके से प्रस्तुतीकरण किया गया। निर्णायक मंडल के अंतर्गत डॉ. एसके महरोलिया एवम डॉ गीता पांडे की भूमिका रही। व्यंजनों का स्वाद व प्रस्तुतीकरण के आधार पर निर्णय किया गया। निर्णायक मंडल एवं स्टाफ द्वारा जायका लेने के उपरांत प्रथम स्थान शालिनी दुबे ,द्वितीय स्थान अंकिता साहू एवम तृतीय स्थान रवि बाबू को प्रदान किया गया , जिनके लिए विद्यार्थियों को बधाई दी गई। प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज श्रीवास्तव के संरक्षण में संपन्न हुई ।कार्यक्रम के आयोजन में संयोजक डॉ. सुन्न आरके मैथ्यू, डॉ. अर्चना नामदेव एवं डॉ. संगीता सिन्हा का अहम् योगदान रहा।

# शासकीय माध्यमिक शाला धमकी को मिला वॉटर कूलर



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** ग्रीष्मकाल में शासकीय स्कूल के छात्र छात्राओं, शिक्षकों को शीतल जल उपलब्ध कराने जाखोदिया मिनरल्स धमकी के सौरभ अग्रवाल ,विनय झा,दीपक पाण्डेय द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला धमकी वाटर कूलर, एलईडी टीवी एवम विभिन्न प्रकार के पौधे प्रदान किए गए। इस अवसर पर शाला प्रधानाध्यापक राजेंद्र तिवारी, घनश्याम पटेल, ओम प्रकाश दुबे, पौराणिक मनीष त्रिपाठी, अरुण पांडेय उपस्थित रहे। इस अवसर पर जाखोदिया मिनरल के सौरभ अग्रवाल ने छात्रों से पढ़ाई में अधिक लगाने और माता पिता का नाम रोशन करने कहा। शाला प्रधानाध्यापक राजेंद्र तिवारी घनश्याम पटेल ने शाला परिवार जाखोदिया मिनरल्स का विद्यालय व छात्रों के हितार्थ वाटर कूलर, एल ई डी टी वी, पौधे आदि दिए जाने पर आभार व्यक्त किया है।

# बांधवगढ़ में हैं दो सैकड़ा से अधिक गिद्धों की आबादी



**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व, जो बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध है, अब गिद्धों की बढ़ती आबादी के लिए भी चर्चा में है। पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की तीन दिवसीय गणना 17 फरवरी से शुरू होकर 19 फरवरी को पूरी हुई। इस गणना में कुल 267 गिद्धों की उपस्थिति दर्ज की गई, जिनमें 245 वयस्क और 22 अवयस्क गिद्ध शामिल हैं।

**ताला जोन में सबसे अधिक गिद्ध**- गणना के अनुसार, बांधवगढ़ के विभिन्न परिक्षेत्रों में गिद्ध देखे गए, लेकिन सबसे ज्यादा संख्या ताला जोन में पाई गई। यह इलाका अपने घने वन क्षेत्र और पहाड़ियों की वजह से गिद्धों के लिए आदर्श निवास स्थल बन गया है।

**तीन दिन की गणना**- बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय ने बताया कि प्रशिक्षित टीम ने कठिन परिश्रम और सावधानीपूर्वक गणना करते हुए पहले दिन 230, दूसरे दिन 305 और तीसरे दिन 267 गिद्धों को देखा। तीनों दिन के औसत के आधार पर गिद्धों की कुल संख्या 267 मानी गई है।

**पर्यावरण संतुलन में गिद्धों का महत्व**- गिद्ध पर्यावरण को साफ रखने और पोषक तत्वों के चक्रण में अहम भूमिका निभाते हैं। वे मृत जानवरों को खाकर बीमारियों के प्रसार को रोकते हैं, जिससे वन्यजीवों और पशुओं के बीच संक्रमण का खतरा कम होता है। इसी वजह से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा गिद्धों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। गिद्धों की घटती संख्या को देखते हुए बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में यह गणना और संरक्षण अभियान बेहद महत्वपूर्ण है।

# किसान मेला सह प्रदर्शनी का किया भ्रमण

जबलपुर, देशबन्धु। वनस्पति विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान और कृषि विभाग, शासकीय एमएच कॉलेज ऑफ होम साइंस फॉर वूमेन ऑटोनॉमस जबलपुर के छात्रों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, वीडिंग रिसर्च निदेशालय द्वारा आयोजित किसान मेला सह प्रदर्शनी का भ्रमण किया।इसमें डॉ. अंकिता शर्मा, डॉ. प्रणिता भाटेले, डॉ. सुधीर सिंह चंदेल सहित बीस छात्र शामिल रहे।

छात्रों को कृषि उपकरणों को प्रदर्शित करने वाले विभिन्न स्टॉल को देखने का अवसर मिला। उन्होंने प्रभावी फसल प्रबंधन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के कीटनाशकों, जड़ी-बूटियों और खरपतवार के बारे में सीखा। किसान मेले का मुख्य आकर्षण उर्वरकों, जड़ी-बूटियों और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए ड्रोन प्रोद्यौगिकी का प्रदर्शन था, जो दक्षता और परिशुद्धता बढ़कार आधुनिक कृषि पद्धतियां में क्रांति ला रहा है।

मेले में बागवानी खंड ने सेम और बैगन जैसी नई विकसित किस्मों को प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त विशेषज्ञों ने धनिया, मैथी और मैथी जैसी फसलों के लिए बढ़ती तकनीकी में प्रगति को साझा किया, जो उपज और गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार कर सकते हैं। विशेषज्ञों ने मृदा स्वास्थ्य, पोषकतत्व प्रबंधन और फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए उर्वरकों के उचित उपयोग के बारे में जानकारी दी। गेहूं, ज्वार से बने खाद्य उत्पादकों की प्रदर्शनी में ब्रिकी करने वाले स्टॉल स्थापित थे। प्राचार्य डॉ. समीर शुक्ल, विभागाध्यक्ष डॉ. अनुराधा दबे की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# बोर्ड परीक्षा में सर्वेश्रेष्ठ प्रदर्शन पर छात्रा को स्कूटी मिली



**सिहोरा, देशबन्धु।** स्कूटी मुख्यमंत्री बालिका स्कूटी योजना अन्तर्गत 12वीं में प्रथम श्रेणी से पास होने वाली छात्राओं को मुफ्त स्कूटी दे रही है इसी तारतम्य में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में शाला की छात्रा पूर्णिमा मिश्रा पिता रमेश मिश्रा कक्षा 12 वी सत्र 2023-24 में विद्यालय में प्रथम स्थान (95त्न) अंकों के साथ) प्राप्त किया ।म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग की स्कूटी योजनान्तर्गत इन्होने सर्वोच्च स्थान पर रहते हुए इस योजनान्तर्गत लाभान्वित हुई है। पूर्णिमा मिश्रा को स्कूटी की चाबी देते हुए प्राचार्य बी पी परस्ते ने कहा कि बालिकाओं कीएमपी सरकार

उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है की इस सफलता पर पूरा विद्यालय परिवार एवं माता पिता गौरान्वित है। विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकों ने पूर्णिमा मिश्रा को उज्वल भविष्य की कामनाएं प्रेषित की हैं। बीपी परस्ते प्राचार्य,विनोद पटेल, अशोक तिवारी, राजेश नेमा, संदीप त्रिपाठी, वी.एल. महोबिया, ओ.पी. बर्मन ,कल्पना विश्वकर्मा, करुणा तिवारी, अलका तिवारी,अर्चना गर्ग, राजेश्वरी सोनी, रुपाली श्रीवास्तव, राधा पाठक, प्रभाकिरण तिवारी ,वर्षा चाण्डेय, अंजना तिवारी उपस्थित रहीं।

# मवेशियों का अवैध तरीके से परिवहन किए जाने पर पिकअप वाहन जब्त, चालक फरार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** फुनगा चौकी क्षेत्र में अवैध तरीके से से पिकअप वाहन में 6 नग मवेशियों को क्रूरता पूर्वक लोड़ कर परिवहन किए जाने के मामले में पिकअप वाहन के चालक एवं मालिक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(घ), म.प्र. कृषक पशु परिक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 6 (क), 9, 10, 11 एवं 66/192 एमव्ही एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया है। मामले की जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडसी 1254 में अवैध तरीके से भैंस पड़ा लोड कर धुरवासिन की ओर से फुनगा की ओर आ रही है। जिसकी सूचना पर पुलिस ने पुलिस चौकी फुनगा के पास हाईवे पर नाका बंदी किया गया, तभी कोतमा की ओर से उक्त पिकअप वाहन आते दिखा, जिसे रोकने का प्रयास किया गया। लेकिन पुलिस को देखते ही पिकअप वाहन का चालक वाहन को वापस मोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पिकअप वाहन डिवाईडर से टकरा गई और उसका टायर फटने व गाड़ी का शीशा टूटने पर चालक पिकअप वाहन को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से भाग निकला। पिकअप वाहन की जांच करने पर वाहन में 6 नग भैंसा (पड़वा) को क्रूरता पूर्वक लोड़ किया गया था।

## अमेरिकाः एरिजोना में दो छोटे विमानों की हवा में टक्कर, दो लोगों की मौत

**लॉस एंजिल्स, ( आईएएनएस )।** अमेरिका में विमान हादसा हुआ है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि दक्षिणी एरिजोना में दो छोटे विमानों के बीच हवा में टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। अमेरिकी राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की शुरुआती जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह रनवे 12 पर हवा के विपरीत दिशा में सेसना 172एस और लैंकेयर 360 एमके2 के बीच टक्कर हो गई। दोनों ही फिक्स्ड-विंग, सिंगल-इंजन विमान हैं। हादसे की जांच का नेतृत्व कर रहे एनटीएसबी ने कहा कि शुरुआती जानकारी के आधार पर विमान रनवे 12 पर हवा के विपरीत दिशा में टकराया, जो हवाई अड्डे के दो रनवे में से एक है। मराना पुलिस विभाग के अनुसार, दोनों विमान छोटे, फिक्स्ड-विंग, एकल-इंजन वाले विमान थे। विमान हादसे की जांच की जा रही है एनटीएसबी ने कहा कि सेसना विमान बिना किसी घटना के उतर गयाजबकि लैंकेयर विमान रनवे 3 के पास भूभाग से टकराया और टक्कर के बाद उसमें आग लग गई।

# हिंदुओं पर हमलों को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया, मानने को तैयार नहीं बांग्लादेश



**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों को लेकर खुद संयुक्त राष्ट्र तक ने चिंता जताई। लेकिन पड़ोसी देश के सुरक्षा बल इसे मानने को तैयार नहीं हैं। बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बल बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के प्रमुख ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनके देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों को ''बढ़ा चढ़ाकर'' पेश किया गया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाए हैं। सिद्दीकी ने कहा, हमने दुर्गा पूजा के दौरान अंतरराष्ट्रीय सीमा के 8 किलोमीटर के भीतर पूजा पंडालों को सुरक्षा प्रदान की। ये पूजा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की गई। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रमुख दलजीत सिंह चौधरी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने कहा कि बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर कुछ स्थानों पर बाड़ लगाने के संबंध में आपत्ति जताई है और उम्मीद है कि भविष्य में इन मुद्दों का समाधान हो जाएगा। चौधरी ने कहा कि पांच अगस्त, 2024 को शेख हसीना सरकार के पतन के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ में काफी कमी आई है। अल्पसंख्यकों के मुद्दे पर सिद्दीकी ने कहा, ''बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। हमें अल्पसंख्यकों से सुरक्षा को लेकर कई अनुरोध मिले क्योंकि वे डरे हुए थे। बीजीबी ने उन्हें आश्वस्त किया कि हम मदद करेंगे।'' बीजीबी प्रमुख ने कहा कि बाड़ लगाने से संबंधित मुद्दों पर बीएसएफ के साथ उनकी द्विवार्षिक बैठक में विस्तार से चर्चा की गई क्योंकि यह सबसे अधिक केंद्रित एजेंडा था। उन्होंने कहा, ''जहां भी मुद्दे हैं, हमने संयुक्त निरीक्षण का अनुरोध किया है।'' सिद्दीकी ने यह भी कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा संधि को फिर से तैयार करने पर कोई चर्चा नहीं हुई, जिस पर 1975 में सहमति बनी थी। उन्होंने कहा, ''यह इस बैठक के दायरे में नहीं था।''

यह भारत और बांग्लादेश के बीच उनके संबंधित सीमा सुरक्षा बलों - बीएसएफ और बीजीबी द्वारा आयोजित द्विवार्षिक डीजी-स्तरीय सीमा वार्ता का 55वां संस्करण था। पिछले साल अगस्त में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद यह दोनों सीमा सुरक्षा बलों के बीच पहली शीर्ष स्तरीय बैठक थी। बीएसएफ 4,096 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा की रक्षा करता है जो पांच राज्यों - पश्चिम बंगाल (2,217 किलोमीटर), त्रिपुरा (856 किलोमीटर), मेघालय (443 किलोमीटर), असम (262 किलोमीटर) और मिजोरम (318 किलोमीटर) से होकर गुजरती है। इन द्विवार्षिक वार्ताओं का पिछला संस्करण पिछले साल मार्च में ढाका में आयोजित किया गया था।

## अमेरिकी पैसों से जंग लड़ी, एक कॉमेडियन ने करा दी बर्बादी, जेलेंस्की पर इतना क्यों भड़के ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सत्ता बदलते ही दुनिया भर में समीकरण बदलने लगे हैं। अब तक जो अमेरिका जंग में यूक्रेन के साथ दिख रहा था, वह अब रूस के पाले में नजर आ रहा है। सऊदी अरब की मध्यस्थता में रूस और अमेरिका के प्रतिनिधियों ने बात की है तो वहीं डोनाल्ड ट्रंप इस पक्ष में हैं कि जंग को खत्म कर दिया जाए। यही नहीं उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को भी खूब खरी-खोटी सुनाई है। डोनाल्ड ट्रंप ने जेलेंस्की को युद्ध खत्म करने की सलाह दी थी। इसके बाद जेलेंस्की ने उन पर ही पलटवार किया था और कहा था कि वह रूस के भ्रमजाल में फंस गए हैं और इसलिए ऐसी बातें कर रहे हैं। वहीं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि अमेरिका से बातचीत के आधार पर ही जंग को लेकर आखिरी फैसला होगा, लेकिन बातचीत में यूक्रेन को भी शामिल करने पर सहमति जताई। जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप पर हमला किया तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की एक तानाशाह जैसा काम करते हैं, जो बिना चुनाव के ही सत्ता में बने हुए हैं। यही नहीं ट्रंप ने कहा कि एक कम सफल कॉमेडियन ने अमेरिकी पैसों की बर्बादी करके जंग छेड़ दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि 350 बिलियन डॉलर की रकम खर्च कर दी गई। यह पूंजी एक ऐसी जंग में लुटाई गई, जिसे अमेरिका और ट्रंप के बिना जीता नहीं जा सकता।

**जेलेंस्की के वार पर ट्रंप ने खूब सुना डाला, तानाशाह तक बताया-** उन्होंने कहा कि बिना इलेक्शन के ही एक तानाशाह की तरह वह सत्ता में बने हुए हैं। जेलेंस्की को या तो जंग खत्म कर देनी चाहिए या फिर वह देश ही खो देंगे। इस पर भी यूक्रेन की विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने जवाब दिया है और कहा कि उनके देश को कोई सरेंडर नहीं करा सकता। हम अपने अस्तित्व के अधिकार की रक्षा करते रहेंगे।

## आज का इतिहास

1613-माइकल रोमारोव रूस के जार बने और तभी से वहाँ रोमानोव वंश का शासन स्थापित हुआ।
1795-डचों ने सीलोन, श्रीलंका अंग्रेज़ों को सौंप दिया।
1829-झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के समान कर्नाटक की वीरांगना और स्वतंत्रता सेनानी रानी चेन्नम्मा का निधन।
1842-अमेरिका में सिलाई मशीन का पेटेंट कराया गया।
1848-कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंजेल्स ने कम्युनिस्ट पार्टी का घोषणा पत्र प्रकाशित किया।
1894-भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक शान्ति स्वरूप भटनागर का जन्म।
1896-एक कवि, उपन्यासकार, निबन्धकार और कहानीकार सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का जन्म।
1907-अंग्रेज़ी भाषा के कवि आडेन का जन्म।
1914-बर्दुन का युद्ध प्रारम्भ।
1916-प्रथम विश्व युद्ध में फ्रांस में बर्डन की लड़ाई भड़की।
1919-बावारेवा के प्रधानमंत्री कुर्तरिजनर की हत्या म्यूनिख में हुई।

## सुडोकू 6832

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 5 | |
| | | | | | 2 | 3 | | |
| 3 | 2 | | | | | 6 | 1 | |
| | | | 9 | 2 | | 7 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 4 | | 6 | 3 | | | |
| | 9 | 7 | | | | | 4 | 3 |
| | | 8 | 7 | | | | | |
| | 4 | | | | 1 | | 2 | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## मेक्सिको की राष्ट्रपति बोलीं 'ट्रंप की टैरिफ धमकियों से मैं नहीं

**मेक्सिको सिटी, ( आईएएनएस )।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने बुधवार को कहा कि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दी जा रही धमकियों से डर नहीं लगता। वो यहां अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से ज्यादा टैरिफ लगाने, ड्रग कार्टेल के खिलाफ सैन्य एक्शन लेने और निर्वासितों को वापस भेजने को लेकर दी जा रही चेतावनी पर टिप्पणी कर रही थीं। एक दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, जब पूछा गया कि क्या मेक्सिकन राष्ट्रपति ट्रंप की धमकियों से डरती हैं, तो शिनबाम ने जवाब दिया, नहीं। मुझे लोगों का समर्थन प्राप्त है। जब किसी के पास निश्चितता और दृढ़ विश्वास होता है और वह जानता है कि उसके सिद्धांत क्या हैं, तो उसे क्यों डरना चाहिए? उन्होंने ट्रंप के उपायों पर चिंताओं को दूर करते हुए कहा कि दोनों सरकारों के बीच बातचीत जारी है। राष्ट्रपति ने कहा कि वह मेक्सिको की संप्रभुता का उल्लंघन कभी नहीं होने देंगी, लेकिन अगर इसका उल्लंघन होता है, तो मातृभूमि की रक्षा के लिए पूरा देश साथ खड़ा होगा। शनबाम की टिप्पणी ट्रंप के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि मेक्सिको ड्रग कार्टेल द्वारा चलाया जाता है, जो एक आपराधिक संगठन है जिसे अमेरिकी सरकार ने आतंकवादी घोषित किया है। ट्रंप ने मैक्सिकन अधिकारियों पर लाखों लोगों को अवैध रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति देने का भी आरोप लगाया और आप्रवासन के प्रवाह को रोकने के लिए अपनी मदद की पेशकश की। दोनों देशों के अधिकारी इस सप्ताह वाशिंगटन में मैक्सिकन उत्पादों पर टैरिफ के निलंबन और नशीली दवाओं की तस्करी, विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में फेंटेनाइल के प्रवाह से निपटने की रणनीतियों पर बातचीत करने के लिए मिलेंगे। शिनबाम ने पुष्टि की कि उनकी सरकार ड्रग कार्टेल या संगठित अपराध का बचाव नहीं करती है।





## ट्रंप की जेलेंस्की को चेतावनी- 'युद्ध उनके बिना भी सुलझ सकता है'

**न्यूयॉर्क, ( आईएएनएस )।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। ट्रंप ने जेलेंस्की को धमकाते हुए कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध उनके बिना भी खत्म किया जा सकता है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि जेलेंस्की को जल्द से जल्द समझदारी से आगे बढ़ना चाहिए, नहीं तो उनके पास कोई देश नहीं बचेगा। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि रूस के साथ युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत चल रही है और यह केवल उनका प्रशासन ही कर सकता है।

# ज्यादा दूर नहीं तीसरा विश्व युद्ध, लेकिन इसे रोकने का है प्लान : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्र्पति डोनाल्ड ट्रंप शपथ लेने के बाद से ही लगातार मध्य-पूर्व और यूरोप में चल रहे युद्ध को खत्म करने को लेकर बयान दे रहे हैं। हाल ही में इन संघर्षों के बारे में बात करते हुए ट्रंप ने तीसरे विश्व युद्ध को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि जिस तरह के हालात चल रहे हैं उससे लगता है कि तीसरा विश्व युद्ध ज्यादा दूर नहीं है। लेकिन मेरा अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर होना इसे रोकेगा। मेरे पास विश्व युद्ध को रोकने का प्लान है।

मियामी में एक सभा को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हम दुनियाभर में चल रहे युद्धों को समाप्त करने और दुनिया में शांति बहाल करने में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। हम नहीं चाहते कि अब और ज्यादा लोग युद्ध की वजह से मरें। उन्होंने कहा कि अगर हम मध्य-पूर्व और यूक्रेन में हुई मौतों को देखें को आप समझ सकते हैं कि आप तीसरे विश्व युद्ध से ज्यादा दूर नहीं है। ट्रंप ने अपने पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन को निशाने पर लेते हुए कहा कि अगर में एक साल और बाइडन का राज होता तो निश्चित तौर पर दुनिया तीसरे विश्व युद्ध को देख रही होती। लेकिन अब जबकि मैं अमेरिका का राष्ट्रपति हूं तो अब ऐसा कुछ नहीं होने वाला। अमेरिका के राष्ट्रपति ने यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिकी और रूसी प्रतिनिधियों की मेजबानी करने के लिए सऊदी अरब को भी धन्यवाद दिया और दोनों पक्षों की बातचीत को शांति के लिहाज से महत्वपूर्ण बताया।

इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यूक्रेनी राष्ट्रपति की आलोचना भी की। उन्होंने जेलेंस्की को एक मामूली सफल कॉमेडियन बताया। ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की यूक्रेन में बिना किसी चुनाव के सत्ता में बने हुए हैं। वह एक तानाशाह की तरह काम कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप का जेलेंस्की की आलोचना करना अमेरिका के बदलते रुख को दिखाता है। इससे पहले अमेरिका इस युद्ध में यूक्रेन का खुलकर समर्थन करता नजर आता था लेकिन ट्रंप प्रशासन के आने के बाद अमेरिका रूस के पक्ष में जाता हुआ दिखाई दे रहा है।



# अपने देश नहीं लौटना चाहते अमेरिका से निकाले गए लोग

पनामा ने अमेरिका द्वारा निर्वासित किए गए विभिन्न देशों के उन 98 लोगों को बुधवार को अपने डेरियन प्रांत के एक कैंप में शिफ्ट कर दिया है। इन लोगों ने अपने देश लौटने से इनकार कर दिया है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम से परिचित पनामा के एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखे जाने की शर्त पर बताया कि डेरियन भेजे गए प्रवासियों ने अपने देश वापस जाने से इनकार कर दिया है और उन्हें तब तक यहीं रखा जाएगा जब तक कि उन्हें लेने के लिए कोई तीसरा देश आगे नहीं आता। ये 98 लोग अमेरिका सरकार द्वारा पनामा भेजे गए 299 प्रवासियों के एक बड़े समूह का हिस्सा हैं। अन्य लोग पनामा सिटी के एक होटल में पुलिस की निगरानी में है और उन्हें उनके देश वापस भेजने की व्यवस्था की जा रही है। इनमें कुछ भारतीयों के होने की भी बात कही जा रही है। पनामा सरकार ने इस बात से इनकार किया है कि इन लोगों को हिरासत में लिया गया है, लेकिन वे पुलिस की निगरानी में हैं और उन्हें होटल से बाहर जाने की अनुमति नहीं है।

पनामा की राष्ट्रीय आव्रजन सेवा ने बुधवार को पहले घोषणा की थी कि एक चीनी महिला होटल से भाग निकली थी, लेकिन बाद में अधिकारियों ने बताया कि उसे पुन: पकड़ लिया गया है। पनामा के सुरक्षा मंत्री फ्रैंक अब्रेगो ने मंगलवार को कहा था कि पनामा और अमेरिका के बीच प्रवास समझौते के तहत प्रवासियों को चिकित्सकीय देखभाल और भोजन मुहैया कराया जा रहा है।

डेरिएन कैम्प का तात्पर्य डेरिएन गैप के भीतर स्थित एक अस्थायी शिविर से है, जो पनामा और कोलंबिया के बीच की सीमा पर स्थित एक घना वर्षावन क्षेत्र है, जिसका उपयोग अक्सर दक्षिण अमेरिका से मध्य अमेरिका जाने वाले प्रवासियों द्वारा किया जाता है क्योंकि यह दो महाद्वीपों के बीच एकमात्र स्थलीय मार्ग है, कैनोपी कैम्प एक प्रसिद्ध पारिस्थितिकी पर्यटन शिविर है जो पनामा में डेरिएन राष्ट्रीय उद्यान के भीतर स्थित है, जिसे डेरिएन गैप की खोज के लिए आधार माना जाता है।

**डारिएन कैंप क्या है?-** डारिएन कैंप एक शरणार्थी शिविर है, जो पनामा और कोलंबिया की सीमा के पास डारिएन गेप क्षेत्र में स्थित है। यह शिविर मुख्य रूप से उन प्रवासियों और शरणार्थियों के लिए है जो मध्य और दक्षिण अमेरिका से यूएस की ओर यात्रा कर रहे होते हैं। ये लोग अक्सर कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए इस रास्ते से गुजरते हैं, जो जंगलों और पहाड़ियों से भरा हुआ है।

## वर्ग पहेली 6832

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | ■ | २५ | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१.व्यापार (उर्दू)
३. जो सुनने में अप्रिय लगे
५. दाखिल, भीतर घुसा हुआ
६. सलाहकार
७. कारखाना
९. चाल, गति, वेग (उर्दू)
१०. विशेष लक्षणों से युक्त, अलौकिक
१२. झोंके के साथ दिया गया धक्का, जोर से दिया गया आघात
१३. बाजू, कांख, पहलू, पार्श्व, कपड़े का टुकड़ा जो अंगरखे कुरते आदि में कंधे के नीचे लगाया जाता है
१४. घायल और मृत
१६. धतूरा, स्वर्ण
१८. माया, जादू (उर्दू)
२०. धनहीन, दरिद्र
२१. सूर्य की किरण
२३. कशिश

**ऊपर से नीचे:-**
१. पंचांग, कैलेण्डर
२. उदारमना (उर्दू)
३. तकलीफदेह
४. झगड़ालू स्त्री
५. वर्णन, प्रतिपादन, प्रसंग
८. फायदेमंद
१०.बेचने वाला
११. माफ किया हुआ
१२. क्षणिक, अधूरा दर्शन
१३. उपद्रव, बखेड़ा (उर्दू)
१४. षडयंत्र, साजिश
१५. गर्भ (उर्दू)
१७. नृत्य करने वाला
१८. टीका, माथे पर लगाया गया चदन आदि का निशान
१९. याद करना
२२. ईश्वर, खुदा (उदू)

### वर्ग पहेली-6831

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ च | टु | २ ला | ल | स | ■ | ३ व | क्ष | ४ स्थ | ल |
| र्म | ■ | भ | ■ | ५ म | वे | शी | ■ | गि | ■ |
| ६ का | रिं | दा | ■ | झ | ■ | ७ म | ल्प | त | ८ रू |
| र | ■ | य | ■ | ९ दा | य | र | ■ | ■ | प |
| ■ | १० मि | क | ११ दा | र | ■ | ■ | १२ ब | ढ़ि | या |
| ■ | लिं | ■ | खि | ■ | १३ वि | द्रो | ह | ■ | पै |
| १४ ब | द | १५ हा | ल | ■ | वा | ■ | १६ स | १७ ह | सा |
| र | ■ | स्य | ■ | १८ ना | ह | १९ क | ■ | ल | ■ |
| २० सा | रं | गी | ■ | सू | ■ | २१ जा | य | फ | २२ ल |
| त | ■ | २३ त | त्प | र | ता | ■ | ■ | ■ | ज्जा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

चेतावनी | *बदलते मौसम चक्र को लेकर मौसम विशेषज्ञों की चेतावनी*

# निकट भविष्य में बर्फबारी के लिए तरसेगी कश्मीर वादी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** (देशबन्धु)। अगर बदलते मौसम चक्र पर एक नजर दौड़ाएं तो यही लगता है कि कश्मीर निकट भविष्य में बर्फ के लिए तरसेगा। ऐसे में कम बर्फबारी उस स्टडी को चेतावनी के तौर पर लेने को मजबूर कर रही है जिसमें कहा गया है कि भविष्य में कश्मीर बर्फ से वंचित रह सकता है।

मौसम विशेषज्ञों ने यह पूर्वानुमान भी व्यक्त किया है कि फरवरी के अंत तक कश्मीर में कोई भारी बर्फबारी की संभावना कम है। कश्मीर वादी भले ही इन सर्दियों में शीतलहर की चपेट में रही हो मगर कम बर्फबारी ने सभी को निराश किया है जिसका प्रभाव दिखने लगा है। माना कि कश्मीर में सूखे और शुष्क सर्दी से बचने की खातिर अदा की जाने वाली नमाजे इस्ताशका को खुदा ने कई बार सुना और कश्मीरियों की कबूल हुई दुआ हमेशा बर्फ के रूप में गिरी। पर कश्मीरियों को खुश नहीं कर सकी थी क्योंकि दो साल पहले श्रीनगर शहर में गिरने वाली बर्फ 3.4 मिमी बारिश के ही बराबर ही थी। दो साल पहले कश्मीरियों को करीब पांच सालों के अरसे के बाद सूखे और बर्फ से निजात पाने की खातिर नमाजे इस्ताशका का सहारा लेना पड़ा था। पांच साल पहले ऐसा हुआ था। उसके अगले दो साल भी इतनी खुशी तो नहीं दे पाए थे लेकिन तीसरा साल बर्फीले सुनामी के तौर पर सामने जरूर आया था। वर्ष 2007 खुशियों से भरा था क्योंकि सर्दी और बर्फ समय से पहले आ गई थीं। अगर कुछ इसे खुदा का करिशमा मान रहे हैं तो कुछ ग्लोबल वार्मिंग का नतीजा। लेकिन कश्मीर के मौसम पर स्टडी कर रिपोर्ट तैयार करने वाले रिसर्च स्कालर अर्जिमंद तालिब हुसैन की रिपोर्ट एक छुपी हुई चेतावनी दे रही है। यह चेतावनी कश्मीर से बर्फ के पूरी तरह से गायब हो जाने के प्रति है। तालिब हुसैन की रिसर्च कहती है कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान बढ़ा है। यह औसतन कश्मीर में 1.450 डिग्री ऊपर गया है और जम्मू में 2.320 डिग्री। हालांकि मौसम विभाग कहता है कि जम्मू कश्मीर में 0.050 डिग्री की दर से प्रतिवर्ष तापमान में वृद्धि हो रही है। इस स्टडी रिपोर्ट की चेतावनी सच्चाई में भी बदल रही है। कश्मीर में अभी तक कम बर्फबारी तथा साल में 9 महीने बंद रहने वाले जोजिला दर्रे के पिछले बार लंबे समय तक खुले रहने की सच्चाई चेतावनी ही थी। याद रहे जोजिला दर्रे पर हमेशा 20 फुट बर्फ जमी रहती थी और साल के 9 महीने इसे बंद रखना पड़ता था पर पिछले कुछ सालों से इसके खुलने का समय लगातार बढ़ता जा रहा है और वर्ष 2008 में तो इसने हद ही कर दी क्योंकि सर्दियों में इसे पूरी तरह बंद इसलिए नहीं किया जा सका क्योंकि हैवी स्नोफाल ही नहीं हुआ था। इस बार भी यही हाल है। स्टडी रिपोर्ट कहती है कि मौसम का चक्र भी ग्लोबल वार्मिंग ने बदल दिया है। यहां पहले दिसम्बर और जनवरी में बर्फ गिरा करती थी वह अब फरवरी और मार्च में होने लगा है।



■ ग्लोबल वार्मिंग के कारण बढ़ा रहा तापमान

# खेल जगत

## मैं घर से ही अपने लड़कों का समर्थन करूंगा: फखर जमान



**कराची।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान ने चोट के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर होने पर अपनी निराशा व्यक्त की। फखर को कराची में न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के टूर्नामेंट के पहले मैच के दौरान फील्डिंग करते समय चोट लगी थी। हालांकि बाद में वह बल्लेबाजी के लिए लौटे, लेकिन उनकी बेचैनी साफ देखी जा सकती थी क्योंकि उन्होंने 41 गेंदों पर 24 रन बनाने के दौरान संघर्ष किया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुरू में कहा था कि मांसपेशियों में मोच के लिए फखर की निगरानी की जा रही थी, लेकिन आगे के आकलन से चोट की गंभीरता की पुष्टि हुई। फखर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावनात्मक संदेश साझा करते हुए कहा कि सबसे बड़े मंच पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना इस देश के हर क्रिकेटर का सम्मान और सपना है।

# हम आयरलैंड को हल्के नहीं ले सकते हैं : हरमनप्रीत सिंह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 20 फरवरी (देशबन्धु)। फिट होकर अपने कप्तान फुलबैक ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और उपकप्तान आक्रामक सेंटर हार्दिक सिंह के टीम में लौटने के साथ जर्मनी को हरा कर जीत की राह पर लौटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2024-25 में शुक्रवार को आयरलैंड के खिलाफ भी जीत का सिलसिला जारी रखने के मकसद से उतरेगी। भारत की प्रो लीग में शुरुआत मिली जुली रही है। भारत की पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन के खिलाफ पहले मैच में1-3 से हार से आगाज करने के बाद उसे रिटर्न मैच मे 2 2-0 से हराया। भारत की टीम जर्मनी से अपने पहले मैच में 1-4से हार गई थी। गुरजंट सिंह के गोल से भारत की पुरुष टीम जर्मनी को बुधवार को 1-0 सेहरा कर जीत की राहल पर लौट आई। भारत की टीम चार मैचों से छह अंक के साथ फिलहाल सातवें स्थान पर है। भारत की दिक्कत अब तक पेनल्टी कॉर्नरों को गोल में न बदल पाना रही है और वह आयरलैंड के खिलाफ अपनी इस खामी को दूर करने के मकसद स ` उतरेगा। भारत ने आयरलैंड से अपनश 2013 से नौ में से सात मैच जीते हैं । वहीं आयरलैंड की टीम भारत स मात्र एक मैच जीत पाई है और एक ड्रॉ रहा है। आयरलैंड के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर भारत के क स ा न





हरमनप्रीत सिंह ने कहा,'हमारे लिए एफआईएच प्रो लीग में आने वाले मैच बेहद अहम हैं और हमारी निगाहें इनमें लगातार बढ़िया प्रदर्शन कर लय पाने में लगी हैं। हमारे लिए हर मैच अपना खेल बेहतर करने और अहम अंक हासिल करने का मौका है। आयरलैंड हमारे सामने मुश्किल चुनौती पेश करेगा। आयरलैंड भले ही अंक तालिका में हमसे नीचे है लेकिन

■ **भारत की टीम चार मैचों से छह अंक के साथ फिलहाल सातवें स्थान पर**

वह आखिरी तक लड़ने और किसी भी प्रतिद्वंद्वी को चौंकाने का दम रखती है और इसलिए हम उसे हल्के मे नहीं ले सकते हैं। हमारा ध्यान मुख्य रूप से पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने पनर है। हम हाल ही में पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए जूझना पड़ा है। हमें पेनल्टी कॉर्नर पर अचूक निशाना जमा गोल करने की जरूरत है। हमारी टीम अभ्यास में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने के लिए मेहनत कर रही है। हमें भरोसा है कि हम अगले मैचों में पेनल्टी कॉर्नरों का बहतर इस्तेमाल करेंगे। हम अपनी पूरी ताकत झोंकने को तैयार हैं। हम उम्मीद करते हैं हम जर्मनी के खिलाफ मिली जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए लीग में आगे बढ़ेंगे।'

भारत की महिला टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी- वहीं भारत की महिला हॉकी टीम महिला हॉकी प्रो लीग 2024-25 में इंग्लैंड को 3-2 से हराने के बाद उससे रिटर्न मैच में 1-2 से तथा स्पेन से 3-4 व 0-1 से हार गई।

अब भारत की महिला टीम भुवनेश्वर में शुक्रवार को जर्मनी के खिलाफ मैच में जीत की राह पर वापस लौटने उतरेगी। वहीं जर्मनी को पहली सीधी जीत का इंतजार है। जर्मनी की टीम छह मैचों में चार नियमित समय में एक शूटआउट में हारी है।

# चोट के बाद भरोसा नहीं था कि मैं फिर से खेल पाऊंगा या नहीं : शमी

■ **शमी को 2023 में वनडे विश्व कप के दौरान टखने में चोट लगी थी**

**दुबई,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने खुलासा किया है कि 2023 में टखने की चोट से पीड़ित होने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी कितनी कठिन रही है और उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा भी हुआ जब उन्हें लगा कि उन्हें देश के लिए फिर से खेलने का मौका कभी नहीं मिलेगा। शमी को 2023 में वनडे विश्व कप के दौरान टखने में चोट लगी थी, जिसके कारण वह एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहे।

वह 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की हार के बाद से देश के लिए नहीं खेले थे, जहां तेज गेंदबाज टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। शमी ने इंदौर में मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी में बंगाल के पांचवें दौर के मैच के माध्यम से पेशेवर क्रिकेट में



सफल वापसी की, जहां उन्होंने अपनी टीम की जीत में सात विकेट लिए।

उन्होंने सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में बंगाल की गेंदबाजी का नेतृत्व भी किया, जिसमें 11 मैचों में 7.85 की इकॉनमी रेट से नौ विकेट चटकाए, जिसमें हैदराबाद के खिलाफ उनका सर्वश्रेष्ठ 3-21 रहा।हालांकि, चोट के फिर से उभरने के कारण पेसर पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ से बाहर हो गए। लेकिन, 34 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ भारत के लिए चार व्हाइट-बॉल मुकाबलों में भाग लेकर सफल वापसी की। अब वह गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में देश के लिए खेलते हुए अपनी वापसी को और आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

## शमी 200 वनडे विकेट तक पहुंचने वाले सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बने

दुबई। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी गुरुवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ 2025 चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में 5-53 विकेट लेकर पुरुष वनडे में 200 विकेट लेने वाले सबसे तेज भारतीय गेंदबाज बन गए। मैच से पहले, कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए दो मैचों में शमी द्वारा सिर्फ एक वनडे विकेट लेने से परेशान नहीं हैं और उन्होंने बड़े मौके पर टीम के लिए उनके प्रदर्शन पर भरोसा जताया। रोहित के शब्दों को शमी ने सच कर दिखाया जब उन्होंने 43वें ओवर में जैकर अली के रूप में अपना 200वां वनडे विकेट लिया, जिन्होंने लॉन्ग-ऑन पर एक वाइड स्लोअर बॉल पर स्लॉग को टो-एंड किया। इसका मतलब यह हुआ कि शमी ने 104 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की और मौजूदा मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के 133 मैचों में 200 विकेट लेने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

# चैम्पियंस लीग: एमबापे की हैट्रिक ने रियल मैड्रिड को अंतिम-16 में पहुंचाया




**मैड्रिड,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। किलियन एमबापे की हैट्रिक की बदौलत रियल मैड्रिड ने गुरुवार (आईएसटी) को सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी पर 3-1 से जीत दर्ज करके यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम 16 में प्रवेश कर लिया। पिछले सप्ताह मैनचेस्टर में 3-2 से मिली जीत के बाद रियल मैड्रिड ने 6-3 से जीत दर्ज की।सिटी के स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड घुटने की चोट से जूझ रहे थे और एक सप्ताह पहले दो गोल करने वाले नॉर्वे के खिलाड़ी ने खेल की शुरुआत सब्सटीट्यूट बेंच पर की, क्योंकि उनकी टीम शुरू से अंत तक संघर्ष करती रही, डिफेंस में फिर से कमजोर दिखी, जबकि खेल खत्म होने तक अटैक में कुछ भी करने में विफल रही। रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी चोट के बाद एंटोनियो रुडिगर को वापस लाने में सफल रहे, जिससे उन्हें राऊल एसेनसियो को राइट-बैक पर खेलने और फेडेरिको वाल्वरडे को मिडफील्ड में लाने का मौका मिला। चौथे मिनट में, एसेनसियो ने एक लंबी गेंद भेजी, जिसे रूबेन डायस एमबापे के दबाव में संभालने में विफल रहे, और फ्रांस के फॉरवर्ड ने सिटी के गोलकीपर एडरसन के ऊपर से गेंद को उछाला, जो नो-मैन्स लैंड में फंस गए। एक मिनट बाद सिटी के लिए हालात और खराब हो गए, जब जॉन स्टोन्स विनीसियस के दबाव में गिर गए और उनकी जगह नाथन एके को लाना पड़ा। 33वें मिनट में एमबापे ने मैड्रिड की बढ़त को दोगुना कर दिया, जब उन्होंने एक फ्लोइंग मूव को पूरा किया, जिसका अंत रॉड्रिगो ने फ्रांसीसी खिलाड़ी को पास देकर किया और गोल किया। पहले हाफ में मैड्रिड के लिए एकमात्र बुरी खबर जूड बेलिंगहैम को एक पीला कार्ड मिला, जिसका मतलब है कि उन्हें अगले राउंड के पहले चरण के लिए निलंबित कर दिया जाएगा। रॉड्रिगो और वाल्वरडे दोनों रियल मैड्रिड के तीसरे गोल के करीब पहुंच गए।

# दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वॉरियर्स को सात विकेट से हराया

डब्ल्यूपीएल 2025

**वडोदरा,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। डब्ल्यूपीएल 2025 के छठे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने कोटांबी स्टेडियम में यूपी वॉरियर्स को सात विकेट से हरा दिया। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से कप्तान मेग लैनिंग ने शानदार 69 रनों की पारी खेली। टीम के लिए एनाबेल सदरलैंड 41 रन जोड़े। किरण नवगिरे के 24 गेंदों पर तूफानी अर्धशतक, श्वेता सेहरावत के 33 गेंदों पर 37 रन और चिनेल हेनरी के 15 गेंदों पर नाबाद 33 रनों की बदौलत यूपी वॉरियर्स ने सात विकेट पर 166 रन बनाए। 167 रनों का लक्ष्य हासिल करने के लिए उतरी दिल्ली कैपिटल्स के लिए कप्तान मेग लैनिंग ने 49 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 69 रन बनाए। टीम के लिए मेग लैनिंग के बाद एनाबेल और मारिजैन कप्प ने महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। डीसी ने एक गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। यूपीडब्ल्यू के खराब फील्डिंग प्रदर्शन ने भी डीसी को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचने में मदद की। तीन मैच में दो जीत के साथ डीसी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। 167



रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी डीसी की शुरुआत शेफाली वर्मा ने क्रांति गौड़ के पहले ओवर में चौका और छक्का लगाकर की। दूसरे छोर से मेग ने सोफी एक्लेस्टोन की गेंद पर दो चौके जड़े, उसके बाद उन्होंने और शेफाली ने राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर एक-एक चौका जड़ा। मेग ने चिनेल हेनरी की गेंद पर दो आसान चौके लगाकर पारी को तेजी से बढ़ाया। डीसी ने पावर प्ले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 59 रन बिना कोई विकेट गंवाए बना लिए। लेकिन इसके कुछ ही देर बाद, शेफाली ने दीप्ति की गेंद पर डीप मिडविकेट पर एक स्लॉग मारा और 16 गेंदों पर 26 रन बनाकर आउट हो गईं।

## यूपी वॉरियर्स की खराब फील्डिंग से दिल्ली कैपिटल्स को मिली जीत : मिताली राज

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट की पूर्व स्टार बल्लेबाज मिताली राज ने यूपी वॉरियर्स पर दिल्ली कैपिटल्स की अंतिम ओवर में रोमांचक जीत की प्रशंसा की। मिताली ने कहा कि वो अंतिम ओवर निर्णायक था। हालांकि दिल्ली कैपिटल्स को शेष गेंदों से ज्यादा रन चाहिए थे लेकिन इस दौरान यूपी वॉरियर्स फील्डिंग में कुछ चूक कर गई, लिहाजा दिल्ली कैपिटल्स लक्ष्य हासिल करने में सफल हुई। जियोहॉटस्टार पर जारी अमूल क्रिकेट लाइव शो पर एक्सक्लूसिव तौर बोलते हुए भारत की पूर्व बल्लेबाज मिताली राज ने दिल्ली कैपिटल्स की एनाबेल सदरलैंड की पारी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा किएनाबेल ने तब अपनी कप्तान मेग लैनिंग के साथ सहायक भूमिका निभाई, जब दिल्ली कैपिटल्स ने पावरप्ले में मजबूत शुरुआत के बाद जेमिमा रोड्रिग्स का विकेट गंवा दिया, जो खाता खोले बिना आउट हुईं।

## सार संक्षेप

### हिन्दुस्तान की बड़ी जीत, तरुणसंघा को पूरे अंक

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में हिंदुस्तान फुटबाल क्लब ने यूनाइटेड भारत एफ सी को 4-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। आज यहां नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गये मुकाबले में विजेता टीम हिन्दुस्तान के लिए किलोंग, प्लेयर ऑफ द मैच होकिप,आशिफ और मिसाओ ने गोल जमाए द्य पराजित टीम का इकलौता गोल ज़हाँन शपोर्जी ने किया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में तरुण संघॉ ने नेशनल यूनाइटेड सपोर्टिंग क्लब को ओलेन सिँह के गोल से परास्त किया आज के मुकाबले में यूनाइटेड भारत ने पहले खाता खोला लेकिन एक बार फार्म मे आने के बाद हिन्दुस्तान ने खेल पर पकड़ बना ली और पाला बदलते ही विजेता टीम के तेवर भी बदल गए।
आशिफ, होकिप, सूरज मेटी ने बेहतर तालमेल के साथ प्रतिद्वन्दवी पर दबाव बनाया और दर्शनीय गोल जमाए। हिंदुस्तान के 17 मैचों में 20 अंक हो गए हैं। अंक तालिका में सबसे नीचे चल रहे यूनाइटेड भारत के बचने के मौके बहुत कम बचे हैं।

### चोटिल पेनफोल्ड श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया सीरीज से हुई बाहर

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की महिला टीम की तेज गेंदबाज मौली पेनफोल्ड घुटने की चोट के कारण श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गई हैं। 23 वर्षीय पेनफोल्ड को इस महीने की शुरुआत में हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड में खेलते समय बाएं घुटने में चोट लगने के बाद उनकी सर्जरी हुई थी। चिकित्सकों के अनुसार उनकी चोट को ठीक होने में 12 सप्ताह तक का समय लग सकता है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि हम सभी मौली के लिए दुखी हैं। यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है कि चोट के कारण वह तीन महीने खेल से दूर रहेंगी। समय पर ठीक होने पर वह हमारे शीतकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए फिट हो सकती है।

## भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलम्पिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में शिरकत करेगा

नई दिल्ली, 20 फरवरी, (एजेंसियां)। इटली के ट्यूरिन में आठ मार्च से शुरु होने वाले स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में भारत का 49 सदस्यीय दल शिरकत करेगा। इटली के ट्यूरिन में आठ से 15 मार्च होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 30 एथलीट और 19 लोगों का सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी छइ खेल स्पर्धाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स के 12वें संस्करण में आठ खेल स्पर्धाएं शामिल हैं और इनमें 102 देशों के 1,500 से अधिक एथलीट 621 अपने कोचों की देखरेख में अपना जौहर दिखाएंगे ।

# धीमी ओवर गति के लिए पाकिस्तान पर जुर्माना

■ **मोहम्मद रिजवान ने अपराध स्वीकार कर लिया**

दुबई, 20 फरवरी (देशबन्धु) पाकिस्तान पर बुधवार को कराची के नेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना मोहम्मद रिजवान की टीम द्वारा समय सीमा के बावजूद निर्धारित गति से एक ओवर कम फेंकने के बाद लगाया गया।

आईसीसी ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान पर बुधवार को आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया



चैम्पियंस ट्रॉफी 2025

है। आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के सदस्य एंडी पाइक्रॉफ्ट ने खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत जुर्माना लगाया। आईसीसी के नियमों के अनुसार, खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा गेंदबाजी नहीं करने पर प्रत्येक ओवर के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। पाकिस्तान के कार्यवाहक कप्तान मोहम्मद रिजवान ने अपराध स्वीकार कर लिया और जुर्माना स्वीकार कर लिया, जिससे औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता समाप्त हो गई। मैदानी अंपायर रिचर्ड केटलबोरो और शारफुद्दौला, तीसरे अंपायर जोएल विल्सन और चौथे अंपायर एलेक्स व्हार्फ ने आरोप लगाया। यह जुर्माना पाकिस्तान के लिए एक और झटका है, जिसे टूर्नामेंट के पहले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 60 रनों से निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा था। मेजबान टीम 281 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करती रही और धीमी शुरुआत के बाद आवश्यक रन रेट को बनाए रखने में विफल रही। इससे पहले, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज फखर जमान चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

# रोहित शर्मा से गिरा आसान सा कैच, अक्षर पटेल की नहीं हो पाई हैट्रिक

दुबई, 20 फरवरी (एजेंसियां)। चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले ही मैच में भारत ने बांग्लादेश के ऊपर शिकंजा कस दिया है। पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी बांग्लादेश की टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और पावरप्ले में ही उनकी आधी टीम पवेलियन लौट गई। मोहम्मद शमी और हर्षित राणा ने भारत को जो शुरुआत दिलाई थी उसे अक्षर पटेल ने आगे बढ़ाया। पारी का नौवां और अपना पहला ओवर लेकर आए अक्षर ने अपने पहले ही ओवर में बांग्लादेश को दो झटके दिए। दूसरी गेंद पर उन्होंने काफी अच्छी लय में दिख रहे सलामी बल्लेबाज तंजिद हसन को पवेलियन का रास्ता दिखाया। उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर गेंद केएल राहुल के दस्तानों में समा गई। इसकी अगली ही गेंद पर अनुभवी बल्लेबाज़ मुशफ़िकुर रहीम को भी इसी तरह अक्षर ने आउट किया। उनकी हैट्रिक पूरी कराने के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने दो स्लिप और लेग स्लिप भी लगा दिए थे।

अक्षर ने गेंद भी ऐसी डाली कि जिस पर नए बल्लेबाज़ ज़ाकेर अली के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर गेंद पहली स्लिप की ओर गई। वहां खड़े रोहित ने आसान सा कैच गिरा दिया जिसकी वजह से अक्षर की हैट्रिक पूरी नहीं हो पाई। अगर रोहित यह कैच पकड़ लेते तो अक्षर चैंपियंस ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले केवल दूसरे गेंदबाज़ बन जाते।

# आज आपस में भिड़ेंगे नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और बेंगलुरू एफसी



**शिलांग,** 20 फरवरी (एजेंसियां)। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी शुक्रवार को शाम 7:30 बजे यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में बेंगलुरू एफसी की मेजबानी करेगी। आईएसएल फिर से मेघालय की राजधानी में वापस आ गया है, जहां इस महीने की शुरुआत में हाईलैंडर्स और मुम्बई सिटी एफसी पहली बार भिड़े थे।

■ **बेंगलुरू एफसी अपने पिछले चार मैचों में जीती नहीं और इस दौरान दो बार हारी**

बेंगलुरू एफसी अपने पिछले चार मैचों में जीती नहीं है और इस दौरान दो बार हारी है। हालांकि, ब्लूज ने कुल 36 गोल किए हैं, जिसमें सुनील छेत्री 11 गोल करके टीम के टॉप स्कोरर हैं। ब्लूज के खिलाफ पिछले पांच मुकाबलों में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी कभी जीती नहीं है। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी अपने दूसरे घरेलू मैदान में पहली बार खेलते हुए अपने पिछले मैच में आइलैंडर्स के हाथों 0-2 से हारी थी और वह घर पर लगातार हार से बचना चाहेगी। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी 21 मैचों में आठ जीत, आठ ड्रा और पांच हार से 32 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि बेंगलुरू एफसी 20 मैचों में नौ जीत, चार ड्रा और सात हार से 31 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है।

**हाईलैंडर्स की ताकतवर फ्रंटलाइन**

**गोल-स्कोरर:** हाईलैंडर्स के 39 गोल आईएसएल 2024-25 में तीसरा सबसे ज्यादा आंकड़ा है। उनके कुल गोल में से 50 फीसदी से ज्यादा गोल अलाएद्दीन अजारेई के हैं।

**तेज-तर्रार जितिन एमएस:** जितिन एमएस (6 गोल और 8 असिस्ट) एक गोल योगदान करते ही नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के लिए 15+ गोल योगदान दर्ज करने वाले चौथे खिलाड़ी बन जाएंगे। उन्होंने इस सीजन में एक गोल किया है और पांच असिस्ट किए हैं।

**ब्लूज की रणनीति**

**क्लीन शीट:** ब्लूज ने इस सीजन में छह क्लीन शीट रखी हैं, जो तीसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है।

**फ्रंटलाइन पर निर्भर:** ब्लूज ने अपने अपेक्षित गोल (एक्सजी) से 13.54 से बेहतर प्रदर्शन किया है, जो आईएसएल 2024-25 में दूसरा सबसे अच्छा अंतर है।

**आमने-सामने**

आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 17 मुकाबले हुए हैं। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने दो बार जीत हासिल की है और बेंगलुरू एफसी ने आठ मैच जीते हैं। सात मैच ड्रा रहे हैं।

**कोच कॉर्नर :** हाईलैंडर्स के स्पेनिश हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से आगामी मैच में एकजुट होकर बचाव करने को कहा। उन्होंने कहा कि पूरी टीम को अच्छे से बचाव करने की जरूरत है क्योंकि हम एक मजबूत टीम के खिलाफ खेलने वाले हैं। उनके सभी खिलाड़ी खतरनाक हैं और हमें इसका ध्यान रखना होगा। ब्लूज के स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा को पिछले महीने बेंगलुरू एफसी के प्रदर्शन पर अफसोस है, लेकिन जमशेदपुर एफसी के खिलाफ पिछले मैच में 3-0 की जीत के बाद उनकी उम्मीद बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जनवरी में हम अच्छा नहीं खेले और हमारे प्रदर्शन में निरंतरता नहीं थी। हालांकि, पिछले मैच में हमने अच्छा खेल दिखाया। हमने क्लीन शीट रखी और प्लेऑफ में पहुंचने के लिए हमें इसी तरह खेलना होगा।

## सुडोकू 6832 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |

SENSEX | BSE 75735.96 ▼ 203.22 | NSE 22913.15 ▼ 19.75 | MCX Gold 85723 ▼ 187 | silver 96820 ▲ 414

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## रुपये में दिखी मजबूती

**नई दिल्ली।** अमेरिकी मुद्रा की मांग और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 19 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.79 पर पहुंच गया. इंटरबैंक फॉरेन करेंसी एक्सचेंज में रुपया 86.88 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती सौदों के बाद डॉलर के मुकाबले 86.79 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की बढ़त को दिखाता है. रुपया मंगलवार को 10 पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.98 पर बंद हुआ था.



## बीमा भुगतान में बड़ा बदलाव, यूपीआई से होगा आसान ट्रांजेक्शन

*__नई दिल्ली।__ बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण ने जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के लिए प्रीमियम भुगतान को आसान बनाने के उद्देश्य से वन-टाइम यूपीआई मैंडेट की सुविधा देने की अनुमति दी है।*




इस नई व्यवस्था के तहत, बीमाधारक अपने बैंक खाते में बीमा प्रीमियम की राशि को पहले से ब्लॉक कर सकेगा, जिसे बीमा- एएसबीए के नाम से जाना जाएगा। इस सुविधा के तहत, बीमाधारकों को प्रीमियम भुगतान के लिए अलग से ट्रांजैक्शन करने की जरूरत नहीं होगी। निर्धारित राशि उनके बैंक खाते में ब्लॉक रहेगी और बीमा पॉलिसी जारी होने के बाद ही यह राशि डेबिट की जाएगी। इससे भुगतान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम होगी, साथ ही संभावित धोखाधड़ी के मामलों में भी कमी आने की संभावना है। इरडा ने सभी बीमा कंपनियों को 1 मार्च 2025 तक भीमा एएसबीए सुविधा शुरू करने का निर्देश दिया है, ताकि ग्राहक इसका लाभ उठा सकें। यह निर्देश 18 फरवरी 2025 को जारी सर्कुलर में दिया गया है, जो 5 सितंबर 2024 के मास्टर सर्कुलर 'प्रोटेक्शन आफ पॉलिसी होल्डर्स इन्ट्रेक्स' से जुड़ा है। इस सुविधा का उद्देश्य बीमा खरीद को आसान और पारदर्शी बनाना है। बीमा नियामक ने कहा है कि प्रीमियम भुगतान को आसान बनाने के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस वन टाइम मैंडेट सुविधा लागू की गई है।

इस सुविधा के तहत ग्राहक अपने बैंक खाते से एक निश्चित राशि को ब्लॉक कर सकते हैं, जिससे भुगतान के लिए पैसा सुरक्षित रहेगा, लेकिन असली भुगतान बाद में होगा। यह सुविधा उन ग्राहकों के लिए फायदेमंद होगी, जो तुरंत पैसा कटवाने के बजाय पहले से मंजूरी देकर भुगतान सुनिश्चित करना चाहते हैं। इससे बीमा प्रीमियम का लेन-देन आसान और सुविधाजनक हो जाएगा। इरडा ने बीमा-एएसबीए सुविधा को अनिवार्य कर दिया है, जो जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर लागू होगी। इस सुविधा के तहत, बीमा खरीदने वाले व्यक्ति के बैंक खाते से प्रीमियम की रकम तभी कटेगी जब उसकी पॉलिसी जारी हो जाएगी। पहले से ही ग्राहक के बैंक खाते में यूपीआई के जरिए तय रकम ब्लॉक हो जाएगी, लेकिन बीमा कंपनी के प्रस्ताव स्वीकार करने के बाद ही यह राशि कटेगी। अगर बीमा कंपनी प्रस्ताव को अस्वीकार कर देती है, तो यह रकम ग्राहक के खाते में वापस आ जाएगी। इरडा के इस नए. नियम से बीमा खरीदने वालों को अधिक सुरक्षा और पारदर्शिता मिलेगी, क्योंकि अब प्रीमियम की राशि तभी कटेगी जब बीमा पॉलिसी मिल जाएगी। बीमा कंपनियों को अपने प्रस्ताव फॉर्म में एक नया ऑप्शन देना होगा, जिसके तहत ग्राहक एक मानक घोषणा के जरिए बीमाकर्ता को अपने बैंक खाते में राशि ब्लॉक करने की अनुमति दे सकते हैं। यह सुविधा यूपीआई के माध्यम से उपलब्ध होगी।

बीमा नियामक द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार, जीवन बीमा और साधारण बीमा परिषदों को इस सर्कुलर की तिथि से एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव फॉर्म में शामिल किए जाने के लिए मानक घोषणा जारी करनी होगी। हालांकि, बीमा-एएसबीए पूरी तरह से ग्राहक की पसंद पर निर्भर करेगा। किसी भी प्रस्ताव को सिर्फ इस आधार पर खारिज नहीं किया जाएगा कि ग्राहक ने बीमा-एएसबीए का विकल्प नहीं चुना है।यह सुविधा पहले से उपलब्ध भुगतान विकल्पों के अतिरिक्त होगी, जो इरडा नियम 2024 के तहत निर्धारित हैं।

## पीएनबी ने लोन पर ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की

*__नई दिल्ली।__ देश के अहम सरकारी बैंक ने होम लोन और व्हीकल लोन समेत रिटेल लोन पर ब्याज दरें घटा दी हैं। दरअसल, पंजाब नेशनल बैंक ने इन लोन पर ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती का ऐलान किया है। पीएनबी ने बयान में कहा, संशोधित दरें होम लोन, कार लोन, एजुकेशन व पर्सनल लोन समेत विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट्स पर लागू होंगी जिससे यह सुनिश्चित होगा कि ग्राहकों को विविध वित्तपोषण विकल्प मिलते रहेंगे।*




पीएनबी ने कहा कि नई दरें 10 फरवरी से प्रभावी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पांच वर्षों के अंतराल के बाद गत सात फरवरी को रेपो दर (वह दर जिस पर बैंक केंद्रीय बैंक से उधार लेते हैं) को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। ब्याज दरों में कटौती के बाद, पीएनबी ने विभिन्न योजनाओं के तहत होम लोन की दर को संशोधित कर 8.15 प्रतिशत कर दिया है। इसमें कहा गया, ''ग्राहक 31 मार्च 2025 तक एडवांस प्रोसेस चार्ज और डॉक्यूमेंटेशन चार्ज की छूट का लाभ उठा सकते हैं। पारंपरिक आवास ऋण योजना में ब्याज दर 8.15 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है तथा मासिक किस्त 744 रुपए प्रति लाख है।''

### अलग-अलग लोन पर क्या होंगी ब्याज दरें

मोटर वाहन लोन के संबंध में इसमें कहा गया कि नई तथा पुरानी दोनों कारों के वित्तपोषण के लिए ब्याज दर 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होती है तथा मासिक किस्त 1,240 रुपए प्रति लाख जितनी कम है। सतत गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए, पीएनबी 8.50 प्रतिशत प्रति वर्ष से शुरू होने वाली ब्याज दर में 0.05 प्रतिशत की रियायत और 1,240 रुपए प्रति लाख की शुरुआती मासिक किस्त की पेशकश कर रहा है। इसमें कहा गया, ग्राहक 120 महीने तक की लंबी पुनर्भुगतान अवधि का लाभ उठा सकते हैं और एक्स-शोरूम कीमत का 100 प्रतिशत वित्तपोषण का आनंद ले सकते हैं। शिक्षा ऋण के मामले में न्यूनतम कार्ड दर घटाकर 7.85 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दी गई है। ग्राहक निर्बाध डिजिटल प्रक्रिया के माध्यम से 20 लाख रुपए तक का व्यक्तिगत ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिससे शाखा में जाने या कागजी कार्रवाई की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।


## 26,000 करोड़ के ट्रेजरी बिल्स की बिक्री रद्द

### कैश क्रंच के बीच आरबीआई का बड़ा फैसला




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को 91 और 182 दिनों के ट्रेजरी बिल्स की नीलामी में कोई बोली स्वीकार नहीं की. यह कदम देश के बैंकिंग सिस्टम में नकदी की कमी (कैश क्रंच) के बीच उठाया गया है. आरबीआई ने एक बयान में कहा कि उसने 26,000 करोड़ करोड़ लगभग 3 बिलियन डॉलर की बिक्री के लिए आई बोलियों को खारिज कर दिया. हालांकि, उसने 7,000 करोड़ के 364-दिनों के ट्रेजरी बिल्स 6.5638 फीसदी की दर पर बेचे. भारत की बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी (नकदी) की स्थिति अभी भी गंभीर रूप से डेफिसिट में है, भले ही आरबीआई ने हाल ही में कैश इंजेक्शन के कदम उठाए हों. लेकिन, ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स के एक इंडेक्स के मुताबिक, बैंकों ने बुधवार तक केंद्रीय बैंक से लगभग 2 लाख करोड़ उधार लिए हैं.पिछले महीने के अंत से, आरबीआई ने तीन ओपन मार्केट ऑपरेशन्स के जरिए सिस्टम में 1 लाख करोड़ जोड़े हैं. इसके अलावा, उसने फॉरेक्स स्वैप के जरिए 5 बिलियन डॉलर के बराबर लिक्विडिटी इंजेक्ट की है और लॉन्ग टर्म के टी-बिल्स का वेरिएबल रेपो ऑक्शन्स भी कर रहा है. वहीं, गुरुवार को टी-बिल्स की बिक्री के नतीजों के बाद, 5-वर्षीय बॉन्ड 6.65 फीसदी पर स्थिर रहा.मई में, आरबीआई ने ट्रेजरी बिल्स के जरिए सरकार के लिए कम उधारी की घोषणा की थी।

## अर्थव्यवस्था की 'ड्राइविंग सीट' पर बने रहेंगे वी अनंत नागेश्वरन



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल बढ़ा दिया है। अब वे 31 मार्च 2027 तक देश की अर्थव्यवस्था की 'ड्राइविंग सीट' पर रहेंगे। इस फैसले की आधिकारिक पुष्टि वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने गुरुवार को की।

**बजट में निभाई थी अहम भूमिका, अब सरकार को मिलेगा उनका और साथ-** यह फैसला ऐसे समय पर आया है जब सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश किया है, जिसमें नागेश्वरन की भूमिका बेहद अहम रही। दरअसल, सरकार चाहती थी कि आर्थिक फैसलों की स्थिरता बनी रहे और नीतियों में किसी तरह का बड़ा बदलाव न हो। यही वजह है कि उनका कार्यकाल दो साल और बढ़ाने का फैसला लिया गया।

## सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों पर जीएसटी दर बढ़ाए जाने का प्रस्ताव!

*__नई दिल्ली।__ भारत में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों पर जीएसटी दर बढ़ाए जाने का प्रस्ताव चर्चा में है। तम्बाकू उत्पादों पर कंपन्सेशन सेस को हटाने के बाद ये बड़ा कदम उठाया जा सकता है। वर्तमान में, सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों पर 28 प्रतिशत जीएसटी के साथ-साथ कंपन्सेशन सेस और अन्य टैक्स लगाए जाते हैं, जिससे इन उत्पादों पर कुल अप्रत्यक्ष कर का बोझ 53 प्रतिशत तक पहुंच जाता है। प्रस्तावित बदलाव में, तम्बाकू उत्पादों पर जीएसटी दर को 40 प्रतिशत तक बढ़ाने और अलग से एक्साइज ड्यूटी वसूलने की संभावना है।*



31 मार्च, 2026 को कंपन्सेशन सेस खत्म हो जाएगा। ऐसे में तंबाकू उत्पादों से जनरेट होने वाले रेवेन्यू को बरकरार रखने के लिए 40 प्रतिशत जीएसटी वसूलने का विचार किया जा रहा है। हालांकि, जीएसटी काउंसिल ही तंबाकू उत्पादों पर 40 प्रतिशत जीएसटी लगाने का अंतिम फैसला लेगा। बताते चलें कि तंबाकू उत्पादों को सिन गुड्स की कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में आने वाले उत्पादों पर कई तरह के टैक्स वसूले जाते हैं, जिनमें जीएसटी के अलावा एक्साइज ड्यूटी, कंपन्सेशन सेस, एनसीसीडी शामिल है। भारत सरकार को तंबाकू उत्पादों से हर साल हजारों करोड़ रुपए का रेवेन्यू प्राप्त होता है। वित्त वर्ष 2022-23 में सरकार ने तंबाकू उत्पादों की होने वाली बिक्री से कुल 72,788 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 66 |
| एक यूरो | 90. 27 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 109 . 69 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55. 46 |
| एक जापानी येन | 0. 57 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 88 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 89100 चांदी -98800

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 89100 चांदी -98800

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लैंड क्रूजर 300 की बुकिंग शुरू की




*__बैंगलोर।__ टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लैंड क्रूजर 300 की बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। यह प्रतिष्ठा, शक्ति और दमदार क्षमता का प्रतीक है। 70 से अधिक वर्षों की विरासत पर बना, लैंड क्रूजर 300 टोयोटा की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता की परम अभिव्यक्ति है। इसे लक्जरी चाहने वालों और ऑफ-रोड उत्साहियो की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।*

बेजोड़ विश्वसनीयता, प्रभावशाली उपस्थिति और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मशहूर, लैंड क्रूजर 300 टोयोटा की वैश्विक श्रृंखला की प्रमुख एसयूवी है। नवीनतम संस्करण में एक क्रांतिकारी नया प्लेटफ़ॉर्म, उन्नत पावरट्रेन, अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाएं और शानदार इंटीरियर शामिल हैं, जो लक्जरी, शक्ति और ऑफ-रोड प्रभुत्व का एक सहज मिश्रण सुनिश्चित करता है । बढ़ी हुई शक्ति और ऑफ-रोड क्षमताओं के साथ प्रदर्शन का एक नया युग- लैंड क्रूजर 300 दो अलग-अलग ग्रेड्स जेडएक्स और जीआर-एस में उपलब्ध है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, लैंड क्रूजर 300 ताकत, परिष्कृतता और ऑफ-रोड कौशल की अंतिम अभिव्यक्ति है। टोयोटा के टीएनजीए-एफ प्लेटफॉर्म पर निर्मित, यह मॉडल एक शक्तिशाली ट्विन-टर्बो वी6 इंजन, अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं और एक शानदार लेकिन मजबूत डिजाइन के साथ बेहतर ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। चाहे कठिन इलाकों पर विजय प्राप्त करनी हो या शहर की सड़कों पर चलना हो, यह एसयूवी आराम, प्रदर्शन और रोमांच का एक बेजोड़ मिश्रण सुनिश्चित करती है।

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने एस्टर 2025 को किया लॉन्च

*__गुरुग्राम।__ जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने आज अपनी श्रेणी में भारत की सबसे उन्नत एसयूवी - एमजी एस्टर का एमवाई 2025 एडिशन लॉन्च किया, जिसमें शाइन और सेलेक्ट वेरिएंट के लिए नए फीचर्स पेश किए गए हैं।*



एस्टर 2025 का शाइन वेरिएंट एक पैनोरमिक सनरूफ और छह स्पीकर के साथ आ रहा है, जिससे ड्राइविंग का अनुभव और भी शानदार हो जाता है। इससे एमजी एस्टर अपने सेगमेंट में 12.5 लाख रुपये से कम कीमत में पैनोरमिक सनरूफ देने वाली एकमात्र एसयूवी बन गई है। सेलेक्ट वेरिएंट में छह एयरबैग और प्रीमियम आइवरी लेदरेट सीट्स को जोड़ा गया है, जो सुरक्षा और आराम को और बढ़ाते हैं। एआई टेक्नोलॉजी से लैस यह भारत की पहली एसयूवी है, जो स्प्रिंट, शाइन, सेलेक्ट, शार्प प्रो और सेवी प्रो वेरिएंट में उपलब्ध होगी, जिसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपये होगी। एमजी एस्टर एमवाई 25 के वेरिएंट में कई रोमांचक फीचर्स* दिए गए हैं - फ्रंट रो में वेंटिलेटेड सीट्स, वायरलेस चार्जर, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कार प्ले, और अतिरिक्त सुरक्षा और सुविधा के लिए ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम, साथ ही एक समग्र ड्राइविंग अनुभव के लिए अपग्रेडेड आई-स्मार्ट 2.0 के साथ एडवांस्ड यूजर इंटरफेस। एमजी एस्टर 2025 को आई-स्मार्ट 2.0 और 80+ कनेक्टेड फीचर्स से लैस किया गया है, जो ड्राइविंग अनुभव को अधिक सुविधाजनक बनाते हैं।

## ईपीएफओ के निवेश नियमों में जल्द हो सकता है बड़ा बदलाव

*__नई दिल्ली।__ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के निवेश के तरीके में जल्द ही बड़ा बदलाव हो सकता है। श्रम और रोजगार मंत्रालय, वित्त मंत्रालय से ईपीएफओ के डेट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने की मंजूरी मांगेगा। यह बदलाव नवंबर 2024 में ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक में मंजूर हुआ था। इस कदम के पीछे मुख्य कारण पब्लिक सेक्टर बॉन्ड्स में कम रिटर्न और उनकी कम सप्लाई बताई जा रही है।*




**यह फैसला क्यों अहम है-** ईपीएफओ द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के बॉन्ड के बजाय कॉर्पोरेट बॉन्ड में अधिक निवेश करने का निर्णय कई कारणों से महत्वपूर्ण है। कॉर्पोरेट बॉन्ड आमतौर पर सरकारी बॉन्ड की तुलना में अधिक रिटर्न देते हैं, जिससे कर्मचारियों की रिटायरमेंट बचत को अधिक फायदा हो सकता है। हालांकि, इनमें जोखिम भी अधिक होता है, क्योंकि इन्हें जारी करने वाली कंपनियों के दिवालिया होने की संभावना रहती है। जोखिम को कम करने के लिए ईपीएफओ को आर्थिक रूप से मजबूत कंपनियों के बॉन्ड में निवेश करना होगा। इस फैसले से निवेश पोर्टफोलियो में विविधता आएगी और संभावित रूप से ईपीएफओ को बेहतर रिटर्न मिल सकता है।

**फैसले की जरूरत क्यों पड़ी-** ईपीएफओ मुख्य रूप से सरकारी कंपनियों के बॉन्ड में निवेश करता था, लेकिन इनसे मिलने वाला रिटर्न कम हो रहा था और पर्याप्त बॉन्ड उपलब्ध नहीं हो पा रहे थे। ऐसे में, उच्च रिटर्न के लिए कॉर्पोरेट बॉन्ड में निवेश करने की योजना बनाई गई है। हालांकि, इनमें जोखिम अधिक होता है, इसलिए निवेश की प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक प्रबंधित करने की जरूरत होगी।

**फैसले को कब मंजूरी मिली-** ईटी की रिपोर्ट के अनुसार, सीबीटी ने इस प्रस्ताव को नवंबर 2024 की बैठक में मंजूरी दी थी। श्रम मंत्री की औपचारिक स्वीकृति के बाद श्रम मंत्रालय इस प्रस्ताव को वित्त मंत्रालय को भेजेगा। ईपीएफओ को निवेश में अधिक लाभ प्राप्त करने और सार्वजनिक क्षेत्र के बॉन्ड की सीमित उपलब्धता से निपटने के लिए यह कदम उठाना पड़ा।

**कर्मचारियों को क्या फायदा होगा-** अगर यह प्रस्ताव मंजूर होता है, तो इससे कॉर्पोरेट बॉन्ड मार्केट को बढ़ावा मिलेगा और ईपीएफओ को बेहतर रिटर्न मिलने की संभावना बढ़ जाएगी। हालांकि, निवेश के साथ जुड़े जोखिमों को देखते हुए, ईपीएफओ को कंपनियों की वित्तीय स्थिति की नियमित निगरानी करनी होगी। इस बदलाव का प्रभाव शेयर बाजार पर भी पड़ सकता है, क्योंकि यह निवेश के तरीकों में एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा और ईपीएफओ के करोड़ों सदस्यों के भविष्य को प्रभावित करेगा।

देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग कॉम्पलेक्स, जबलपुर फोनः 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# रेलवे विभागीय परीक्षा : रिश्वतखोरी मामले में दर्ज हो सकती है एफआईआर

## ⊙ पमरे के भंडार और लेखा विभाग के अधिकारी सकते में

**जबलपुर, देशबन्धु। रेलवे विभागीय परीक्षा में रिश्वतखोरी के मामले में गत दिवस पश्चिम मध्य रेलवे ( पमरे ) में अचानक सीबीआई के छापों से प्रबंधन के साथ अधिकारियों कर्मचारियों में भी हड़कंप का माहौल है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई ने यह छापा भर्ती घोटाले के संबंध में जांच के लिए मारा है।**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामले में पमरे के भंडार और लेखा विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत की जांच की जा रही है। यह संभावना व्यक्त की जा रही हैं कि शीर्ष पदों पर बैठे अधिकारियों के साथ कुछ मझौले अधिकारियों के नाम भी जल्द ही एफआईआर में जुड़ सकते हैं। ज्ञात हो कि कि हाल ही में सीबीआई ने रेलवे भर्ती घोटाला मामले में 4 अधिकारियों पर केस दर्ज किया था जिसमें 5 लाख में अभ्यर्थियों से परीक्षा पास कराने का आरोप था। इस मामले में सीबीआई ने वडोदरा, मुंबई और अन्य जगहों के रेलवे अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इन अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने रेलवे में विभागीय परीक्षा में पास करवाने के बदले उम्मीदवारों से पैसे वसूले। सीबीआई ने अंकुश वासन (वेस्टर्न रेलवे, वडोदरा), संजय कुमार तिवारी (डिप्टी चीफ कमर्शियल मैनेजर, चर्च गेट, वेस्टर्न रेलवे, मुंबई), नीरज सिन्हा (डिप्टी सुपरिटेंडेंट) और मुकेश मीणा समेत कई और अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया। जांच में सामने आया है कि अंकुश वासन ने संजय तिवारी को निर्देश दिया कि वो ऐसे 10 उम्मीदवारों की सूची बनाएं जो पैसे देकर परीक्षा में पास होना चाहते हैं। इसके बाद हर उम्मीदवार से 4-5 लाख रुपए लिए गए।

**यह हैं आरोप-** मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक एवं उप. स्टेशन अधीक्षक रेलवे और निजी व्यक्ति का आरोप है कि आरोपी अधिकारी निजी व्यक्ति और अज्ञात अन्य लोगों के साथ साजिश करके रेलवे विभागीय परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों से आगामी परीक्षा में चयन का वादा करके पैसे इकट्ठा कर रहे थे। यह भी आरोप लगाया गया कि पश्चिम रेलवे के आरोपी मंडल कार्मिक अधिकारी ने आरोपी उप को निर्देशित किया था। पश्चिम रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक को उक्त परीक्षा में चयन के लिए रिश्वत देने के इच्छुक कम से कम 10 उम्मीदवारों की सूची तैयार करनी होगी। कथित तौर पर आरोपी उप. पश्चिम रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक ने बदले में उससे संपर्क किया। वडोदरा के स्टेशन अधीक्षक; और निजी व्यक्ति ऐसे उम्मीदवारों से संपर्क करेगा और उनसे रिश्वत लेगा। यह भी आरोप लगाया गया कि उप. पश्चिम रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक ने वडोदरा के एक जौहरी से बिना कोई इनवॉइस बनाए नकदी के बदले करीब 400 ग्राम सोना खरीदने के लिए संपर्क किया था। आगे यह आरोप लगाया गया कि उप. पश्चिम रेलवे के मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक आनंद गये; निजी व्यक्ति से मुलाकात की और उससे नकदी एकत्र की। जांच के दौरान, यह भी पता चला है कि एक नर्सिंग अधीक्षक। पश्चिम रेलवे में उसे रोका गया और उसके पास 650 ग्राम सोना पाया गया, जो उसने जौहरी से लगभग 57 लाख रुपये (लगभग) के भुगतान के बाद प्राप्त किया था और उक्त सोना पश्चिम रेलवे, वडोदरा के आरोपी वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी (आईआरपीएस- 2018) को दिया जाना था।

### अब तक 6 गिरफ्तार

सीबीआई ने अब तक रेलवे विभागीय परीक्षा में रिश्वतखोरी से संबंधित मामले में दो आईआरपीएस अधिकारी सहित 5 रेलवे अधिकारियों और एक निजी व्यक्ति सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी तलाशी के दौरान 650 ग्राम सोना और करीब 5 लाख रुपये नकद बरामद किए है। इन पर पश्चिम रेलवे की सीमित विभागीय परीक्षा में उम्मीदवारों को फायदा पहुंचाने के लिए भारी रिश्वत वसूलने का आरोप है। पश्चिम रेलवे की सीमित रेलवे विभागीय परीक्षा में उम्मीदवारों को फायदा पहुंचाने के लिए भारी रिश्वत वसूलने के आरोप से संबंधित एक मामले में एक नर्सिंग अधीक्षक, मंडल रेलवे अस्पताल, साबरमती (अहमदाबाद) और एक निजी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वडोदरा, गुजरात सहित 11 स्थानों पर आरोपी व्यक्तियों के आवासीय और आधिकारिक परिसरों की तलाशी ली गई, जिसमें 650 ग्राम की सोने की ईंट एवं करीब 5 लाख नकद रुपये बरामद हुए। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और आपत्तिजनक दस्तावेज़ आदि भी जब्त किए गए हैं।

**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 84
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 104
छोटा ब्रॉयलर - रु. 116
मो.- 9039925999

**J.B.F.A**
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 120
मुर्गा मीडियम - रु. 108
मुर्गा बड़ा - रु. 88
मुर्गा जम्बो - रु. 88
मो.-9039925000, 9425800409







